Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follow us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-48 | लखनऊ, शनिवार, 6 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )


### इंडो-रूस बिजनेस फोरम में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने आर्थिक साझेदारी को नई दिशा देने पर दिया जोर

# भरोसा ही भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत और रूस के बीच 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य 2030 से पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मोदी ने रूसी कंपनियों को न्योता देते हुए कहा, आइए और भारत में बनाइए... भारत के साथ साझेदारी कीजिए। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पिछले साल राष्ट्रपति पुतिन और उन्होंने 2030 तक 100 अरब डॉलर के आपसी व्यापार का लक्ष्य तय किया था। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पुतिन के साथ आगे बातचीत के बाद तथा हमारी साझेदारी में जबरदस्त संभावनाओं को देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि हम यह लक्ष्य तय समय से काफी पहले हासिल कर लेंगे। हम इस लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

**भारत-रूस 2030 से पहले 100 अरब डॉलर का हासिल कर लेंगे व्यापार लक्ष्य : मोदी**

**मोदी ने रूसी कंपनियों को दिया न्योता, आइए और भारत के साथ साझेदारी कीजिए**

मोदी ने कहा कि कारोबार के लिए सरल और भरोसेमंद व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं तथा भारत और यूरेशियाई आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चाहे कारोबार हो या कूटनीति, किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास होती है। उन्होंने कहा, भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत यही विश्वास है। यही विश्वास हमारी साझा कोशिशों को दिशा देता है और गति भी प्रदान करता है।

यही वह बिंदु है, जो नई ख्वाहिशों और सपनों की उड़ान के लिए प्रेरणा देता है। मोदी ने बताया कि भारत सस्ते और कुशल इलेक्ट्रिक वाहनों, दोपहिया वाहनों तथा सीएनजी परिवहन समाधानों में अग्रणी है, जबकि रूस उन्नत सामग्रियों का बड़ा उत्पादक है। ईवी विनिर्माण, ऑटोमोटिव कलपुर्जा और गतिशीलता तकनीकों में साझेदारी करके दोनों देश न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतें पूरी कर सकते हैं, बल्कि 'वैश्विक दक्षिण' के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी कंपनियां भारत से विभिन्न तरह के सामान और सेवाओं की खरीद बढ़ाने को तैयार हैं।



### भारत-रूस के बीच अहम समझौते

- **ऊर्जा सहयोग** : रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा।
- **उद्योगिक साझेदारी** : भारतीय कंपनियों ने रूस की यूरालकेम के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया।
- **फूड सेफ्टी** : भारत की एफएसएसएआई और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए।
- **स्वास्थ्य सेवा सहयोग** : मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **समुद्री लॉजिस्टिक्स** : बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत-रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- **माइग्रेशन और मोबिलिटी** : दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए।

### रूस-यूक्रेन संकट पर पुतिन से बोले प्रधानमंत्री

## तटस्थ नहीं बल्कि शांति के पक्ष में है भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के नवीनतम प्रयासों का शुक्रवार को पुरजोर समर्थन किया और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह संदेश दिया कि भारत इस संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के लिए सभी शांति प्रयासों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। यूक्रेन मुद्दा दोनों नेताओं के वार्षिक शिखर वार्ता में केंद्रीय रूप से उभरा है। इस शिखर वार्ता का उद्देश्य लगभग आठ दशक से जारी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाना है, जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल और तनावों के बावजूद स्थिर बनी रही है। मोदी ने शिखर वार्ता के दौरान अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ नहीं है, बल्कि इसे करने के लिए शांति का पक्षधर है। मोदी ने कहा, यूक्रेन संघर्ष के शुरू होने के बाद से हम चर्चा करते रहे हैं। एक करीबी मित्र के रूप में, आप हमें स्थिति के बारे में नियमित रूप से सूचित करते आए हैं। मुझे लगता है कि विश्वास एक बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, हम सभी को शांति का मार्ग तलाशना चाहिए। मैं नवीनतम प्रयासों से अवगत हूं और मुझे विश्वास है कि दुनिया शांति की ओर रुख करेगी।

**मोदी ने युद्ध खत्म करने के प्रयासों का समर्थन किया**

## समझौते पर जल्द हस्ताक्षर के पक्ष में पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं यूरेशियाई आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच तरजीही व्यापार समझौते पर जल्दी हस्ताक्षर होने से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के प्रवाह में बाधाएं कम करने में मदद मिलेगी। भारत और ईएईयू ने पिछले सप्ताह इस मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पहले दौर की बातचीत की थी। ईएईयू के पांच सदस्य देशों- रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान एवं किर्गिजस्तान के साथ भारत ने 20 अगस्त को समझौते के लिए नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप दिया था। भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए पुतिन ने यहां भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच 100 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों के कारोबारी समुदायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। फिलहाल दोनों देशों के बीच व्यापार का आकार लगभग 70 अरब डॉलर है।

**भारत-ईएईयू के बीच तरजीही व्यापार समझौते पर बोले पुतिन**



## आवास और गाड़ी खरीदना होगा सस्ता

एजेंसी। मुंबई



आरबीआई ने शुक्रवार को नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। इससे घर, वाहन और अन्य कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों में एक लाख करोड़ रुपये की नकदी डालने की भी घोषणा की। इससे अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सुरक्षित रखने और रुपये की कीमत में आई गिरावट से निपटने में मदद मिलेगी। आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया।

यह फरवरी 2025 के बाद से चौथी कटौती है और अब तक कुल 1.25 प्रतिशत कटौती हो चुकी है। रेपो दर में छह महीने के अंतराल के बाद की गई इस कटौती से आवास, वाहन और अन्य उपभोक्ता ऋणों के सस्ते होने का रास्ता खुल गया है। दरअसल रेपो दर में कटौती का सीधा असर बैंकों की उधारी लागत पर होता है। बैंकों को अब केंद्रीय बैंक से सस्ते में उधार मिलेगा लिहाजा वे एमसीएलआर और अन्य ऋण दरों में कमी कर सकेंगे। इससे घर, वाहन और व्यावसायिक ऋणों की मासिक किस्तें घटेंगी। रेपो दर में इस कटौती से आरबीआई ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 90 के भी पार चले जाने से जुड़ी आशंकाएं दरकिनार करने की कोशिश की है। इस साल डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में पांच प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जो एशिया की सभी मुद्राओं के बीच सबसे खराब प्रदर्शन है।

## 'स्पीड, स्टेबिलिटी और सपोर्ट' से और तेज होगा यूपी का औद्योगिक विकास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में विदेशी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि 'स्पीड, स्टेबिलिटी और सपोर्ट' यही नए उत्तर प्रदेश की पहचान होनी चाहिए।



बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितंबर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य का कुल संचयी विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि चालू अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तेज वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एफडीआई-एफसीआई-फॉर्च्यून 500 नीति-2023 के तहत अब तक 11 निवेश आवेदकों ने 13,610 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा 22 आवेदनों के माध्यम से 17,810 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े 29 आवेदन पाइपलाइन में हैं। यह भी बताया गया कि जापान, अमेरिका, बेल्जियम, युनाइटेड किंगडम, पोलैंड और सिंगापुर उत्तर प्रदेश के प्रमुख निवेश साझेदार बने हुए हैं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, जर्मनी, फ्रांस, सिंगापुर और खाड़ी देशों के लिए बनाए गए विदेशी देश डेस्क लगातार सक्रिय हैं। दूतावासों, उच्चायोगों और व्यापार संघों से निरंतर संवाद चल रहा है। निवेशकों के साथ 100 से अधिक वन-टू-वन बैठकें हो चुकी हैं। जापान व्यापार संगठन और सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य मंडल के साथ होने वाले समझौते भी निवेश के ठोस अवसरों में बदले जा रहे हैं।

### जल्द लॉच होगा ओडीओपी 2.0

मुख्यमंत्री योग ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद- एक उत्पाद योजना' अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोजगार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

**इंडिगो संकट** डीजीसीए ने लिया यू-टर्न

## क्रू के 'साप्ताहिक विश्राम' से जुड़े निर्देश लिए वापस



एजेंसी। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के राष्ट्रीय राजधानी से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानों सहित करीब 500 उड़ानें रद्द करने से देश भर में हजारों यात्री कई घंटों तक फंसे रहे और हवाई यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी पटरी से उतरी नजर आई। इंडिगो के पायलटों के उड़ान-समय के लिए नए नियमों की योजना बनाने में विफल रहने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। लोगों का गुस्सा बढ़ने और विपक्षी दलों के सरकार को घेरने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने हस्तक्षेप करते हुए इंडिगो के पायलटों के लिए रात्रि ड्यूटी के कड़े नियमों से अस्थायी छूट दे दी।

**इंडिगो की सेवाओं में व्यवधान से हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी**

इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। साथ ही सप्ताह में केवल दो बार रात में लैंडिंग की अनुमति दी गई है, जो पहले छह हुआ करती थी। इंडिगो ने इन व्यवधानों के लिए गलत फैसलों और योजनागत कमियों को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली हवाई अड्डे ने घोषणा की कि शुक्रवार को इंडिगो की करीब 235 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। चेन्नई हवाई अड्डे ने भी प्रमुख महानगरीय गंतव्यों के लिए सभी उड़ानें शाम छह बजे तक रोक दी हैं। इंडिगो ने मुंबई में 104, बेंगलुरु में 102 और हैदराबाद में 92 उड़ानें रद्द की गईं।

### इंडिगो की 400 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयरलाइन पायलटों की मासिक कार्य सूची से जुड़ी समस्याओं के कारण देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का परिचालन पूरी तरह चरमरा गया है। शुक्रवार को 400 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई यात्री हवाई अड्डों पर तीन दिनों तक फंसे हुए हैं। पायलटों के लिए मासिक कार्य सूची (रोस्टरिंग) का अर्थ है पायलटों को सरकारी नियमों (एफडीटीएल) के अनुसार ड्यूटी, आराम और साप्ताहिक विश्राम आवंटित करने की समय-सारणी बनाना। हवाई अड्डों पर अराजकता का माहौल दिखा। इंडिगो की कई उड़ानें 12 घंटे से अधिक देरी से चलीं, यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया और सामान खोने की शिकायतें भी सामने आईं। पायलटों की कमी और योजनागत खामियों के कारण इंडिगो की उड़ानों में यह व्यवधान आज चौथे दिन भी है और अधिकारी स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं।

### बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर पूरे उत्तर प्रदेश में अलर्ट

# अयोध्या-मथुरा में बढ़ाई गई सतर्कता और सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या/मथुरा

बाबरी मस्जिद विध्वंस (छह दिसंबर, 1992) की बरसी से पहले भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या, श्री कृष्ण जन्म भूमि मथुरा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या और मथुरा के साथ वाराणसी, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, कानपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख जिलों में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

**होटल, ढाबे, अतिथि गृह और धर्मशालाओं की हो रही जांच**

पुलिस के अनुसार, अयोध्या में चार दिसंबर से ही सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। राम मंदिर के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद विवादित स्थल पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। हाल में धर्म ध्वजा की स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है, ऐसे में छह दिसंबर को सुरक्षा एजेंसियां अत्यंत सतर्क हैं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिले के सभी थानों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चार दिसंबर से अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है और छह दिसंबर तक सुरक्षा घेरा और कड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एसएसपी ने कहा कि होटल, ढाबे, अतिथि गृह और धर्मशालाओं की लगातार जांच की जा रही है, और शहर के प्रवेश द्वारों पर वाहनों की भी निगरानी की जा रही है। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने बताया कि छह दिसंबर को लेकर अयोध्या क्षेत्र में पैदल गश्त की जा रही है। पुलिसकर्मियों को राम मंदिर मार्ग और संवेदनशील स्थानों पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमिझशाही ईदगाह परिसर एक संवेदनशील स्थल है।

आगरा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शैलेश कुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद, पांडेय ने निवासियों को आश्वस्त करने के लिए गोविंद नगर और कोतवाली के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।



### पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि शहर को जोन और सेक्टर में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन की निगरानी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी करेंगे। बाहरी जिलों से अतिरिक्त बल, पीएसी, आरएएफ और अन्य विशेष इकाइयां तैनात की गई हैं। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी व्यक्ति या संगठन को ऐसी कोई भी नयी गतिविधि शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिससे शांति भंग होने का खतरा हो। धार्मिक स्थलों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में खुफिया इकाइयां सक्रिय हैं और शांति भंग करने वाले संदिग्धों को हिरासत में लिया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



ब्रांड यूपी की पहचान बनने के बाद अब लॉन्च होगा ओडीओपी 2.0

# ओडीओपी योजना को विस्तार देना समय की मांग: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद- एक उत्पाद योजना' अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें।



शुक्रवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। उन्होंने कहा कि हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ओडीओपी' और 'ओडीओसी' मिलकर उत्तर प्रदेश को 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में नई गति देंगे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज उत्तर प्रदेश के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है। अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं, 06 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण हो चुका है और 08 हजार से अधिक उद्यमियों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता दी गई है।

प्रदेश में तीस साझा सुविधा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और 44 ओडीओपी उत्पादों को अब तक जियो टैग प्राप्त हो चुके हैं। ओडीओपी उत्पाद आज प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं और राज्य के कुल निर्यात में इनका योगदान पचास प्रतिशत से अधिक है। ओडीओपी को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने ओडीओपी 2.0 को लेकर कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊँचाई देने का सशक्त माध्यम बने। उन्होंने कहा कि अब उन इकाइयों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य किया है, ताकि वे अपने व्यवसाय का और विस्तार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं को इस तरह आगे बढ़ाया जाए कि तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता और बाजार सहित चारों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश के उत्पाद सशक्त रूप में स्थापित हों।

बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉमन फैसिलिटी सेंटरों के साथ विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि छोटे उद्यमियों को तकनीकी परामर्श, डिज़ाइन, पैकेजिंग और उत्पादन से जुड़ा पूरा सहयोग एक ही स्थान पर सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ओडीओपी उत्पादों को केवल पारंपरिक बाजारों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित हो रहे यूनिटी मॉल में ओडीओपी के समर्पित केंद्र बनाए जाएं। साथ ही सभी प्रतिष्ठित रीटेल नेटवर्क के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां उत्तर प्रदेश के उत्पाद प्रमुख रूप से प्रदर्शित हों। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान को और सुदृढ़ करने के लिए उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से प्रमाणन और ब्रांड मूल्य प्रदान किया जाएगा, जिससे वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के उत्पाद विशिष्ट पहचान बना सकें।

## पडरौना: 12 से दौड़ेगी नई छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि पडरौना पहले से ही गोरखपुर जंक्शन और थावे जंक्शन के माध्यम से राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, जहां वर्तमान में 4 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस तथा 4 जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ियां संचालित हो रही हैं, जो दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, मथुरा, जयपुर, अजमेर, अहमदाबाद और पटना जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ती हैं। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए 12 दिसंबर से 15135/36 छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस का पडरौना में ठहराव शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए गोरखपुरझ्वाल्मिकीनगर दोहरीकरण (96 किमी) और छितौनी-तमकुही रोड नई रेल लाइन (63 किमी) जैसी बड़ी परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं।

### यूपी में रेलवे विकास को नई गति

रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सभा में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2025-26 के दौरान भारतीय रेल पर कुल 2,617 किलोमीटर लंबाई की 21 मीटर गेज से ब्रॉड गेज रूपांतरण परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 19,485 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, क्षेत्रीय संपर्क और जिला मुख्यालयों को महानगरों से जोड़ने के उद्देश्य से 755 किलोमीटर लंबाई की 18 अतिरिक्त ब्रॉड गेज परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिनकी लागत 8,273 करोड़ है। इन परियोजनाओं से देशभर में रेल संपर्क, यात्री सुविधा और माल ढुलाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सभा में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2025-26 के दौरान भारतीय रेल पर कुल 2,617 किलोमीटर लंबाई की 21 मीटर गेज से ब्रॉड गेज रूपांतरण परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 19,485 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, क्षेत्रीय संपर्क और जिला मुख्यालयों को महानगरों से जोड़ने के उद्देश्य से 755 किलोमीटर लंबाई की 18 अतिरिक्त ब्रॉड गेज परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिनकी लागत 8,273 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं से देशभर में रेल संपर्क, यात्री सुविधा और माल ढुलाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यूपी में रेलवे अवसंरचना विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। वर्ष 2009-14 में जहां औसतन 1,109 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का बजट आवंटन था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 19,858 करोड़ तक पहुंच गया है, जो लगभग 18 गुना वृद्धि को दर्शाता है। नए रेलपथ निर्माण की गति भी दोगुने से अधिक हो गई है—2009-14 में जहां 996 किमी रेललाइन (199 किमी प्रतिवर्ष) कमीशन हुई थी, वहीं 2014-25 के दौरान 5,272 किमी रेललाइन (औसतन 479 किमी प्रतिवर्ष) कमीशन की गई।



लखनऊ प्राणि उद्यान में फुर्सत के क्षणों में कुछ इस अंदाज में जोर आजमाइश करता टाइगर फोटो-बलराम

## एसआईआर का आंकड़ा प्रकाशित करे बीएलओ पर जानलेवा दबाव न डाला जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अब तक हुए काम को प्रकाशित करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर 'जानलेवा दबाव' न डाला जाए।



यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मांग की कि राज्य में एसआईआर का जितना भी काम हुआ है, उसका आंकड़ा प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा, "बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए।'' यादव ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी-साथी पिछले दरवाज़े से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होंगे।

सपा प्रमुख ने मांग की, "इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।''

## अत्याधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर सुदृढ़ सुशासन दे रही सरकार

- त्रिनेत्र 2.0 और स्मार्ट मॉनिटरिंग से कानून व्यवस्था हुई मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सुशासन के अपने मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तेजी से उन्नत तकनीकों को माध्यम बना रही है। कानून व्यवस्था को मजबूत करने और न्याय प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सरकारी तंत्र में डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधानों का दायरा लगातार विस्तृत और समृद्ध हो रहा है। इसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण से लेकर न्याय की प्रक्रिया तक की दक्षता में वृद्धि करना है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान कहा भी था कि ''अब प्रदेश में अपराधी के बचने का कोई रास्ता नहीं बचेगा। फोरेंसिक जांच अपराध की कड़ी को मिनटों में उजागर कर देगी और हर गंभीर मामले में वैज्ञानिक साक्ष्य निर्णायक भूमिका निभाएंगे''।

राज्य पुलिस प्रणाली को स्मार्ट तथा अधिक सक्षम बनाने के लिए सरकार ने त्रिनेत्र 2.0 के रूप में एक नया उन्नत डिजिटल डेटाबेस तैयार किया है। यह एक एआई एन्हांस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित और व्यवस्थित किया जाता है। यह सिस्टम अपराधियों की पहचान और उनके इतिहास को समझने के काम को त्वरित और सटीक बनाता है। त्रिनेत्र फेशियल रिकग्निशन वॉइस आइडेंटिफिकेशन और टेक्स्ट बेस्ड क्वेरी जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिलती है। इससे क्राइम के जांच की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जुलाई 2023 से प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन त्रिनेत्र प्रारम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत महत्वपूर्ण चौराहों, संवेदनशील स्थानों, हॉटस्पॉट, बैंक, स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, मोबाइल टॉवर, पेट्रोल पम्प, ढाबा आदि स्थानों पर नागरिक स्वयंसेवी सस्थाओं के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी थी और 2025 की शुरुआत तक ही तक प्रदेश के समस्त थानों में चिन्हित स्थलों पर 11,07,782 सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कर दिया गया है। और इसी का परिणाम है कि 2025 की शुरुआत तक ही त्रिनेत्र के माध्यम से डकैती, लूट सहित अन्य गम्भीर कुल 5,718 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। जेल प्रशासन को स्मार्ट बनाने की दिशा में भी योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य की जेलों में एआई पावर्ड वीडियो एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लागू किया गया है जो बंदियों की गतिविधियों पर रियल टाइम नजर रखने में सक्षम है। इसके माध्यम से किसी भी संदिग्ध हरकत या संभावित जोखिम की पहचान तुरंत हो जाती है जिससे जेल सुरक्षा में प्रभावी सुधार आया है। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न जेलों की स्थिति को रियल टाइम में मॉनिटर कर सकते हैं और आवश्यक निर्देश तत्काल जारी कर सकते हैं। गोरखपुर में फोरेंसिक साइंस लैब के उन्नयन के बाद जांच एजेंसियों की वैज्ञानिक जांच क्षमता में भी उल्लेखनीय विकास हुआ है। अत्याधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित विशेषज्ञों से लैस इस लैब ने अपराध जांच की गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि आधुनिक फोरेंसिक तकनीकें अपराधों की सटीक और वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित करती हैं और यही कारण है कि प्रदेश भर में फोरेंसिक और इन्वेस्टिगेटिव क्षमताओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन सभी पहल का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में सुशासन की ऐसी प्रणाली विकसित करना है, जिसमें पारदर्शिता दक्षता और तकनीकी सशक्तिकरण केंद्र बिंदु में हो। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की यह रणनीति प्रदेश को एक सुरक्षित कानून आधारित और तकनीक संचालित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## पूर्वांचल की बदली तस्वीर, धार्मिक-क्लस्टर से औद्योगिक-क्लस्टर का सफर

### 15,000 से अधिक लोगों को रोजगार का आधार, वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में योगदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्वांचल में विकास और समृद्धि का जो अभियान शुरू हुआ था, अब वह जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। वाराणसी और आसपास के जिलों में धार्मिक-पर्यटन के साथ-साथ औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में भी तेज प्रगति हो रही है।

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में पूर्वांचल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। 2017 से पहले पूर्वांचल को माफियाओं और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था लेकिन मुख्यमंत्री योगी की नीतियों ने इसे विकास का रोल मॉडल बना दिया है। पूर्वांचल आजादी के बाद से ही विकास के मामले में उपेक्षित रहा है। 2017 में उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने पूर्वांचल में विकास के लिए व्यापक रणनीति बनाई। प्रदेश सरकार के अनुसार वर्तमान समय में वाराणसी में 48 चालू परियोजनाएं क्रियान्वित हैं। इसमें से 1,180.95 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इन परियोजनाओं से 3,472 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। आगे 48 नई औद्योगिक परियोजनाएं और स्वीकृत की गई हैं जिनमें 5,702.18 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से 12,110 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इस प्रकार कुल मिलाकर 15 हजार से अधिक रोजगार बनने का आधार तैयार हो चुका है। वाराणसी और पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गति तेज हो गई है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वाराणसी एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर के चौधरी ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

इसमें निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नीतियों और सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रदेश सरकार वाराणसी और पूर्वांचल क्षेत्र को देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग और उद्योगपति सरकार के प्रयासों से प्रसन्न हैं। औद्योगिक विकास में रोड, ट्रेन और एयर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिल रहा है। वाराणसी और पूर्वांचल के जिलों में उद्योग, लॉजिस्टिक्स और भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। औद्योगिक इकाइयों, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र-उद्योग, घरेलू उत्पादों और हस्तकला आधारित इकाइयों को बढ़ावा दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को भूमि, विद्युत, परिवहन और अनुमति प्रक्रियाओं में सरलता देने से निवेशकों का झुकाव पूर्वांचल की ओर बढ़ा है। भंडारण और परिवहन सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय कृषि-उत्पाद, दूध, सब्जियां, अनाज और फल अब क्षेत्रीय बाजारों के साथ-साथ बड़े शहरों तक पहुंच पा रहे हैं। अकेले वाराणसी में 2017 से अब तक, 35,705.07 लाख रुपये की 79 परियोजनाओं के माध्यम से विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

## यूपी के शहरों का भविष्य समग्र और समन्वित प्रयास से तय होगा

**लखनऊ।** जनाग्रह द्वारा लखनऊ मे शहरों विकास पर पहली बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार, शिक्षा, सामाजिक विशेषज्ञ और नीतिकारों ने प्रतिभाग किया था। यह बैठक उत्तर प्रदेश में शहरी परिवर्तन का एजेंडा तैयार करने के लिए की जाने वाली चर्चाओं की शुरुआत है। इस परिचर्चा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण को एक योजनाबद्ध तरीके से आगे ले जाने के लिए सही कदम तय करना था। अनुमान है कि वर्ष 2036 तक यूपी के शहरों की आबादी लगभग 6.7 करोड़ होगी। परिचर्चा में लोगों ने जाना कि यूपी के शहरों में क्या बड़ी समस्याएँ हैं। फिर उन्होंने आसान और कारगर उपाय सुझाए। आख़िर में उन्होंने शहरों के विकास के लिए मुख्य कामों की सूची बनाई गई।

## ग्राहकों की संतुष्टि ही प्राथमिकता : मनोज अग्रवाल

### भरोसे का नाम एसएम मोबाइल

लखनऊ। तेजी से बदलती मोबाइल तकनीक के दौर में, एसएम मोबाइल ने अपनी विश्वसनीय सेवा और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के दम पर तेलीबाग क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। मोबाइल फ़ोन, एक्सेसरीज़ और रिपेयर सेवाओं के लिए यह दुकान अब स्थानीय लोगों की पहली पसंद बनती जा रही है। इस सफलता के पीछे दुकान के मालिक मनोज अग्रवाल, जिनकी मेहनत और ईमानदार सेवा ने ग्राहकों का गहरा विश्वास जीत लिया है।



मनोज अग्रवाल ने एसएम मोबाइल की शुरुआत इस सोच के साथ की थी कि हर ग्राहक को सही उत्पाद और उचित मार्गदर्शन उचित कीमत पर उपलब्ध कराया जाए। समय के साथ-साथ उन्होंने दुकान को ऐसा स्थान बनाया है जहाँ ग्राहक न सिर्फ विकल्पों की तुलना कर सकते हैं बल्कि बिना किसी दबाव के खुलकर सलाह भी ले सकते हैं।

ग्राहक संतुष्टि हमारे लिए सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण है, मनोज अग्रवाल कहते हैं-चाहे कोई बजट स्मार्टफोन ले, कोई ब्रांडेड एक्सेसरी या फिर त्वरित रिपेयर सर्विस—हम कोशिश करते हैं कि हर ग्राहक संतुष्ट होकर जाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एसएम मोबाइल की पहचान सिर्फ उत्पादों की व्यापक रेंज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी पारदर्शी कीमतें और तेज़ सेवा इसे विशेष बनाती हैं।

कई ग्राहक इसे ऐसा स्थान बताते हैं जहाँ उन्हें सम्मान और भरोसा महसूस होता है। मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में दुकान लगातार प्रगति कर रही है। आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाते हुए, दुकान में नए मॉडल्स और सेवाओं को जोड़ा जा रहा है ताकि ग्राहकों को हमेशा नवीनतम विकल्प उपलब्ध हो सकें। लखनऊ जैसे शहर में जहाँ छोटे व्यवसाय स्थानीय विकास की रीढ़ होते हैं, एसएम मोबाइल इस बात का उदाहरण है।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मेरा सही नाम शैलेश सिंह (SHAILESH SINGH) है जो मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है लेकिन त्रुटिवश मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम शैलेश कुमार पुत्र बिरजू राम दर्ज है, जो गलत है शैलेश सिंह व शैलेश कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है, अतः मेरा सही नाम शैलेश सिंह (SHAILESH SINGH) पुत्र बिरजू राम सिंह (BIRJU RAM SINGH) निवासी 92 ई/14 चक लाल मोहम्मद, रेलवे स्टेशन नैनी प्रयागराज दर्ज कर जाना व पहचाना जाए।

# 2047 तक स्वच्छता का पर्याय बनेगा उत्तर प्रदेश

## योगी आदित्यनाथ की सरकार बना रही रोडमैप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार राज्य की आबोहवा को वर्ष भर शुद्ध रखने के लिए मास्टर प्लान पर काम कर रही है। इसके अंतर्गत वर्ष 2047 तक राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सालभर एक्यूआई 'गुड' श्रेणी में रखने को लेकर कार्ययोजना पर काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि यूपी के नगरीय क्षेत्र भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक रहने योग्य, निवेश के लिए आकर्षक तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित बनें। योगी सरकार मानती है कि स्वच्छ वायु, स्वच्छ सड़कें तथा हरित आवरण युक्त अवसंरचना विकास राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का आधार बनते हैं। ऐसे में, उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरणीय दृष्टि से उन्नत राज्य बनाने के लिए व्यापक रोडमैप पर काम हो रहा है विजन 2047 के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ की सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश सभी नगरीय क्षेत्रों का औसत एक्यूआई वर्ष भर 'गुड' श्रेणी में बना रहे। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खराब वायु गुणवत्ता सीधे नागरिकों के श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है तथा बीमारियों का बोझ बढ़ाती है। स्वच्छ आबोहवा से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा, अस्पतालों पर दबाव घटेगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी। यह भी एक तथ्य है कि निवेशक उन नगरीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हैं जहां वायु गुणवत्ता लगातार बेहतर रहती है, इसलिए प्रदेश सरकार एक व्यापक रोडमैप के निर्माण के जरिए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार कर रही है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

**सी एंड डी कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण पर कड़ाई:** निर्माण तथा ध्वस्तीकरण कचरा जिसे सी एंड डी वेस्ट (कंस्ट्रक्शन एंड डिस्ट्रक्शन वेस्ट भी कहा जाता है) अक्सर शहरों में धूल व अव्यवस्था बढ़ाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार द्वारा नगर स्तरीय कलेक्शन और रीसाइक्लिंग नेटवर्क स्थापित किए जा रहे हैं। निर्माण स्थलों पर ऑन-साइट डस्ट कंट्रोल उपाय न केवल अनिवार्य होंगे बल्कि पर्यावरण समावेशी मानकों का भी कड़ाई से पालन करना होगा वरना जुर्माने की कार्रवाई भी हो सकेगी। यह प्रणाली न केवल धूल प्रदूषण को कम करेगी बल्कि कचरे का पुनर्चक्रण बढ़ाकर निर्माण क्षेत्र को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाएगी। इससे शहरों की स्वच्छता तथा संसाधनों के संरक्षण दोनों में सुधार होगा। योगी आदित्यनाथ की सरकार शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण को 33 प्रतिशत तक बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। इसके तहत मियावाकी वन, ग्रीनरी बफर जोन तथा हरित पट्टियां विकसित की जाएंगी। हरित क्षेत्रों में वृद्धि से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों का तापमान नियंत्रित रहेगा, कार्बन अवशोषण बढ़ेगा तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में सहायता मिलेगी।

### डस्ट-फ्री कॉरिडोर के विकास पर जोर

प्रदूषण में सड़कों पर उड़ने वाली धूल बड़ी चुनौती बनती है। ऐसे में, सड़कों का वैश्विक मानकों अनुरूप प्रॉपर कैरियेज-वे व पेवमेंट निर्धारण के जरिए इस समस्या को दूर करने की कोशिश की जाएगी। यही कारण है कि प्रदेश सरकार शहरी सड़कों को 100 प्रतिशत स्थायी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रमुख एवं आवासीय सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इतना ही नहीं, योजना के अनुसार हाई-ट्रैफिक कॉरिडोर पर डस्ट-फ्री मार्ग विकसित किए जाएंगे जिससे धूल के कण हवा में न फैलें। इससे न केवल वायु प्रदूषण कम होगा बल्कि धूल के कारण होने वाली दुर्घटनाएं भी घटेंगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित होगा।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा सं0-656 का भाग स्थित-ग्राम-शुकलाई, परगना व तहसील नवाबगंज, बाराबंकी की स्वामित्व श्रृंखला का मूल विक्रय विलेख जो श्रीमती मायावती उर्फ मायादेवी द्वारा श्रीमती सुमन कुमारी के पक्ष में निष्पादित है जो कार्यालय उपनिबंधक कार्यालय सदर बाराबंकी में बही 1 जिल्द 12072 पृष्ठ 01-18 क्रमांक 4280 पर दिनांकित 01.03.2019 व दान विलेख जो श्रीमती मायावती उर्फ मायादेवी द्वारा श्रीमती शीला के पक्ष में निष्पादित है जो कार्यालय उपनिबंधक कार्यालय सदर बाराबंकी में बही 1 जिल्द 16758 पृष्ठ 177-196 क्रमांक 25297 पर दिनांकित 09.10.2023 पंजीकृत है जो कि वर्तमान स्वामी स्टिंटे बिल्डर्स प्रा0लि0 द्वारा डायरेक्टर नीलमणि श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 25.11.2025 को शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच नवाबगंज मार्केट में कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। उपरोक्त सम्पत्ति स्टिंटे बिल्डर्स प्रा0लि0 द्वारा प्रोटियम फाइनेन्स लि0 से लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त विक्रय विलेख प्राप्त हुआ हो अथवा इस संदर्भ में कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें।
श्री अमित कुमार सिंह राठौर, अधिवक्ता, पता-चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0-9559811119

# डिजिटल अरेस्ट कर साइबर फ्रॉड करने वाला गिरोह बेनकाब

**एक आरोपी गिरफ्तार**



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के एक सदस्य को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप सोनी निवासी विदिशा, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है,जानकारी के मुताबिक एसटीएफ साइबर टीम ने उसे 04 दिसंबर 2025 की रात करीब 8:20 बजे गोमतीनगर विस्तार स्थित फीनिक्स पलासियो मॉल के पीछे से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार प्रदीप सोनी (उम्र 40 वर्ष) के कब्जे से दो मोबाइल फोन, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, ब्लैंक चेक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, आरसी, सिम कार्ड और साइबर अपराध में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों से संबंधित 10 स्क्रीनशॉट बरामद किए गए।

### 420 ट्रांजेक्शन के जरिए 11 लेयर में घुमाई गई ठगी की रकम

तकनीकी जांच में सामने आया कि गिरोह ने वादी से ठगे गए 95 लाख समेत करीब 1.40 करोड़ रुपये को 420 बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से 11 लेयर में घुमाकर विभिन्न खातों में भेजा। इसी मामले में एसटीएफ की टीम पहले थाणे (महाराष्ट्र) से दो आरोपी,मोहम्मद इकबाल और शाइन इकबाल को गिरफ्तार कर चुकी है।

एसटीएफ ने बताया कि आरोपी द्वारा बताए गए बैंक खातों, मोबाइल व क्रिप्टो वॉलेट की जांच की जा रही है।बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं,अभियुक्त के खिलाफ थाना साइबर क्राइम, लखनऊ में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि नौकरी छूटने के बाद वह रिश्तेदार के जरिए अमित कैथवास व रोहित लोधी उर्फ बिट्टू के संपर्क में आया। दोनों बैंक खातों को किराये पर लेकर साइबर ठगी में उपयोग करते थे। प्रदीप 8-10 बैंक खातों की किट किराये पर उपलब्ध कराने लगा और फिर ठगी की रकम एटीएम से निकालकर आगे भेजने का काम भी करने लगा। गिरोह ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, होटल रेटिंग फ्रॉड, टास्क फ्रॉड सहित कई साइबर अपराधों में शामिल है। सभी सदस्य छदम नामों से व्हाट्सऐप पर संपर्क करते थे।

### व्हाट्सऐप कॉल पर 'डिजिटल अरेस्ट' कर ठगे 95 लाख

एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी गिरोह ने प्रो. डा. बी.एन. सिंह को 06 से 08 अप्रैल 2025 के बीच व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर झांसे में लेकर खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया।पीड़ित को भयभीत करते हुए कहा गया कि उनके नाम से अवैध पार्सल पकड़ा गया है और जांच पूरी होने तक उनसे 95 लाख रुपये 'सुरक्षा राशि' के तौर पर जमा कराने होंगे। पीड़ित से लगातार वीडियो कॉल के जरिए संपर्क में रहकर उन्हें किसी से बात न करने की चेतावनी दी जाती रही। अंततः पीड़ित ने 95 लाख रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए।

# रसूलपुर में खड़ी फोर व्हीलर में लगी आग, दो पर आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर खड़ी एक फोर व्हीलर अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रसूलपुर निवासी अजीत कुमार पाल के अनुसार, 4 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे उनका भाई पंकज, साथी आकाश यादव के साथ उनकी फोर व्हीलर (वढ 32 रठ 9314) से यादव चौराहा स्थित एक विवाह



समारोह में गया था। रात करीब 12:30 बजे वापसी के दौरान पंकज की गांव के ही राजेश पुत्र विशेश्वर और उसके दामाद अवधेश यादव पुत्र लाला, निवासी सेथा, से रास्ते में कहा-सुनी हो गई। थोड़ी देर बाद दोनों अपनी गाड़ी हटाकर चले गए और पंकज भी घर पहुंच गया।

अजीत का आरोप है कि कुछ ही देर बाद अवधेश यादव दोबारा मौके पर पहुंचा और पेट्रोल छिड़ककर फोर व्हीलर में आग लगा दी। धुआं उठता देख जब वह बाहर निकले, तो आरोपी भागते हुए दिखाई दिए। स्थानीय लोगों के जुटने तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित ने राजेश और अवधेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

## अधिवक्ता ने लगाया दिव्यांग बुजुर्ग समेत परिवारजनों पर धोखाधड़ी का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा। आलमबाग**

कृष्णा नगर कोतवाली में एक अधिवक्ता ने दिव्यांग बुजुर्ग और उनके परिवार के सदस्यों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि विश्वास खंड गोमतीनगर निवासी अनघ शुक्ला पेशे से अधिवक्ता हैं और वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय में वकालत करने लखनऊ आए थे। उन्होंने जून 2017 में विश्वास खंड गोमतीनगर में एक मकान किराए पर लिया था, जिसे भविष्य में खरीदने के विचार से किराएदार रामेश्वर दयाल गुप्त के माध्यम से उक्त आवास को लिए जाने के 1 साल बाद मकान वृद्ध व विकलांग राजेन्द्र प्रसाद के परिवार के लोगों ने आवास को विक्रय करने के लिए बातचीत शुरू कर दी और कई बार बात करने के बाद 90 लाख रुपये में मकान खरीदने का फैसला हुआ और वर्ष 2019 नवंबर से जनवरी 2020 तक शिव कुमार शुक्ल ने किराएदार रामेश्वर दयाल गुप्त के माध्यम से 5 लाख रुपये का चेक और 3 लाख रुपये नगद बतौर बयाना राजेन्द्र प्रसाद को दिया। लेकिन बाद में पता चला कि राजेन्द्र प्रसाद की बीमारी और अकेलेपन का लाभ उठा कुछ रिश्तेदारों ने मकान को दान लिखा लिया। इसमें राजेन्द्र प्रसाद की बहन मंजू, उसकी बेटियों नेहा और रुचिका, बेटा पिंटू, दामाद रजनीश और टिंकू उर्फ राम अवतार जायसवाल शामिल थे। आरोप लगाया कि राजेन्द्र प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है और उन्हें झूठे आश्वासन देकर पैसे लिए हैं। पुलिस के अनुसार पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत पर धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत और धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नशेड़ी रिक्शा चालक पर अभद्रता व धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के पंडित खेड़ा में रहने वाली एक महिला ने अपने पडोसी रिक्शा चालक पर नशे के बाद आए दिन उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता करने और गाली-गलौज, धमकी देने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। अलीनगर सुनहरा सदरौना तिराहा पंडितखेड़ा निवासी शारदा दूबे पत्नी अरुण कुमार दूबे ने बताया उनके मकान के सामने रहने वाले ई-रिक्शा चालक रजनीश राय प्रतिदिन शराब पीकर उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों संग गाली-गलौज करता है और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करता है। आरोप है कि उनके पति और बेटे को काम के सिलसिले से बाहर जाने पर उनके घर के सामने आकर उनसे और उनकी बेटियों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बेटियों को अगवा करने की धमकी देता है। पूर्व मे भी उनके घर पर पथराव किया था, जिसमें उनके पति घायल भी हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस आरोपित नशेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विवाहिता ने पति और सास पर दहेज उत्पीड़न, धोखे से शादी करने और घर से निकालने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर**

सरोजनीनगर इलाके की एक महिला ने पति और सास पर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, धोखे से विवाह करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। उसने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की। थाना क्षेत्र के एलडीए कालोनी निवासी पीड़िता निकिता के मुताबिक उसका विवाह 8 जून 2020 को आर्य समाज पद्धति से कृष्णानगर के सेक्टर एल निवासी हरदेश महाजन के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद से ही पति हरदेश और उसकी मां आशा महाजन द्वारा कम दहेज लाने का ताना देकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि आरोपी रोजाना गालियाँ देने के साथ बेइज्जत करते हुए घरेलू काम करवाकर भोजन तक नहीं देते थे। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद उसे जानकारी मिली कि उसके पति ने उससे पहले दो विवाह और किए थे, जिसकी जानकारी विवाह से पहले न तो उसे और न उसकी माँ को दी गई। पीड़िता ने कागजात दिखाने की मांग की तो पति और उसकी मां हमेशा बहाना बनाकर टालते रहे। निकिता का कहना है कि उसका स्त्रीधन और गहने भी ससुराल वालों ने अपने पास रख लिए। आरोप है कि 22 अप्रैल 2022 को पति और सास ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपनी मां के साथ रह रही है। इस बीच उसने महिला थाना और सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन दोनों ही थानों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय एक-दूसरे के पास भेज दिया गया। पीड़िता का कहना है कि पति द्वारा मोबाइल फोन पर लगातार धमकियाँ दी जा रही हैं, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। उसे आशंका है कि किसी भी समय उसके या उसके परिवार के साथ गंभीर घटना हो सकती है। बाद में परेशान पीड़िता ने मुख्यमंत्री कार्यालय में गुहार लगाई।

## ससुराल वालों पर घर बुलाकर जान से मारने का आरोप

**सरोजनीनगर।** बिजनौर में विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ धोखे से बुलाकर जान से मारने की कोशिश करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोसाईगंज के चांद सराय निवासी विवाहिता आफरीन के मुताबिक उसका विवाह वर्ष 2022 में बिजनौर निवासी मुदस्सिर से हुआ था। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा लगातार उत्पीड़न और मारपीट की जाती थी, जिससे परेशान होकर वह मायके में रहने लगी। पीड़िता का कहना है कि 4 दिसंबर को ससुराल वालों ने फोन कर उसे घर बुलाया। इस पर पीड़िता को लगा कि अब परिस्थितियाँ सामान्य हो चुकी होंगी, लेकिन ससुराल पहुंचते ही स्थिति अचानक बदल गई। आरोप है कि सास नरगिस फातिया, जेठ शिबू, पति मुदस्सिर और जेठानी सूफिया पहले से योजना बनाकर बैठे थे। सभी ने मिलकर उस पर हमला कर दिया और कहा कि ''आज इसको जिंदा नहीं जाने देना है।'' बेहोश होने के बाद जब आफरीन को होश आया तो सभी आरोपी मौके से फरार थे। उसने तुरंत अपने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसी दौरान घटना में शामिल मुदस्सिर के दोनों बहनोई को भी वहां से भाग गये। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।

## जानवर बांधने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से पीटा

**सरोजनीनगर।** बिजनौर इलाके में युवक ने पड़ोसी के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठकुराइनखेड़ा निवासी पुत्तीलाल का कहना है कि उनके पड़ोसी जितेंद्र, सत्येंद्र और पंकज उनकी भूमि पर जानवर बांधकर लगातार गंदगी फैलाते हैं। बुधवार शाम करीब 8:30 बजे जब उसने विरोध किया और पूछा कि उनकी जमीन पर जानवर क्यों बांधते हो, तो तीनों आरोपियों ने गालियाँ देते हुए हमला कर दिया। पुत्तीलाल के मुताबिक आरोपियों ने उसपर, उसकी पत्नी रामावती और बेटे दीपक व रिंकू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे सभी लोग चोटिल हो गये। पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी, आठ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने एक संगठित गिरोह के कथित सरगना समेत आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है जिन पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कई बैंकों से 100 करोड़ रुपये से अधिक के आवास ऋण लेने का आरोप है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एसटीएफ के अनुसार, ये गिरफ्तारियां चार दिसंबर को गौतमबुद्ध नगर के सूरजपुर क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक के एक अधिकारी की शिकायत पर शुरू हुई जांच के बाद की गईं। बताया गया कि आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी रामकुमार व अनुज यादव, दिल्ली निवासी नितिन जैन अशोक उर्फ दीपक जैन उर्फ रिंकी, झारखंड निवासी मोहम्मद वसी, बिहार निवासी शमशाद आलम, हरियाणा के गुरुग्राम निवासी इंद्र कुमार कर्माकर, उत्तर प्रदेश के संभल निवासी ताहिर हुसैन के रूप में हुई है। एसटीएफ ने गिरोह से 126 चेकबुक और पासबुक, 170 एटीएम कार्ड, 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, वोटर आईडी, 26 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, तीन गाड़ियां, और बड़ी संख्या में जाली रजिस्ट्री, समझौता पत्र व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। बयान में कहा कि गिरोह से जुड़े लगभग 220 बैंक खातों में लेन-देन रोक दिया गया है। एसटीएफ के अनुसार, जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना रामकुमार एचडीएफसी और एक्सिस बैंक में काम कर चुका है और वह जाली आधार कार्ड, फर्जी कंपनियां और जाली वित्तीय लेने-देन का रिकॉर्ड तैयार करके विभिन्न बैंकों से आवास और व्यक्तिगत ऋण हासिल करने के लिए पूरे गिरोह को संचालित करता था। इसने बताया कि वह बिल्डरों के साथ मिलकर काम करता था, और यह गिरोह खाड़ी देशों में काम करने वाले लोगों को भी निशाना बनाता था, उन्हें ऋण आवेदन के लिए उनकी पहचान इस्तेमाल करने के वास्ते रुपये देता था।

जांचकर्ताओं ने बताया कि गिरोह धन निकालने और अपनी पहचान छिपाने के लिए 20 से अधिक मुखौटा कंपनियां संचालित करता था।

इसने बताया कि सूरजपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 20 अस्पतालों को मिली बजट की संजीवनी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

### आधुनिक उपकरणों से लैस होंगे अस्पताल, 13.46 करोड़ के बजट की मंजूरी

यूपी के 20 अस्पतालों को सरकार ने बजट की संजीवनी प्रदान की है। करीब 13 करोड़ 46 लाख रुपये के बजट को सरकार ने मंजूरी दी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि आधुनिक उपकरणों से अस्पतालों को लैस किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि जांच की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए डिजिटल एक्सरे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड मशीनें क्रय की जाएगी। छोटे चीरे से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए फेको मशीन स्थापित की जाएगी। इससे मरीजों को कम समय अस्पताल में गुजारना होगा। ऑपरेशन की सफलतादर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इन अस्पतालों के लिए सात करोड़ पैंतालीस लाख तेरह हजार छह सौ पैसठ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय को 5448301 रुपये, बरेली के जिला महिला चिकित्सालय को 868274 रुपए, मुरादाबाद के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय को 8098414 रुपए, लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय को 10979887 रुपये का बजट मिला है। लखीमपुर ओयल के ट्रॉमा सेंटर 882999 रुपये से अपग्रेड होगा। उन्नाव बीघापुर 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के लिए 2334201 रुपये के बजट को मंजूरी मिली है, फर्रुखाबाद के डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला चिकित्सालय को 2044884 रुपये से अपग्रेड किया जाएगा। महोबा के जिला चिकित्सालय को 2998739 रुपए, झांसी जिला चिकित्सालय 14242312 रुपए, गाजियाबाद के जिला संयुक्त चिकित्सालय को 2683961 रुपये, गाजियाबाद के एमएमजी जिला चिकित्सालय को 1883961 रुपये से उच्चीकृत किया जाएगा। गाजियाबाद जिला महिला चिकित्सालय आठ लाख, गाजियाबाद लोनी के 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय को 2744250 रुपए, गाजियाबाद डूडाहेड़ा स्थित 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय 2744250 रुपए, बुलन्दशहर खुर्जा के एलएसपीजी चिकित्सालय को 20 लाख रुपए, मऊ जिला चिकित्सालय को 20 लाख रुपये से संवारा जाएगा। औरैया के बिधूना स्थित 50 शैय्यायुक्त डॉ. राम मनोहर लोहिया नेत्र चिकित्सालय को 3112943 रुपए, लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय को 2646066 रुपए, लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय को 3264280 रुपए और लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय को 2775943 रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है।

मिर्जापुर में नवनिर्मित 50 बेड के अस्पताल में आंखों की बीमारियों का सटीक इलाज हो सकेगा। इसके लिए अस्पताल में नेत्र रोग विभाग स्थापित किया जाएगा। नेत्र रोग विभाग का अलग वार्ड बनाया जाएगा।

# शहर में निवेश व विकास का रास्ता खोलेंगी 385 एकड़ की 7 नयी टाउनशिप

## एलडीए बोर्ड ने सातों नयी टाउनशिप के डीपीआर को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

एलडीए ने शहर में 7 नयी टाउनशिप के डीपीआर को मंजूरी दे दी है। लगभग 385 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित निजी डेवपलर्स की इन टाउनशिप से राजधानी में लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का निवेश आएगा। इससे जहां एक तरफ शहर के नियोजित विकास को पंख लगेंगे। वहीं, दूसरी ओर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023 के अंतर्गत मोहनलालगंज व सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र में सात नयी टाउनशिप के लिए निजी डेवलपर्स को लाइसेंस दिये गये थे। इसमें मेसर्स दुर्गा ग्रीन्स इन्फ्राटेक, मेसर्स बाबा इन्फ्रा डेवलपर्स, मेसर्स अविचल इन्फ्रा बिल्ड, मेसर्स एसमैप बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, मेसर्स ओमैक्स लिमिटेड व मेसर्स नीलेन्द्राज कंस्ट्रक्शन्स ने टाउनशिप के लिए प्रस्तावित क्षेत्र में 60 प्रतिशत से अधिक भूमि का स्वामित्व प्राप्त कर लिया है। इनके भू-उपयोग के प्रस्ताव भी निर्धारित मानकों के अनुरूप, जिसका परीक्षण समिति द्वारा किया जा चुका है। शुक्रवार को बैठक में इन सातों टाउनशिप की डीपीआर को बोर्ड से स्वीकृति मिल गयी है। उपाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 385 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली इन टाउनशिप से शहर में निवेश व विकास का रास्ता खुलेगा।



### सहारा बाजार के आवंटियों को एलडीए देगा दुकान

विभूतिखण्ड स्थित सहारा बाजार के 12 दुकानदारों को एलडीए गोमती नगर में दुकानें देगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सहारा ग्रुप ने लीज शर्तों का उल्लंघन करते हुए लोगों को सहारा बाजार में दुकानें बेंच दी थीं। हाल ही में एलडीए ने अनुबंध निरस्त करते हुए कॉम्पलेक्स को कब्जे में ले लिया। सहारा ग्रुप से धोखा खाये आवंटियों के हितों को एलडीए सुरक्षित करेगा। इन दुकानदारों को विस्थापन नीति के तहत गोमती नगर के विनय खण्ड में एलडीए के व्यावसायिक कॉम्पलेक्स के प्रथम तल पर दुकानें आवंटित की जाएंगी।

### लखनऊ मेट्रो में 'विशेष सुख-सुविधा'

एलडीए ने लखनऊ मेट्रो को विशेष सुख-सुविधा परियोजना में अधिसूचित करने का फैसला किया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इसके लिए अनुरोध किया था। इससे मेट्रो रूट पर बनने वाले भवनों के मानचित्रों पर विशेष सुख-सुविधा शुल्क अधिरोपित किया जा सकेगा। जिससे प्राप्त होने वाली धनराशि से मेट्रो के प्रभावी कार्यान्वयन और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जाएगी।

### बिल्डिंग बायलॉज के संशोधन अंगीकृत

ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के लिए टीडीआर उपविधि-2022 के अनुसार सेंडिंग एवं रिसीविंग जोन्स के चिन्हीकरण व उप्र विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां-2025 में किये गये 14 संशोधन को अंगीकृत किये जाने और सीजी सिटी योजना में सीएसआई टावर्स तृतीय के हस्तांतरण का प्रस्ताव भी पास किया गया है। एलडीए की ओर से कराये जा रहे निर्माण, विकास कार्यों के लिए आउटसोर्सिंग के आधार पर आपूर्ति प्राप्त किये जा रहे अवर अभियन्ता (सिविल) की समयावधि विस्तार व 10 अवर अभियन्ता (सिविल) की आपूर्ति जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किये जाने और आरडीएसओ परिसर में अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे निवासियों को विस्थापित किये जाने के लिए भी मंजूरी मिल गयी है।

### व्यवसायिक सम्पत्तियां पुनर्जीवित होंगी

अपार्टमेंट में अनुरक्षण शुल्क के निर्धारण, व्यवसायिक एवं अन्य सम्पत्तियों के आरक्षित दरों में मूल्य निर्धारण, व्यवसायिक सम्पत्तियों के पुनर्जीवन एवं समय विस्तार पर लगे रोक को हटाने की भी स्वीकृति मिल गयी है। इसके अलावा कानपुर रोड, मानसरोवर, शारदा नगर, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, गोमती नगर योजना इत्यादि योजनाओं मे प्राधिकरण के ईडब्ल्यूएस टाइप (एसएस प्रकार) के भूखण्डों मे अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को वर्तमान मूल्य के आधार पर धनराशि लेकर नियमित करने का भी निर्णय लिया गया है।

## आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और वरूण विहार योजना जल्द होगी लांच

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत प्रस्तावित इन चारों आवासीय योजनाओं के ले-आउट के प्रस्ताव को हरी झंडी

एलडीए की आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और वरूण विहार योजना जल्द लांच होंगी। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत प्रस्तावित इन चारों आवासीय योजनाओं के ले-आउट के प्रस्ताव को प्राधिकरण बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे पर 6,580 एकड क्षेत्रफल में वरूण विहार, सीतापुर रोड पर 2678 एकड़ क्षेत्रफल में नैमिष नगर, किसान पथ पर 2858 एकड़ क्षेत्रफल में आईटी सिटी और सुलतानपुर रोड पर 1197 एकड़ क्षेत्रफल में वेलनेस सिटी योजना प्रस्तावित है। इन चारों आवासीय योजनाओं के लिए क्रय, लैंड पूलिंग, अर्जन के माध्यम से भूमि जुटाव का कार्य किया जा रहा है। ले-आउट पास होने से योजनाओं में विकास एवं नियोजन का काम तेज होगा। वर्ष 2026 में चारों योजनाएं लांच कर दी जाएंगी और लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाएगा। इसी के साथ नैमिष नगर आवासीय योजना के अंतर्गत छूटे हुए खसरा संख्याओं की भूमि को आपसी सहमति से क्रय किये जाने का प्रस्ताव भी पास हो गया है। साथ ही योजना में कनेक्टिविटी रोड व एसटीपी के लिए सहमति से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। इसके अलावा शारदा नगर विस्तार योजना, रायबरेली रोड, गोमती नगर में विराजखण्ड-1 और बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में भूखण्डों के तलपट मानचित्र के संशोधन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है।

## गोमती नदी के किनारे 43 एकड़ में ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट लाएगा एलडीए

❖ ग्रुप हाउसिंग परियोजना के लिए भूखण्डों के नियोजन के प्रस्ताव को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पीछे अवैध कब्जे से खाली करायी गयी 43 एकड़ जमीन पर एलडीए अपना ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच करेगा। गोमती नदी के किनारे प्राइम लोकेशन पर स्थित इस भूमि पर ग्रुप हाउसिंग के 11 और व्यावसायिक उपयोग का 1 भूखण्ड नियोजित किया जाएगा। इसके अलावा 15 प्रतिशत हिस्से में ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा। एलडीए बोर्ड ने इसके प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में ग्राम-सरसवां की 43.051 भूमि को प्राधिकरण द्वारा अर्जित किया गया था। लंबे समय से खाली पड़ी उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा था। लैंड ऑडिट में प्रकरण उजागर होने पर अभियान चलाकर भूमि को अवैध कब्जे से खाली कराया गया। उन्होंने बताया कि अब उक्त भूमि पर भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के प्राविधानों के तहत ले-आउट प्लान तैयार कराया गया है। जिसके अंतर्गत यहां ग्रुप हाउसिंग के 11 भूखण्ड व 01 व्यावसायिक भूखण्ड नियोजित किया जाएगा। इसके अलावा 15 प्रतिशत क्षेत्र में ग्रीन एरिया का विकास किया जाएगा।

## साहस और शौर्य को सम्मान, चक्र विजेता व उनके आश्रितों को फ्लैटों पर मिलेगी छूट

**लखनऊ।** देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्राणों की परवाह किये बिना बहादुरी दिखाने वाले जवानों व उनके आश्रितों को एलडीए विशेष छूट पर फ्लैट देगा। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड ने सामाजिक सरोकार के इस प्रस्ताव को पारित कर दिया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि देश की सेवा में तत्पर सैनिकों व नागरिकों को उनकी वीरता, बलिदान व असाधारण शौर्य को सम्मान देने की शासन की नीतियों के क्रम में यह प्रस्ताव लाया गया है। इसके अंतर्गत परमवीर चक्र एवं अशोक चक्र से सम्मानित जवानों को 7.5 प्रतिशत, महावीर चक्र एवं कीर्ति चक्र प्राप्त करने वाले वीर जवानों को 5 प्रतिशत और वीर चक्र एवं शौर्य चक्र विजेताओं को फ्लैट की धनराशि पर 2.5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह विशेष छूट जवानों अथवा उनके आश्रितों को एक ही सम्पत्ति पर दी जाएगी।

## शारदा नगर योजना में जरूरतमंदों के लिए एलडीए बनाएगा 1100 ईडब्ल्यूएस भवन

**लखनऊ।** एलडीए शारदा नगर योजना में जरूरतमंदों के लिए 1100 ईडब्ल्यूएस भवन बनाएगा। इसके लिए योजना के ले-आउट में संशोधन किया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष/मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को पारिजात सभागार में हुयी प्राधिकरण बोर्ड की 186वीं बैठक में विकास एवं जनहित के ऐसे कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। शासन से अनुमोदन प्राप्त होते ही इन्हें लागू कर दिया जाएगा।

## नहीं बढ़ेगी फ्लैटों की कीमत

एलडीए अपने अपार्टमेंट्स में फ्लैटों की कीमत नहीं बढ़ाएगा। इसके लिए कीमतों को एक साल के लिए फ्रीज कर दिया गया है। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि एलडीए की विभिन्न योजनाओं में रिक्त फ्लैटों को 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के अंतर्गत विक्रय किया जा रहा है। इसमें मुख्यतः कानपुर रोड योजना, शारदा नगर योजना, सीतापुर रोड योजना, देवपुर पारा योजना, ऐशबाग हाइट्स के फ्लैट शामिल हैं। इनकी कीमतों को पहले की तरह दिसम्बर, 2026 तक के लिए फ्रीज कर दिया गया है। जिससे लोग पुरानी दरों पर ही भवन खरीद सकेंगे।

## आउटसोर्सिंग पर रखे जाएंगे सेवानिवृत्त राजस्व कर्मी

लखनऊ विकास प्राधिकरण में अवैध निर्माण, ध्वस्तीकरण व सीलिंग के लिए पूर्व में तैनात सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। इसके अलावा प्रस्तावित आवासीय योजनाओं के कार्य को गति देने के लिए राजस्व सेवा के 58 सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे जाएंगे।

# एसआईआर अभियान की गहन समीक्षा

## डिप्टी सीएम पाठक का दौरा, जनसंपर्क तक व्यस्त रहा पूरा दिन





पायनियर संवाददाता। सीतापुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक गुरुवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीतापुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर भाजपा संगठन और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया। खैराबाद टोल प्लाजा पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम का जोरदार और भव्य स्वागत किया।

स्वागत समारोह में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक, दिए अहम निर्देश स्वागत के बाद डिप्टी सीएम सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बृजेश पाठक ने अभियान की प्रगति रिपोर्ट का विस्तार से अवलोकन किया और इसे और अधिक प्रभावी एवं तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का





शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है, और अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लोहरबाग वार्ड में कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर-टू-डोर संपर्क

समीक्षा बैठक के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लोहरबाग वार्ड पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'कुंडी खटकाओ' अभियान के तहत डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के घर जाकर उनसे सीधा संवाद किया, सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार आम नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसी क्रम में डिप्टी सीएम पाठक लोहरबाग निवासी एवं सीतापुर के प्रमुख व्यवसायी मोनू सहगल के घर भी पहुंचे। यहाँ उन्होंने व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से बातचीत की और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों, बाजार व्यवस्था तथा छोटे व्यापारियों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं पर भी चर्चा की व्यापारियों ने उन्हें अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर डिप्टी सीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही।

### पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष के घर पहुँचे व्यक्त की शोक संवेदना

अपने दौरे के अंतर्गत डिप्टी सीएम बाद में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी के घर भी पहुंचे। यहाँ उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर हाल ही में हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्री पाठक ने मुनेंद्र अवस्थी की पत्नी एवं ब्लॉक प्रमुख गोदलामऊ नमिता अवस्थी के लंबी बीमारी के बाद निधन पर परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान पर सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान, जिला प्रभारी नीरज सिंह, जिलाध्यक्ष, भाजपा, राजेश शुक्ला, विधायक मनीष रावत, विधायक निर्मल वर्मा, जिला प्रवासी विमल सिंह, विश्राम सागर राठौर जी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिले में दौरे को लेकर प्रशासन चैकन्ना

डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और भाजपा संगठन पूरे दिन सक्रिय नजर आए। विभिन्न कार्यक्रमों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियाँ की गई थीं।

### विपक्ष हार से बौखलाया, एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शीः डिप्टी सीएम

**सीतापुर।** जिले के दौरे पर पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ''विपक्ष अपनी संभावित हार को पहले ही समझ चुका है। इसलिए अब केवल बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश में जुटा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर.) अभियान को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि ''बिहार में भी एस आई आर प्रक्रिया के बाद चुनाव हुए थे, वहां किसी तरह की शिकायत नहीं आई। इसलिए उत्तर प्रदेश में भी यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा का गुंडा राज जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उत्तर प्रदेश विकास की राह पर है और कानून-व्यवस्था से जनता संतुष्ट है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने दावा किया कि 2027 में एक बार फिर 2017 जैसा ऐतिहासिक परिणाम देखने को मिलेगा और ''भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# गन्ना क्रय केंद्र पर वसूली के विरोध में बिफरे किसान



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

❖ सीसीओ की गोली मारने की धमकी से भड़का गुस्सा, दौड़ाकर भगाया

सकरन इलाके के ऊंचगांव स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद के गन्ना क्रय केंद्र पर बेलगाम भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। यहां उतराई के नाम पर की जा रही अवैध वसूली का विरोध कर रहे किसानों को मिल के सीसीओ सुभाष चंद्र पांडेय ने गोली मारने की धमकी दे डाली। धमकी से उग्र हुए किसानों ने सीसीओ को क्रय केंद्र से दौड़ाकर भगा दिया। मामला बढ़ते देख क्रय केंद्र की तौल भी ठप हो गई। केंद्र पर मौजूद कांटा इंचार्ज किसानों से प्रति ट्राली 150 रुपये अवैध रूप से वसूल कर रहा था। किसानों ने जब इस मनमानी का विरोध किया तो गुरुवार को तौल बंद कर दी गई। सैकड़ों ट्रालियां गन्ने से भरी क्रय केंद्र पर खड़ी थीं, लेकिन सुनवाई कहीं नहीं थी।

### किसानों के विरोध पर पहुंचे सीसीओ, बरसाई धमकियाँ

शुक्रवार को जब किसानों ने विरोध तेज किया तो क्रय केंद्र पर सीसीओ सुभाष चंद्र पांडेय पहुंचे। आरोप है कि किसानों के सवालों का जवाब देने के बजाय उन्होंने गोली मार देने की धमकी दे दी। यह सुनते ही किसान भड़क उठे और भारी संख्या में जुटकर सीसीओ को क्रय केंद्र से दौड़ा लिया। किसी तरह जान बचाकर वे मौके से भाग निकले।

### किसानों का उग्र प्रदर्शन

किसान नेता सचिन दीक्षित, राकेश मौर्य, रामसनेही, रामलाल बारी, रमेश मौर्या, हलधर तिवारी, श्री केशन, ईश्वरदीन, विनोद समेत बड़ी संख्या में किसानों ने क्रय केंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। भ्रष्टाचार और धमकीबाजी के खिलाफ किसानों में भारी रोष रहा।

### डीसीओ के हस्तक्षेप पर थमी हलचल

हंगामे की जानकारी मिलते ही डीसीओ रत्नेश्वर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। किसानों के तीखे तेवर देखते हुए उन्होंने सीसीओ पर कार्रवाई का आश्वासन दिया और उतराई के नाम पर चल रही वसूली बंद कराने की बात कही। लंबी वार्ता के बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया। तीन दिनों से बंद तौल अंततः किसानों के दबाव और डीसीओ के आश्वासन पर शुरू हो सकी।

### किसानों का आरोपः भ्रष्टाचार और दबंगई का खुला खेल

किसानों का कहना है कि गन्ना क्रय केंद्रों पर अवैध वसूली और अधिकारियों की दबंगई आम बात हो गई है। किसानों की मेहनत की फसल को बंदी बनाकर रिश्वत की मांग करना बेहद शर्मनाक है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपितों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस घटना ने गन्ना क्रय केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है।

# व्यापारियों ने नगर विकास राज्य मंत्री से की मुलाकात

## सौंपा समस्याओं से जुड़ा मांग पत्र

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता के नेतृत्व में जिला अस्पताल, महिला अस्पताल व आंख अस्पताल रोड केयापारियों ने गुरुवार को नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु ' से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात की। व्यापारियों ने हस्ताक्षरित मांग पत्र सौंपकर अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया।

व्यापारियों ने बताया कि वे दवा, फर्नीचर, चश्मा, रेडीमेड, प्लाईवुड, सनमाइका व खाद्य पदार्थों के व्यापार से जुड़े हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उन्होंने स्वैच्छा से अपने टीन शेड उतरवा दिए हैं और काउंटरों को शटर के अंदर कर लिया है। सभी दुकानदार नाली के पीछे रहकर कारोबार कर रहे हैं तथा कहीं भी यातायात में बाधा नहीं पहुंच रही। व्यापारियों का कहना था कि जाम की सबसे बड़ी वजह सड़क पर खड़े ऑटो रिक्शा हैं, न कि दुकानें। उन्होंने मंत्री से निवेदन किया कि नगर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने में व्यापारी समाज पूर्ण सहयोग दे रहा है, इसलिए अनावश्यक रूप से किसी की रोजी-रोटी प्रभावित न की जाए। प्रशासन जो भी गाइडलाइन देगा, उसका वे पालन करेंगे ताकि अतिक्रमण समस्या का समाधान भी हो और व्यापार भी सुरक्षित रहे। मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने सभी व्यापारियों से अलग-अलग बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी से फोन पर बात कर निर्देश दिया कि व्यापारियों को अनावश्यक भयभीत न किया जाए और मानवीय व व्यावहारिक तरीके से समाधान निकाला जाए। व्यापारियों ने बताया कि वे कई दिनों से आशंका में कारोबार कर रहे हैं, इसलिए प्रशासन जल्द स्पष्ट व्यवस्था बनाकर राहत प्रदान करे। मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से मयंक शंकर गुप्ता, बृजेश रस्तोगी, हर्षल जायसवाल, विकास राठौर, अफजाल अहमद, राजेंद्र, सगीर अहमद, अरशद, अराफात, शगुन, रवि कुमार, सरदार हरि सिंह, सरताज अली, अमरजीत सिंह, सरिता अस्थाना, राजबहादुर सिंह, निशांत शुक्ला, सुनील शर्मा, अनुज त्रिपाठी, पिंकू वर्मा, मनोज यादव सहित करीब 150 व्यापारी मौजूद रहे।

# खोई हुई मां को घर पहुंचाने वाली 'थानाध्यक्ष मधु यादव' बनीं उम्मीद की रोशनी'

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



कभी-कभी पुलिस की वर्दी सिर्फ कानून-व्यवस्था ही नहीं संभालती, बल्कि किसी घर की टूटती उम्मीदों को भी फिर से जोड़ देती है। महिला थाना सीतापुर की थानाध्यक्ष श्रीमती मधु यादव ने एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसने साबित कर दिया कि संवेदनशीलता ही असली पुलिसिग की पहचान है ।दिनांक 05 दिसंबर को 112 की मदद से एक अज्ञात वृद्ध महिला, मानसिक रूप से अस्थिर हालत में, महिला थाना लाई गईं। नाम याद नहीं, घर याद नहीं, सिर्फ बेचैनी और खोए होने का डर।

थाने में आते ही थानाध्यक्ष मधु यादव ने पूरी जिम्मेदारी अपने हाथों में ली। उन्होंने वृद्धा को माँ जैसा सम्मान देते हुए धैर्य से पूछताछ शुरू की। कई बार पूछने पर भी वृद्धा कुछ साफ नहीं बता पा रही थीं, लेकिन मधु यादव हार मानने वालों में से कहां! लंबे प्रयास के बाद आखिर वृद्धा ने ''रामबेटी पेपरौला कांठ'' जैसे कुछ शब्द बोले। बस, इतना सुनना था कि मधु यादव ने तुरंत सीओ नगर विनायक गोपाल भोसले के निर्देशन में कांठ थाने से संपर्क कर सत्यापन कराया।

**जब घर से निकली सच की डोरीः** कांठ पुलिस ने सत्यापित किया कि रामबेटी नाम की वृद्ध महिला वास्तव में कई दिनों से लापता थीं। सूचना मिलते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वही परिवार, जो हर दरवाजे पर अपनी खोई माँ का पता पूछ रहा था—वो सीतापुर की महिला थाना में अपनी उम्मीदें पा चुका था।

**वो पल जब बेटे की आँखें भर आईंः** जब रामबेटी के पुत्र दिनेश कुमार और पुत्रवधू दुर्गेश्वरी माँ को लेने पहुँचे, तो थाने का माहौल एक परिवार की वापसी जैसा हो गया।

**दिनेश ने रोते हुए हाथ जोड़कर कहा–** ''मैडम, आपने मेरी माँ नहीं, मेरा पूरा संसार लौटा दिया''और उस समय थानाध्यक्ष मधु यादव का शांत चेहरा बता रहा था कि पुलिसिंग सिर्फ केस क्लोज़ करने का नाम नहीं–किसी की जिंदगी में उजाला लौटाने का भी नाम है।

**पुलिस टीम–जो बनी महिला की ढाल–** थानाध्यक्ष मधु यादव,म०आ० कोमल,अनन्या पाठक, निशा शुक्ला, शालू पाण्डेय,नूरतारा इन सभी ने मिलकर वृद्धा को न सिर्फ सुरक्षा दी, बल्कि माँ-सा स्नेह भी।

**एक मिसाल–जो बताती है असली 'हीरो' कौन है-** इस भावुक पहल में नेतृत्व से लेकर टीमवर्क तक, हर जगह सीओ नगर विनायक गोपाल भोसले का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा ।लेकिन इस कहानी की केंद्र बिंदु बनीं थानाध्यक्ष मधु यादव, जिन्होंने मानवीय पुलिसिग का सबसे खूबसूरत रूप दिखाया। आज रामबेटी सुरक्षित घर पहुँच गई हैं– और सीतापुर पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि वर्दी के पीछे एक दिल धड़कता है।

# रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप पर सख्त हुआ परिवहन विभाग, पहले दिन 28 ट्रकों के काटे चालान

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



कोहरे और कम दृश्यता वाले मौसम में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए परिवहन विभाग ने 05 दिसंबर से 11 दिसंबर तक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत व्यावसायिक वाहनों में अनिवार्य रूप से रेट्रो रिफ्लेक्टिव (रेडियम) टेप लगाने की जांच की जा रही है।

पहले ही दिन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 ट्रकों के चालान काटे। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में शुक्रवार को सीतापुरद्दशाहजहांपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 पर वाहनों की चेकिंग की गई। जांच के दौरान कई ट्रकों में निर्धारित मानकों के अनुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया, जिसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत 10-10 हजार रुपये के चालान जारी किए गए। केवल पहले दिन में ही विभाग ने 2 लाख 80 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त किया। एआरटीओ चतुर्वेदी ने बताया कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सर्दी के मौसम में कोहरा और धुंध बढ़ने से दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में यह टेप वाहनों को दूर से ही दिखाई देने योग्य बनाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है। नियमों के अनुसारकृआगे सफेद,पीछे लाल, और दोनों ओर पीले रंग की रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वाहन का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करते समय भी रेडियम टेप की अनिवार्य जांच की जाती है। नियमों का पालन न करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित है, जिसे अभियान के दौरान कड़ाई से लागू किया जा रहा है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में भी इसी प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा। विभाग का मानना है कि यदि सभी व्यावसायिक वाहन सुरक्षा मानकों का पालन करें, तो हादसों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। साथ ही वाहन स्वामियों और चालकों से समय पर अधिकृत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने और सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों का पालन करने की अपील की गई है। अभियान का उद्देश्य केवल चालान कार्रवाई ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना भी है।

# ईमानदारी की मिसालः चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी ने लौटाया खोया सामान

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



कभी-कभी शहर की भागदौड़ के बीच एक छोटी-सी घटना इंसानियत की बड़ी तस्वीर पेश कर जाती है। सीतापुर की सदर चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी और उनके हमराही कॉन्स्टेबल सत्यम ओम प्रकाश की एक साधारण-सी गस्त भी आज एक मिसाल बन गई ।गस्त के दौरान दोनों सड़क से गुजर ही रहे थे कि अचानक उनकी नज़र एक लावारिस बैग पर पड़ी।

कोई भी अनहोनी टालने के लिए वे तुरंत रुके। बैग को सुरक्षित उठाकर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी उस बैग को अपना नहीं बताया ।उनके सामने दो रास्ते थे– या तो इसे एक खोया सामान समझकर आगे बढ़ जाएं या फिर इसे किसी की मेहनत की पूँजी समझकर उसके असली मालिक तक पहुँचाएं।और इंसानियत ने फिर वही रास्ता चुना जो पुलिस की असली पहचान है।

तलाशी में निकली किसी की दुनिया की कमाई बैग खोला गया। अंदर थे–अभिलेख,पहचान से जुड़े कागज़ात,और कुल 12,000 रुपये की धनराशि के प्रपत्र। इन दस्तावेज़ों से पता चला कि बैग मिथलेश शुक्ला पत्नी झंकार नाथ शुक्ला, निवासी आग 41, आवास विकास कॉलोनी, ब्लॉक अ, थाना कोतवाली नगर, सीतापुर का है ।एक क्षण के लिए ये सिर्फ कागज़ नहीं थे–ये किसी के घर की ज़रूरतें, किसी परिवार की उम्मीदें थीं।

### फिर शुरू हुई खोज–मालिक के चेहरे की मुस्कान ढूंढने की

स्वाति चतुर्वेदी और कॉन्स्टेबल सत्यम ने बैग वहीं नहीं छोड़ा ।वे सीधे उस पते की ओर निकले–जहाँ एक परिवार शायद अपने खोए सामान की तलाश में परेशान बैठा होगा ।दरवाज़े पर पहुंचकर जब उन्होंने कागज़ और पैसे सही सलामत सौंपे–तो सामने खड़ी मिथलेश शुक्ला की आँखों में राहत थी, कृतज्ञता थी, और पुलिस के प्रति एक नया भरोसा भी। ईमानदारी का वो क्षण–जिसने दिल छू लिया बार-बार मिथलेश शुक्ला यही कहती रहीं–'मैडम, हम तो उम्मीद ही छोड़ चुके थे आप लोगों ने हमारा सब कुछ वापस कर दिया।' और स्वाति चतुर्वेदी का शांत उत्तर दिल को छू गया–''मैडम, ये हमारा कर्तव्य है और किसी की मेहनत का हक़ हम कभी खोने नहीं देते।''

**एक छोटी घटना- बड़ी सीख :** सदर चौकी की ये टीम सिर्फ बैग ही नहीं लौटाकर आई– वे एक संदेश लेकर आईं कि विश्वास आज भी ज़िंदा है, ईमानदारी आज भी चलन में है,और पुलिस सिर्फ वर्दी नहीं–एक भरोसे की डोर भी है ।आज का दिन सीतापुर पुलिस के नाम रहा–जिसने फिर एक बार साबित किया कि जहाँ कर्तव्य बड़ा हो, वहाँ इंसानियत और भी बड़ी हो जाती है।

**कार्यालय :ग्राम पंचायत बहाउद्दीनपुर विकास खण्ड जयसिंहपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक मेमो /आपूर्ति /निविदा /2025-26 दिनाकः 05/12/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहाउद्दीनपुर विकास खण्ड जयसिंहपुर, सुल्तानपुर में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना अंतर्गत इंटरलाकिंग ईंट, ईंट प्रथम श्रेणी , ईंट गिट्टी, गिट्टी सीमेंट, मोरंग, बालू, सरिया, ह्यूम लाइप आदि निविदा आमंत्रित किया जाता है। शेष नियम व शर्ते योजना गाइड लाइन्स /ग्राम पंचायत के अंतर्गत किए जायेंगे। समस्त सामग्री उपलब्ध निर्धारित कार्य स्थल पर लिया जाएगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु लागत |
|---|---|---|
| 1. | नोखेपुर पक्की सड़क से गोलू तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 999632.00 |
| 2. | प्रकाश यादव के घर से ननकऊ एससी के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य | 999923.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्ति कर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 12/12/2025 तक कार्यालय पंचायत भवन ग्राम पंचायत बहाउद्दीनपुर विकासखंड जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर में दोपहर 2 बजे तक व्यक्तिगत या किसी अन्य माध्यम पत्राचार द्वारा उपलब्ध करा सकते है। उसी दिन शाम 4 बजे निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी।

नियम व शर्ते :

1.आयकर तथा स्टाम्प ड्यूटी नियमानुसार जमा करना होगा।

2. भुगतान चेक /नेफ्ट के माध्यम से खाते में भेजा जाएगा।

सचिव /प्रधान
ग्राम पंचायत - बहाउद्दीनपुर
विकास खण्ड -जयसिंहपुर
जनपद -सुलतानपुर

# जनता की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करें अधिकारी: विधायक

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)



विधायक रामप्रताप वर्मा ने अपने आवास पर जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने बिजली, पेयजल, सड़क मरम्मत, राशन वितरण और पेंशन सहित कई मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान कई लंबित मामलों को मौके पर ही अधिकारियों से बात कर निस्तारित किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। दुर्गेश त्रिगुणायत, प्रमोद जयसवाल, महेश गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने वरिष्ठजनों के साथ की बैठक

❖ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में सहयोग की अपील किया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



प्रदेश सरकार के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शुक्रवार को (388) शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड पांडेयपुर, वार्ड शिवपुर व वार्ड तरना में पार्षदगण, मंडल पदाधिकारीगण, बीएलए व वरिष्ठजनों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का फार्म घर-घर जाकर लोगों से भरवाने के लिए अपील किया। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर मतदाता सूची में है, तो उसे कई स्थानों पर गणना प्रपत्र प्राप्त हो सकता है, लेकिन उसे केवल एक ही गणना प्रपत्र पर भरने होंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता अपना गणना प्रपत्र अविलंब भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें।

# बीस वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर/बलरामपुर



20 वर्षीय युवक ने साड़ी का फंदा बनाकर की आत्महत्या। सादुल्लानगर पुलिस जांच में जुटी थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के मददौ घाट इलाके में गुरुवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक 20 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार रात लगभग दस बजे के आसपास बताई जा रही है।

मददौ घाट निवासी राम अचल और उनकी पत्नी राजपता के पुत्र सूरज (20 वर्ष) ने अपने कमरे में लगे छत के पंखे से एक साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवार को घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सूरज अपने भाइयों में सबसे छोटा था। उसके तीन बड़े भाई हैं - शेषराम (32), केशव राम (30), और केशरी लाल (26), जिनकी शादी हो चुकी है। सूरज की तीन बहनें भी हैं - आरती (36), माला (34) और चन्द्रा (20)। परिवार में सबसे छोटे और अविवाहित होने के कारण यह घटना सभी के लिए गहरा सदमा लेकर आई है। सूचना पाकर सादुल्लानगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र वर्मा ने बताया कि युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम (पी.एम.) के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला है,लेकिन युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता

❖ निर्धारित तिथियों पर नियमित रूप से संचालित होंगी राजस्व कोर्ट

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



राजस्व वादों का निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है तथा शासन स्तर पर इनकी निरंतर समीक्षा की जाती है एवं राजस्व वादों का समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश जारी किए गए हैं।

इसी क्रम में डीएम विपिन कुमार जैन ने बताया कि जनपद में राजस्व वादों के निस्तारण की कार्यवाही की गति में सुधार लाने, अनावश्यक विलंब को रोकने तथा वादकारियों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम कोर्ट निर्धारित तिथियों में अवश्य सुनवाई की कार्यवाही होगी। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पिछले सप्ताह निर्धारित तिथियों के बावजूद अधिवक्तागण की अनुपस्थिति के कारण उनके कोर्ट की सुनवाई सुचारू रूप से नहीं हो सकी, जिससे वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएम कोर्ट में निर्धारित तिथि पर अधिवक्तागण की अनुपस्थिति न्यायिक कार्यवाही को बाधित नहीं करेगी। केवल वादकारी की उपस्थिति होने पर भी मामलों की सुनवाई की जाएगी, ताकि वादकारियों को न्याय में देरी न हो और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

# विपक्ष एसआईआर को लेकर फैला रहा भ्रम: भूपेंद्र चौधरी

## भाजपा का संकल्प, पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



भाजपा कार्यालय में एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की एवं मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम का सुभारंभ पार्टी के पुरोधा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद वंदेमातरम गीत गाया गया। उसके उपरान्त मुख्य अतिथि को जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।

मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उपस्थित सभी जिला पदाधिकारी, सभी विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष, व एसआईआर में लगे कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की पार्टी की ओर से बनाए गए बीएलए टू, बूथ प्रवासी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक अपने-अपने बूथ पर बीएलओ के साथ मिलकर फॉर्म भरने का कार्य तेजी से पूरा करें विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में अनावश्यक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। मुख्य अतिथि चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संकल्प है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम न जुड़े। उन्होंने बताया कि पहले मतदाता सूची में कई विसंगतियां होती थीं, जैसे एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना या विलोपित/विस्थापित व्यक्तियों के नाम बने रहना, जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित होता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। हालांकि, विपक्ष इस महत्वपूर्ण अभियान के बारे में जनता के बीच अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। उन्होंने विपक्ष पर विदेश-प्रभावित विचारधाराओं से देश को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग देने और सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने में पूरी सहायता करने का आह्वान किया।

## ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

रेहराबाजार/बलरामपुर। ऑनलाइन उपस्थिति (एफआरएस) प्रणाली और ग्राम पंचायत सचिवों से लिए जा रहे गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में चल रहा शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। आंदोलन के पांचवे दिन ग्राम पंचायत अधिकारियों ने मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को संबोधित मांगपत्र खंड विकास अधिकारी विमला चौधरी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था अव्यवहारिक है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य सुचारू रूप से प्रभावित हो रहा है। साथ ही सचिवों पर गैर-विभागीय कार्यों का अतिरिक्त बोझ डाल देना अनुचित है, जिसे हटाया जाना चाहिए।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त विद्युत योजना की बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता। बलरामपुर

जनपद में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों, रजिस्ट्रेशन की वर्तमान स्थिति तथा आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना जनहित से जुड़ी है तथा इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में बड़ी राहत मिलेगी, अतः व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विद्युत बिल काउंटरों एवं उपकेंद्रों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कैंप स्थापित किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को सहज रूप से जानकारी, ऑनस्पॉट पंजीकरण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही उन्होंने आमजन को योजना के लाभों से अवगत कराते हुए अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, पीओ नेडा , लीड बैंक मैनेजर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# तिन्नहवा घाट रहमतपुर में दंपती से लूट अपाची सवार तीन बदमाश फरार

सादुल्लानगर/बलरामपुर। तिन्नहवा घाट रहमतपुर मार्ग पर शुक्रवार देर शाम तीन अज्ञात लुटेरों ने दंपती को रोककर कीमती जेवरात लूट लिए। जानकारी के अनुसार, शिवकुमार (38) पुत्र विश्वनाथ गुप्ता अपनी पत्नी ज्योति के साथ नागपुर, बस्ती में अपनी बहन के घर से न्यौता कर वापस रहमतपुर लौट रहे थे। पीड़ित ने बताया कि अपाची बाइक पर सवार तीन युवक अचानक पीछे से आए और दंपती की बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद हथियार जैसी वस्तु दिखाते हुए धमकाकर जेवरात लूट लिए। बदमाशों ने लगभग 10 ग्राम का झाला, 10 ग्राम का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां और पायल (पाजेब) लेकर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना देने पर टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि सघन जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर पुलिस आयुक्त ने मातहतों को दिया निर्देश



**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त (अपराध ) कमिश्नरेट वाराणसी राजेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल कैण्ट के सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा,थाना कैण्ट के प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र व समस्त विवेचकगण के पास छः माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गई तथा सर्व सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण विवेचना निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

**प्रयागराज।** रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। रिपोर्ट में शेयर बाजार फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि वित्त वर्ष 26 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी। इसी मजबूती के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे बाजार में लिक्विडिटी तरलता बनी रहेगी। उनका कहना है कि मिड कैप शेयरों के लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की संभावना है, हालांकि यह बढ़त बहुत ज्यादा नहीं हो सकती।

### मजबूत पलों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास

**जौनपुर।** दर्शकों के लिए यह ट्रैक बेहद खास होने वाला है। जिन रहस्यों का इंतजार लंबे समय से था, वे अब सामने आएंगे। रीत और राघव की शादी के साथ जो जबर्दस्त ड्रामा उभरेगा, वो सबको चौंका देगा। इन सीन्स को शूट करना चुनौती और एहसास, दोनों का मिला-जुला अनुभव था। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे इस कहानी के इन मजबूत पलों को दर्शकों तक पहुंचाने का मौका मिल रहा है।ज़ ज़ी टीवी का 'जाने अनजाने हम मिले' अपनी तेज़ रफ्तार कहानी और दिल छू लेने वाले मोड़ की वजह से लगातार दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। भरत अहलावत और आयुषी खुराना द्वारा निभाए जा रहे राघव और रीत के किरदारों ने शुरुआत से ही देखने वालों को जोड़े रखा है।

### साक्षरता और पहुंच की कमी सभी बाधाओं को दूर करने का प्रयास

**जौनपुर।** भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। और अपने विभिन्न व्यवसायों के ज़रिये करोड़ों से अधिक छोटे व्यवसायों तक एआई के लाभ पहुंचाएगी। अमेज़न ने वर्ष दो हजार तीस तक सरकारी-विद्यालयों के चालीस लाख छात्रों को एआई साक्षरता और करियर जागरूकता प्रदान करने का भी संकल्प लिया है। कंपनी अमेज़न.इन पर करोड़ों ग्राहकों के लिए खरीदारी को और अधिक सरल तथा आकर्षक बनाने के लिए एआई का उपयोग जारी रखेगी कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारत में समान अवसर प्रदान करने की क्षमता है। यह भाषा, साक्षरता और पहुंच की कमी जैसी सभी बाधाओं को दूर करता जिनकी वजह से लोग सामाजिक रूप से उपेक्षित रहे। जब कोई छोटा व्यवसायी किसी कस्बाई शहर में बैठकर कुछ ही मिनटों में एआई की मदद से पेशेवर उत्पाद-विवरण तैयार कर लेता है,

### महोत्सव में लगी सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी

**शाहगंज।** महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री पंचायती राज ओमप्रकाश राजभर, जखनिया विधायक बेदीराम, पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह व विधायक रमेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिसके पश्चात विभिन्न कार्यक्रम शुरु हुए। दूसरे दिन आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए प्रदर्शनी लगाई जिसमें कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मिशन शक्ति, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन समेत तमाम विभागों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। जिसका अतिथियों द्वारा निरीक्षण किया गया। सेंट थॉमस इण्टर कॉलेज, पब्लिक इण्टर कालेज आदि स्कूलों ने छात्रों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडलों का भी प्रदर्शन किया। महोत्सव में 73 पंजीकृत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। दोपहर बाद विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से लोगों का खूब मन मोहा।

# हाईकोर्ट का निर्देश: डिजिटल फ्राड पर राज्य सरकार बताए, क्या कार्रवाई की

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि वाराणसी की सुषमा देवी की साइबर शिकायत पर डिजिटल अरेस्ट और जाली डॉक्यूमेंट्स के पीड़ितों के बारे में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के पालन में क्या कार्रवाई की गई है। जिनके बैंक अकाउंट का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड ने गैर कानूनी पैसे ट्रांसफर करने के लिए किया था। याची ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने इन री विक्टिम्स ऑफ डिजिटल अरेस्ट रिलेटेड टू फोर्ज्ड डॉक्यूमेंट्स में डिजिटल अरेस्ट स्कैम का खुद से संज्ञान लिया है, जहां धोखेबाज अधिकारी बनकर जाली डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करके पैसे ऐंठते हैं। गंभीर चिंता जताते हुए, कोर्ट ने सी बी आई को पूरे देश में जांच करने का निर्देश दिया, और केंद्र और राज्यों से संगठित साइबर क्राइम से निपटने के लिए संस्थागत समाधान को कहा है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने सुषमा देवी द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया और याचिका में सी बी आई को पक्षकार बनाने की अनुमति दी। अगली सुनवाई 8 जनवरी 26 को होगी। याची अधिवक्ता जितेंद्र सरीन ने कहा कि याची एक मल्टी स्टेट साइबर फ्रॉड गैंग का शिकार हुई थी। अगस्त 2025 में उसे हर्ष नाम के एक आदमी का कॉल आया। जिसने खुद को लोन ऑफिसर बताया और अच्छे इंटरेस्ट रेट पर दस लाख रुपए का बिज़नेस लोन देने का ऑफर दिया और उसे ठंडा गया। साइबर सेल असली गुनाहगारों का पता लगाने में नाकाम रही है और इस बात की संभावना है कि पुलिस इस मामले में याची को ही बलि का बकरा बना सकती है। क्योंकि उसके बैंक अकाउंट का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया गया था। याची के मुताबिक, लोन पात्रता के लिए लेन देन इतिहास बनाने के बहाने आरोपियों ने कथित तौर पर एक सितंबर 2025 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा के करेंट एकाउंट खुलवाया और 48 घंटे में एक करोड़ ओ पी पी के जरिए स्थानांतरित किए गए। इसका पता तब चला जब बैंक ने संदिग्ध लेन देन के कारण खाता सीज कर दिया। याची ने चोलापुर थाने में शिकायत की।

## रणवीर प्रसाद को अवमानना नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रणवीर प्रसाद प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अध्यक्ष राज्य कर्मचारी कल्याण निगम लखनऊ को अवमानना नोटिस जारी की है और उन्हें एक माह में आदेश का अनुपालन हलफनामा दाखिल करने या स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही की जाए। याचिका की अगली सुनवाई 6 फरवरी 26 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने कल्पनाथ तिवारी की अवमानना याचिका पर दिया है। याची ने विपक्षी पर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने कहा था कि निगम के पास फंड की कमी है। इसलिए वह याची के बकाया वेतन और भविष्य निधि का उचित समयावधि में भुगतान करें।जिसका पालन नहीं किया गया। याची ने सेवानिवृत्ति परिलाभ के भुगतान की मांग में याचिका दायर की थी।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



पायनियर संवाददाता। जौनपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण और मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विस्तारपूर्वक विधानसभावार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा बदलापुर में 80.17 प्रतिशत, शाहगंज में 79.16, जौनपुर में 68.72, मल्हनी में 77.36, मुंगराबादशाहपुर में 74.27, मछलीशहर में 76.37, मडियाहूं में 76.13, जाफराबाद में 72.57 और केराकत में 80.31 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 76 प्रतिशत से भी अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। जिसके लिए उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग हेतु राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण, ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, अध्यापक और लेखपाल सहित जितने भी कार्मिक लगे है सभी के कार्यो की सराहना की।

# ठंड के मौसम में गलत समय पर बिजली कटौती, लोगों में रोष

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)

नगर में इन दिनों सुबह के समय की बिजली कटौती लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। बिजली विभाग द्वारा प्रतिदिन निर्धारित समय पर बिजली बंद किए जाने से आमजन में रोष व्याप्त है। सुबह का समय ऐसा होता है जब लोगों को पानी भरने, स्नान करने, खाना बनाने और बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने में बिजली की सबसे अधिक आवश्यकता पड़ती है, लेकिन इसी समय की कटौती से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार सुबह की बिजली कटौती का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, बच्चों और विद्यालय जाने वाले छात्रों पर पड़ रहा है। दिसंबर माह की कड़ाके की ठंड में जब गर्म पानी की आवश्यकता सबसे ज्यादा होती है, तब बिजली न रहने के कारण लोग मजबूरन स्टोर किया हुआ ठंडा पानी इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में संक्रमण जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की आशंका बढ़ गई है। विद्यालय जाने वाले बच्चों की स्थिति और भी दयनीय है। उन्हें प्रतिदिन ठंडे पानी से स्नान कर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यही हाल सुबह-सुबह दुकान खोलने वाले दुकानदारों और विद्यालय पहुँचने वाले अध्यापकों का भी है। सभी को ठंडे पानी से नहाने के कारण असुविधा के साथ-साथ स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग सुबह के समय कटौती का समय बदलकर उसे किसी अन्य समय में लागू करे, ताकि लोगों की बुनियादी जरूरतें प्रभावित न हों। नगरवासियों ने विभाग से मांग की है कि ठंड के मौसम को देखते हुए इस तरह की कटौती तुरंत रोकी जाए या समय में बदलाव किया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति जस की तस बनी रही तो वे सामूहिक रूप से बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# जाफरपुर शक्ति केंद्र में बीएलओ बैठक

❖ एसआईआरफॉर्म भराई व संग्रहण की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा

पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर/उतरौला

विधानसभा क्षेत्र उतरौला के अंतर्गत सादुल्लानगर मंडल की ग्राम पंचायत जाफरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय (बूथ संख्या 414) पर शुक्रवार को बीएलओ के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर फॉर्म की भराई एवं संग्रहण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक रक्क्रफॉर्म समय से पहुँचाया जाए तथा प्राप्त फॉर्मों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने बीएलओ को अपने-अपने बूथ पर 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ''राजा भैया'' के प्रतिनिधि यूपी सिंह, मंडल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा महेंद्र पांडेय, प्रभाकर सिंह, राम मूरत सिंह, विनोद तिवारी, सौरभ सिंह, शरद जीत सिंह, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सीएचसी उतरौला पर लाखों की आबादी का बोझ

## अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी, महिला एवं चाइल्ड रोग विशेषज्ञ नहीं

बी पी त्रिपाठी। उतरौला (बलरामपुर)





लाखों की आबादी के बोझ से दबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में चिकित्सकों के कमी का दंश झेल रहा है। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी है।जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है जिसकी मांग काफी अरसे से की जा रही है मजबूरी में मरीजों को निजी पैथालाजी पर जांच करानी पड़ती है। अस्पताल में तीस बेड व बीस कोविड बेड से लैस है।सीएचसी उतरौला में अधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह, डा. योगेंद्र यादव, डा. संजय कुमार, डा. विनय कुमार, डा. यासिर खान व डॉक्टर सत्यम समेत छह चिकित्सकों की तैनाती है।अस्पताल में कुल ग्यारह नर्स संविदा पर काम कर रही हैं ।

लैब टेक्निशियन का कार्य तारिक, विमल, उमेश व शिवम देख रहे हैं ।एक्सरे टेक्नीशियन गयासुद्दीन देख रहे है प्रति दिन लगभग सैकड़ों पीड़ितों का एक्सरे जांच की जाती है। अस्पताल में फिनीटोयन टेबलेट, रेस्पेयरी डोन टेबलेट, व निकथामाइड इंजेक्शन, अमीनोफाइलिंग इंजेक्शन तथा मेडाजोलाम इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। सीएचसी अधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मौसम के बदलाव से मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है प्रतिदिन पांच सौ से छह सौ तक ओपीडी देखी जा रही है ।

# पाकिस्तान में नया खेला

## गृहयुद्ध के आसार के बीच हुकूमत की नई रणनीति

पाकिस्तान के हालात अभी ठीक नहीं हैं। इस बीच इमरान खान के सही-सलामत होने की खबर से काफी हद तक तनाव कुछ कम हुआ है। उनसे 20 मिनट की मुलाकात के बाद बहन डॉ. उज़्मा खानुम ने पुष्टि की कि उनकी सेहत ठीक लगती है, लेकिन उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। उन्हें लगभग पूरा दिन जेल के 'सेल' में अकेले रखा जाता है। किसी से कोई बातचीत नहीं, लिहाजा इमरान बहुत गुस्से में हैं। इन हालात के लिए इमरान ने आसिम मुनीर को दोषी करार दिया है। बहरहाल पाकिस्तान की सियासी, फौजी, हुकूमती पटकथा यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यहां से नया मोड़ लेती है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ही संसद में 27वां संविधान संशोधन पारित कराया था और फील्ड मार्शल मुनीर के लिए 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' (सीडीएफ) का नया पद सृजित किया था। मुनीर को पाकिस्तान का 'नया तानाशाह' बनाने की प्रक्रिया थी, क्योंकि संविधान संशोधन के बाद उन्हें राष्ट्रपति से भी ताकतवर बनाया जाना था। उन्हें सेनाओं का 'नया सुप्रीम कमांडर' भी बनाया जाना था। उनके खिलाफ कोई अदालती, कानूनी केस दायर नहीं किया जा सकता, ऐसी छूट भी उन्हें दी जानी थी, लेकिन मुनीर प्रशासनिक तौर पर 'तानाशाह' एक सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद ही बन पाते। प्रधानमंत्री शहबाज और उनके बड़े भाई, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने खेला करा दिया। मुनीर सेना प्रमुख के पद से 29 नवंबर को रिटायर हो गए और सीडीएफ की अधिसूचना जारी नहीं हुई, क्योंकि प्रधानमंत्री शहबाज बहरीन, यमन के प्रवास के बाद लंदन चले गए। वहां तीन दिन रहे। कहा जाता है कि वहां उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट कराए। पाकिस्तान लौटे, तो लाहौर में उतरे और बड़े भाई नवाज के साथ गुफ्तगू की। उसी दौरान मुनीर को लेकर रणनीति तय की गई, क्योंकि 'तानाशाह' बनाने की आलोचना दुनिया भर में हो रही है। यह मामला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के स्तर पर उठाया गया। रूस और चीन ने भी आगाह किया, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत को हटा कर अमरीका का दोबारा हस्तक्षेप नहीं चाहते। चूंकि मुनीर विधिवत रूप से रिटायर हो गए और नई नियुक्ति तय नहीं हुई, लिहाजा संवैधानिक और सरकारी तौर पर मुनीर आज किसी भी पद पर नहीं हैं। प्रधानमंत्री शहबाज इस्लामाबाद भी लौट आए, लेकिन उन्होंने सीडीएफ की फाइल पर दस्तखत नहीं किए थे, लिहाजा अधिसूचना भी जारी नहीं की जा सकी। प्रधानमंत्री ने मुनीर से मुलाकात भी नहीं की। क्या इसके मायने साफ हैं कि मुनीर के 'तानाशाह' बनने के मंसूबे अधर में ही लटक कर रह गए हैं? पाकिस्तान के अनुभवी पत्रकारों और हुकूमत के अंदरूनी जानकारों के दावे हैं कि अब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। उपचुनावों में उनकी पार्टी ने छह में से 5 सीटें जीत ली हैं। इमरान के समर्थन में पाकिस्तान की अवाम का सैलाब किस कदर सडक़ों पर है, यह शरीफ भाई और मुनीर दोनों ही पक्ष देख रहे हैं। ऐसे में इमरान का बाल भी बांका किया गया, तो पाकिस्तान में 'आग' और हिंसा के बेकाबू हालात होंगे। गृहयुद्ध के आसार बने ही हुए हैं। यह आकलन पाकिस्तान की हुकूमत ने भी किया है।

# डॉ. भीमराव अबेडकर का अभूतपूर्व योगदान

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार





आज, हम एक विराट व्यक्तित्व के स्वामी और आधुनिक मानव समाज की दिशा निर्धारित करने वाले प्रगतिशील उपायों के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मना रहे हैं। एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, समाज सुधारक और इन सबसे अधिक एक राष्ट्र-निर्माता के रूप में उनके अथक प्रयासों ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने केवल भारत के संविधान का मसौदा ही तैयार नहीं किया बल्कि एक ऐसे समावेशी और सशक्त राष्ट्र का खाका भी प्रस्तुत किया जहां प्रत्येक नागरिक की गरिमा की रक्षा हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके। इन मूलभूत मूल्यों से प्रेरित होकर मोदी सरकार ने जन कल्याण और सुशासन को बढ़ावा देने वाली कई पहलें की हैं। 27 नवंबर, 2025 को पेरिस स्थित यूनेस्को (UNESCO) मुख्यालय में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण विश्व डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण का साक्षी बना। विश्व के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष यह प्रतिमा न केवल भारत के एक नेता के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में बल्कि न्याय के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में खड़ी है। पट्टिका पर ₹भारत के संविधान का शिल्पकार₹ लिखा है, फिर भी ये शब्द उस व्यक्ति की विरासत का पूरी तरह से उल्लेख नहीं कर सकते, जिसने न केवल भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया, बल्कि एक पूरे राष्ट्र को समग्रतः आकार देने में मदद की।

अपने पूरे जीवनकाल में, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के अधिकार और उनके कल्याण की वकालत करते हुए न्याय के लिए संघर्ष किया। गोलमेज सम्मेलन में दलित वर्गों के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जीवन निर्वाह मजदूरी, काम करने की उचित स्थिति, दमनकारी जमींदारों से किसानों की मुक्ति और दबे-कुचले लोगों को प्रभावित करने वाली सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की पुरजोर वकालत की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से श्रमिकों और दलितों की पीड़ा को देखा था। बंबई में, वह बंबई डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की एक कमरे वाली चॉल (tenements) में मिल मजदूरों के साथ 10 साल से अधिक समय तक रहे, जहाँ कोई आधुनिक सुविधाएँ नहीं थीं और प्रत्येक मंजिल पर सभी उद्देश्यों के लिए केवल एक शौचालय और एक नल था। इन परिस्थितियों ने उन्हें श्रमिकों के जीवन को काफी नजदीक से समझने का अवसर दिया। उन्होंने आम जनता को एकजुट किया और 1936 में भूमिहीन लोगों, गरीब काश्तकारों, कृषकों और श्रमिकों के कल्याण हेतु एक व्यापक कार्यक्रम के साथ इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी (ILP) की स्थापना की। 17 सितंबर, 1937 को बंबई विधानसभा के पुणे सत्र के दौरान, उन्होंने कोंकण में 'खोती' भूमि कार्यकाल प्रणाली को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया। 1938 में, उन्होंने बंबई में काउंसिल हॉल तक किसानों के मार्च का नेतृत्व किया और किसानों, श्रमिकों और भूमिहीनों के लोकप्रिय नेता बन गए। वह कृषि काश्तकारों की दासता (बंधुआ मजदूरी) को समाप्त करने के लिए विधेयक पेश करने वाले पहले भारतीय विधायक थे। उन्होंने औद्योगिक विवाद विधेयक 1937 का भी कड़ा विरोध किया क्योंकि इसमें श्रमिकों के हड़ताल करने के अधिकार में कटौती की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनिश्चित वैश्विक व्यवस्था के दौर में डॉ. अंबेडकर ने वायसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य के रूप में भारत में मजदूरों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने और उद्योगों का विस्तार होने पर उद्यमियों को समृद्धि के अवसर मिले, लेकिन श्रमिकों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया। उस समय डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण उपाय पेश किए, जिससे सरकार की श्रम नीति की नींव पड़ी। उन्होंने श्रमिकों से जुड़े जटिल मुद्दों का बहुत दक्षता के साथ समाधान निकाला जिससे उन्हें कर्मचारियों व नियोक्ताओं दोनों से सम्मान प्राप्त हुआ।

वर्ष 1943 में बंबई से आकाशवाणी से किए गए अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित ₹जीवन की उचित स्थिति₹ सुरक्षित करने का आग्रह किया। उनके प्रयासों से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने में मदद मिली। उन्होंने प्रमुख श्रम कानूनों के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण हेतु अहम योगदान किया जिसमें युद्ध चोट (मुआवजा बीमा) विधेयक, असुरक्षित निरीक्षणों के कारण मिलों में होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने से संबंधित बॉयलर (संशोधन) विधेयक 1943, भारतीय खान और ट्रेड यूनियन संशोधन विधेयक, खनिक मातृत्व लाभ संशोधन विधेयक, कोयला खान सुरक्षा (स्टोविंग) संशोधन विधेयक और कामगार मुआवजा संशोधन विधेयक शामिल हैं।

9 दिसंबर 1943 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने धनबाद कोयला खदानों का दौरा किया और खदानों के संचालन व श्रम स्थितियों का निरीक्षण करने के लिए जमीन से 400 फीट नीचे गए। इसके परिणामस्वरूप जनवरी 1944 का कोयला खान श्रम कल्याण अध्यादेश आया, जिससे श्रमिकों के कल्याण के लिए एक कोष बनाया गया। उन्होंने कोयले की खानों से निकाले गए कोयले पर कर को दोगुना करके इस कोष को मजबूत किया, जिससे खनिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हुए। 8 नवंबर 1943 को, उन्होंने भारतीय ट्रेड यूनियन (संशोधन) विधेयक भी पेश किया, जिसमें नियोक्ताओं के लिए ट्रेड यूनियनों को मान्यता देना अनिवार्य कर दिया गया।8 फरवरी 1944 को कोयला खदानों में महिलाओं के जमीन के भीतर काम पर से प्रतिबंध हटाने के विषय पर विधानसभा में बहस के दौरान डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने कहा, ₹मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि किसी भी उद्योग में लैंगिक आधार पर भेदभाव के बिना समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत स्थापित किया गया है। ₹ यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। माइन्स मैटरनिटी बेनिफिट (संशोधन) बिल 1943 के माध्यम से उन्होंने मातृत्व लाभ को मजबूत किया और उन्हें अनुपस्थिति के कारण आर्थिक दंड से बचाने का प्रावधान किया। वर्ष 1945 में उन्होंने अधिनियम में और संशोधन किए ताकि महिलाओं को प्रसव से दस सप्ताह पहले जमीन के भीतर कार्य करने से बचाया सके और उनके लिए प्रसव से दस सप्ताह पहले और चार सप्ताह बाद कुल मिलाकर चौदह सप्ताह का मातृत्व अवकाश सुनिश्चित किया जा सके।

26 नवंबर 1945 को नई दिल्ली में भारतीय श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने श्रमिकों के प्रति सरकार के दायित्वों की समीक्षा की और श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्रम कानूनों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रगतिशील श्रम कल्याण कानून की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने कहा:-

कोई यह कह सकता है कि अंग्रेजों को श्रम कानून की एक उचित संहिता बनाने में 100 साल लग गए, किंतु यह कोई तर्क नहीं है कि हमें भी भारत में 100 साल लगने चाहिए। इतिहास का अध्ययन केवल इस दृष्टि से नहीं किया जाना चाहिए कि दूसरे देशों की गलतियों की नकल कितनी अच्छी तरह की जाए। हम इतिहास का अध्ययन इसलिए करते हैं ताकि यह जान सकें कि लोगों ने क्या गलतियां की है और उनसे कैसे बचा जा सकता है। इतिहास हमेशा एक उदाहरण नहीं होता। अक्सर यह एक चेतावनी होता है। अगले दिन उसी सम्मेलन में, उन्होंने कारखानों में काम के घंटे घटाकर 48 घंटे प्रति सप्ताह करने, वैधानिक औद्योगिक कैंटीन शुरू करने और कामगार मुआवजा अधिनियम, 1934 में संशोधन करने के लिए कानून प्रस्तावित किया। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी और भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 में संशोधन के लिए कानूनों का मसौदा तैयार करने की योजना भी घोषित की। 21 फरवरी 1946 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने साप्ताहिक काम के घंटों को घटाकर 48 करने, ओवरटाइम दरों को तय करने और सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए कारखाना (संशोधन) विधेयक पेश किया।

# भारत और रूस साझेदारी का नया अध्याय

> पुतिन की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब रूस का यूरोप से संबंध तनावपूर्ण है और पश्चिमी देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं। रूस के लिए एशिया का महत्व बढ़ा है और इस एशिया में भारत उसकी सबसे स्थिर और महत्वपूर्ण साझेदारी है।

**डॉ. कौशल कांत मिश्रा**
भाजपा प्रवक्ता
चिकित्सक एवं हिंदू श्री फाउंडेशन के संस्थापक





दुनिया इस समय जिस बड़े भू राजनीतिक परिवर्तन काल से गुजर रही है, वह आने वाले युग की अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नए सिरे से आकार देने वाला दौर है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, यूरोप में अस्थिरता, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक सप्लाई चेन में लगातार हो रहे बदलावों ने शक्ति संतुलन को पूरी तरह बदल दिया है। कई देश पुराने गठबंधनों और दबावों के आधार पर अपनी विदेश नीतियों को ढाल रहे हैं, लेकिन इस बदलते माहौल में भारत ने जिस स्वतंत्र और संतुलित राह को चुना है, वह उसे एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा किसी सामान्य राजनयिक घटना से कहीं अधिक है। अमेरिका के साथ जारी तनाव, यूक्रेन संकट और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच पुतिन का भारत आना यह संकेत देता है कि नई विश्व व्यवस्था में भारत और रूस के संबंधों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण पूरी दुनिया इस यात्रा को ध्यान से देख रही है।

राष्ट्रपति पुतिन के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रोटोकॉल से हटकर पालम एयरपोर्ट जाना, उनका गर्मजोशी से स्वागत करना और उन्हें गले लगाना केवल औपचारिकता नहीं था, बल्कि यह उस गहरे भरोसे और ऐतिहासिक मित्रता की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी जिसे दोनों देशों ने दशकों में मिलकर बनाया है। जनमानस भी इस यात्रा को लेकर उत्साह से भरा दिखाई दिया। यह वही अपनत्व की भावना है जिसने भारत और रूस के रिश्ते को राजनीतिक बदलावों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद हमेशा स्थिर बनाए रखा। भारतीय चैनल के साथ एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भारत और रूस का सहयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अब एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति है और उसकी नीतियां पूरी तरह स्वतंत्र हैं। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की भी प्रशंसा करते हुए उन्हें एक भरोसेमंद नेता बताया जो किसी भी बाहरी दबाव में नहीं आते। उन्होंने कहा कि मोदी का नेतृत्व भारत को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है और दुनिया में एक स्थिर और आत्मविश्वासी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत और रूस की मित्रता किसी एक कालखंड या किसी एक नेतृत्व की उपज नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज की बहुध्रुवीय दुनिया तक दोनों देशों का संबंध विभिन्न चुनौतियों से गुजरे हैं, लेकिन हर परिस्थिति में यह रिश्ता और अधिक गहरा होता गया है। इंडो सोवियत संधि से लेकर रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष कार्यक्रम, ऊर्जा सुरक्षा और निवेश तक, हर क्षेत्र में रूस भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। पुतिन की यह यात्रा इस ऐतिहासिक सहयोग को नई ऊर्जा देती है और यह संदेश भी देती है कि आने वाले वर्षों की वैश्विक व्यवस्था में भारत और रूस दोनों एक दूसरे के लिए अनिवार्य साझेदार बने रहेंगे।

यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब रूस का यूरोप से संबंध तनावपूर्ण है और पश्चिमी देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं। रूस के लिए एशिया का महत्व बढ़ा है और इस एशिया में भारत उसकी सबसे स्थिर और महत्वपूर्ण साझेदारी है। भारत के दृष्टिकोण से भी रूस केवल रक्षा उपकरणों का स्त्रोत नहीं, बल्कि ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष सुरक्षा और भू राजनीतिक संतुलन का अहम साथी है। रूस के साथ संवाद भारत को वह रणनीतिक स्वतंत्रता देता है जो किसी उभरती हुई शक्ति के लिए अनिवार्य है। पश्चिमी दबावों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी और इससे न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई बल्कि घरेलू अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता मिली। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के व्यक्तिगत संबंध इस साझेदारी को और मजबूती देते हैं। दोनों नेताओं के बीच वर्षों से भरोसे और सहज संवाद का संबंध है। व्लादिवोस्तोक में रूस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिए गए सर्वोच्च सम्मान से लेकर एस 400 मिसाइल सिस्टम के निर्णय तक, ये सभी घटनाएं इस बात को प्रमाणित करती हैं कि दोनों देशों का रिश्ता परिस्थितियों से नियंत्रित नहीं होता बल्कि पारस्परिक सम्मान और रणनीतिक समझ पर आधारित होता है। यूक्रेन संकट आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनयिक मसला है। भारत ने शुरुआत से यह स्पष्ट किया कि यह युद्ध बातचीत और कूटनीति से ही समाप्त हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति पुतिन से कहा गया यह वाक्य कि आज का युग युद्ध का नहीं है, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बना। भारत ने बार बार यह बताया है कि युद्ध का असर केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करता है। खाद्यान्न, ऊर्जा, महंगाई और सप्लाई चेन सभी इससे प्रभावित होते हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा से यह उम्मीद बढ़ती है कि भारत शांति निर्माण की पहल में एक संतुलित और विश्वसनीय आवाज बना रहेगा।

भारत और रूस का रक्षा सहयोग इस रिश्ते का सबसे मजबूत स्तंभ है। भारतीय सेना की बड़ी संरचना दशकों से रूसी तकनीक पर आधारित रही है। एस 400 मिसाइल सिस्टम, ब्रह्मोस मिसाइल प्रोग्राम, परमाणु ऊर्जा साझेदारी और संयुक्त निर्माण मॉडल भारत को न केवल आधुनिक सैन्य क्षमता प्रदान करते हैं बल्कि उसे रणनीतिक स्वावलंबन भी देते हैं। ब्रह्मोस मिसाइल की अंतरराष्ट्रीय पहचान ने भारत को रक्षा निर्यातक देश के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रूस समझता है कि भारत भविष्य की तकनीक और रक्षा नवाचार का केंद्र बनने की क्षमता रखता है, इसलिए वह संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन पर जोर देता है। इसी रणनीतिक ढांचे के तहत राष्ट्रपति पुतिन के दौरे से पहले भारत और रूस ने 2 अरब डॉलर की न्यूक्लियर सबमरीन डील को अंतिम रूप दिया। 2027 तक मिलने वाली यह परमाणु ऊर्जा चालित सबमरीन भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता को नई ऊंचाई देगी और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को और मजबूत करेगी। इस डील का दबदबा क्षेत्रीय स्तर पर भी महसूस किया जाएगा, क्योंकि यह पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों की सामरिक रणनीति पर सीधा प्रभाव डालेगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आप की बात

### अब बिजली बिल का बोझ दोबारा न लद जाए

यूपी सरकार की बिजली बिल राहत योजना ऐसे लोगों के लिए किसी लॉटरी से कम नहीं है जिसका कई वर्षों से बिल बकाया है और वह जमा नहीं कर पा रहा था। सरकार ने इस योजना को अमली जामा पहना कर छोटे और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए राहत देने का कार्य किया है। ऐसे में सरकार को राजस्व की प्राप्ति तो होगी ही साथ ही ऐसे लोगों के बिल भी क्लीयर हो जायेंगे जो बिजली विभाग के कर्ज के तले वर्षों से दबे हुए थे। हालांकि सरकार की इस योजना से हजारों-लाखों लोगों को लाभ तो मिलेगा परन्तु अब ऐसे उपभोक्ताओं को चाहिए कि वह अब बराबर बिजली का बिल जमा करते रहे जिससे उनके ऊपर अब बिजली बिल का बोझ दोबारा न लद जाए।

**मनोज वैश्य, बछरावां**

### विराट कोहली संघर्ष, जुनून और निरंतरता का प्रतीक

विराट कोहली सिर्फ भारतीय क्रिकेट का सुपरस्टार नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा हैं जिसने पूरे देश की क्रिकेट सोच को बदल दिया है। कोहली का खेल देखने पर यह समझ आता है कि प्रतिभा और मेहनत का सही मेल किसे कहते हैं। उनका हर एक रन, हर एक शतक सिर्फ सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि उनकी मानसिक मजबूती और अनुशासन का परिचायक है। जब टीम दबाव में होती है, कोहली की मौजूदगी ही उम्मीद बन जाती है। बड़े लक्ष्यों का पीछा करते समय उनका आत्मविश्वास और आक्रामकता देखने लायक होती है। विरोधी टीमों के लिए भी वे हमेशा एक चुनौती रहे हैं, क्योंकि वह किसी भी परिस्थिति में अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने की क्षमता रखते हैं। उनकी फिटनेस संस्कृति ने भारतीय टीम के भीतर एक नया मानक स्थापित किया है। डाइट, फोकस, ट्रेनिंग—हर क्षेत्र में कोहली ने खुद को एक परफेक्ट प्रोफेशनल साबित किया है। मैदान पर उनका जुनून युवाओं में सीखने की चाह पैदा करता है। हालांकि हर खिलाड़ी की तरह कोहली के भी कठिन दौर आए, लेकिन उनकी सबसे बड़ी खूबी यही रही कि उन्होंने अपनी आलोचनाओं को ईंधन बनाया और और भी मजबूत होकर वापसी की। मेरे लिए विराट कोहली सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि निरंतरता, जुनून और संघर्ष की पहचान हैं।

**रूद्रवीर प्रताप शर्मा, सुलतानपुर**

### इकबाल लौटा तो खाकी का ख्याल भी बदला

जायज को नाजायज और नाजायज को जायज बना देने के कथित ठप्पे को लखनऊ पुलिस ने न केवल पूरी तरह मिटाने का प्रयास किया है. बल्कि खाकी अब मित्र की भूमिका में ड्यूटी बजा कर अपने कर्त्तव्यों काल बखूबी निर्वहन भी कर रही है। अपराधियों के खिलाफ सख्त दिखने वाली पुलिस ने अब अपनी छवि को काफी हद तक सुधारा है। योगी सरकार ने जिस तरह खाकी का इकबाल लौटाया है उसने पुलिस को अपना रवैया सुधारने पर विवश कर दिया। पुलिस की कोई भी सेवा अब आम नागरिकों के लिए बिना किस भय और आशंका के आसान हो गई है। इतना ही नहीं लखनऊ पुलिस ने कई मौकों पर इंसानियत की मिसाल भी पेश की गै। लोगों में अब खाकी का वह खौफ नहीं देखने को मिलता। अपवाद छोड़ दें तो हर मौके पर पुलिस की गाजिरी दोखने को मिलती है। शहर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था ने आम शहरियों को काफी हद तक राहत पहुंचाई है। उनका खाकी में भरोसा बढ़ा है तो पुलिस का हौसला भी परवान चढ़ने लगा है। ऐसे में आम नागरिकों को भी पुलिस ड्यूटी के दौरान खाकी के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए ताकि नए परिवेश में अमन चैन और सुरक्षा की हालत और पुख्ता हो जाए। फिलहाल पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही और नागरिक समस्याओं को लेकर उसका नजरिया और रवैया दोनों बदला है। ऐसे में योगी सरकार के प्रयासों की सर्थकता अब साफ झलक रही है।

**प्रांजल, लखनऊ**

### जितना खा सकें उतना ही खाना ले प्लेट में

शादी-विवाह का दौर इस समय चल रहा है, किसी के पुत्र का विवाह है तो किसी के पुत्री का। तमाम तरह के व्यंजनों के साथ नास्तें की विभिन्न वैरायटियां भी मेजों पर सजी हैं। लोग-बाग सभी तरह के व्यजंनों को चखने के लिए खाने की प्लेट में सब कुछ रख लेते है। इस फेर में रहते है कि कहीं यह आइटम दोबारा न मिल पाये। इसके चलते यह इतना ज्यादा नास्ता या फिर खाना परोस लेते है जो उनके पेट में समां नहीं पाता है। फिर होता है खाना की बर्बादी का दौर...क्या खाने वाले ने इस बात को कभी सोचा है कि जिसने यह आयोजन किया है उसने किस तरह से जोड़-जोड़ कर आगुंतकों के लिए खाने का इंतजाम किया है। इस पत्र के माध्यम से मै यह ही कहना चाहती हूं कि कृपया ऐसा न करें, जितना खाना, खाना है उतना ही प्लेट में लें।

**अंशू, गोसाईगंज**

# सरकार दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रतिबद्ध : अदिति

पायनियर संवाददाता। रायबरेली




स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज प्रागंण में दिव्यांगो हेतु एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगो को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सहायक प्रबंधक एलिम्को सुरेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में विकास खण्ड अमावां व छतोह के दिव्यांगो को 22 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 102 ट्राईसाइकिल, 28 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 208 बैसाखी, 14 वॉकिंग स्टीक छड़ी, 1 सीपी चेयर, 2 ब्रेल केन, 1 ब्रेल किट, 21 सुगम्य केन, 16 श्रवण यंत्र कान की मशीन इत्यादि वितरित किये गये। आयोजित शिविर में सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाये चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शुक्रवार को उसी क्रम में दिव्यांगो को उपकरण वितरण किये गये है। जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वावलंबी बन सकें। सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा कि दिव्यांजन समाज के सम्मानित और अभिन्न अंग है, जिसमें असीम संभावनाए छिपी होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सकार द्वारा दिव्यांगों के कल्याण हेतु अनेक योजनाए संचालित है। जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और मुख्यधारा से जोड़ना है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि जनपद में दिव्यांगों को चिन्हित करके सूची तैयार कराकर उपकरण का वितरण कराया जा रहा है। ताकि कोई भी पात्र दिव्यांगजन सहायक उपकरणों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, एलिम्को कानपुर के सहयोग से विकास खण्ड अमावां से 71 व छतोह से 136 कुल 207 पंजीकृत दिव्यांगजन लाभार्थियों को 432 सहायक उपकरण वितरित किये गये है।

## ट्रेन से कटकर नवयुवक की गई जान

**लालगंज, रायबरेली।** बहाई गांव के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर एक नवयुवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पूरे झाऊलाल मजरे बहाई गांव निवासी अमरेश 20 पुत्र जागेश्वर यादव सुबह शौच क्रिया के लिये बाहर गया था। जिसके बाद उसके टेज्न से कटने की सूचना घर पहुंची तो परिजनो में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगो का मजमा लग गया। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक अमरेंश अक्सर कानो में ईयरफोन लगाकर सुबह शौच क्रिया के लिये निकलता था। पुलिस ने बताया कि उन्हे पूरे झाऊलाल गांव के पास पोल संख्या 110/15 व 111/1 के बीच एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिये बैठक आयोजित

**रायबरेली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज व समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त सिविल जज क श्रेणी के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह द्वारा की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये। बैठक में अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में न्यायालय में लम्बित मामलों का निस्तारण कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने का प्रयास किया गया।

# प्राथमिकता से निस्तारित हों सैनिक कल्याण बन्धुओं की समस्याएं : डीएम

पायनियर संवाददाता। गोंडा



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक कल्याण बन्धुओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी लंबित समस्याओं, आवश्यक सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना रहा।

जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान व हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि सैनिकों एवं उनके परिवारों से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में किया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किये कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न होने पाए तथा सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले में चल रही विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों, पेंशन संबंधी प्रकरणों, रोजगार अवसरों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विभागों के स्तर पर सैनिक कल्याण से संबंधित उपलब्धियों और प्रस्तावित कार्यवाहियों की जानकारी साझा की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सैनिक कल्याण बंधुगण उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : नेहा



पायनियर संवाददाता। गोंडा

शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक एवं प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा ने देर रात्रि अलाव व रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सुश्री मिश्रा ने गुरुवार की देर रात करनैलगंज के प्रमुख चैराहों, रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा आवश्यकतानुसार स्थल पर ही सुधार के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि अलाव की निरंतर उपलब्धता, रैन बसेरों की नियमित निगरानी तथा जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आग से मवेशियों समेत परिवार का सबकुछ हुआ नष्ट

**अमेठी** ।जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के बालदास मजरा करमई गांव में गुरुवार देर रात करीब 9:30 बजे अचानक एक छप्पर में लगी भीषण आग ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। आग इतनी तीव्र थी कि देखते ही देखते एक परिवार का सारा घरेलू सामान और पशुधन जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी कोशिशें कीं, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।जानकारी के मुताबिक निश्चा पत्नी स्व. विजय कुमार के घर में निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में अधिकांश घरेलू सामान छप्पर के नीचे रखा गया था। इसी बीच देर रात अचानक आग उठी और कुछ ही मिनटों में पूरा छप्पर आग की चपेट में आ गया।इस अग्निकांड में परिवार के कीमती मवेशी—एक भैंस, दो भैंस के बच्चे, एक गाय और एक बछड़ा जलकर मर गए। ग्रामीणों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि मवेशियों को बाहर निकालने का मौका भी नहीं मिला, जिससे गांव में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेज दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, क्योंकि आग में उनका पूरा जीवन-निर्माण जलकर खाक हो गया है।

### कुएं में मिला 32 वर्षीय युवक का शव

**अमेठी** । जिले के मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे सूरजबली तिवारी मजरे पूरब गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।मिली जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी विपिन पांडेय (32) पुत्र कपिल देव पांडेय पिछले तीन दिनों से लापता थे। परिजन उनकी खोजबीन में जुटे थे, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने मृतक के घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित कुएं में एक शव देखा। पुष्टि होने पर पता चला कि वह शव विपिन पांडेय का ही है।कुएं में शव मिलने की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुंशीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से निकलवाकर कब्जे में लिया।मुंशीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जय सियाराम के नारों से गुंजायमान हुआ आसमान



**तिलोई,अमेठी।** ब्लाक क्षेत्र तिलोई के सेमरौता में तीन दिवसीय मेले में धनुष यज्ञ के उपरांत ग्रामीणों द्वारा भव्य रामबारात निकाली गई जिसमें घोड़े ऊंट मोटरसाइकिल कार समेत सैकड़ों की संख्या में पुरुष बच्चे एवम महिलाएं शामिल हुई । रामबारात धनुष यज्ञ स्थल से चलकर सम्पूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची ।भ्रमण के दौरान जगह जगह एवम प्रत्येक व्यक्ति के दरवाजे से होकर गुजरी जहाँ ग्रामीणों द्वारा राम बारात का भव्य स्वागत किया गया। राम बारात के दौरान जयश्री राम के नारों से आकाश गुंजायमान हो गया। भगवान श्रीराम की मूर्ति की सभी जगह ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश अग्निहोत्री, बाल कृष्ण त्रिपाठी,परमानंद मिश्र बैजनाथ अग्निहोत्री,बबलू त्रिपाठी, आनंद तिवारी, करुणेश अग्निहोत्री, अभिषेक, अग्निहोत्री जानू, सधन बाजपेई आशू तिवारी शिवम,सत्यम अवधेश मिश्र लालू भोला सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### दिव्यांगों को वितरित किया गया उपकरण

**जगदीशपुर अमेठी।** दिव्यांग जनों को प्रदेश एडिप योजना के अन्तर्गत विभिन्न सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस मौके पर जिले के विभिन्न अधिकारीयों समेत भारी संख्या में सम्मानित गण मौजूद रहे। विकासखंड के अंतर्गत दिव्यांग जनों को उपकरण वितरण में ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, फोल्डिग वॉकर,रोलेटर,बी टी कान मशीन,सी पी चेयर समेत आदि उपकरण वितरण किया गया वहीं कलम बंद हड़ताल को लेकर धरने पर बैठे पंचायत सचिव ने जिले से आए हुए जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस मौके पर विभागीय दिव्यांग अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अनुपम पांडेय, राजेश कुमार अग्रहरि, ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह,मान सिंह राठौर, खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज, रामहेत वैश्य सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

**उन्नाव।** दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पाली गांव के पास घुमावदार मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे रंजीत और उसके पीछे बैठा दोस्त जग्गा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्राप्त विवरण के अनुसार आज़ाद नगर, बीघापुर निवासी 28 वर्षीय रंजीत खेती और मजदूरी कर परिवार का पालनझ्रपोषण करता था। मंगलवार को पूरे दिन काम करने के बाद शाम सवा छह बजे निकला उसके साथ उसका दोस्त था। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि रंजीत के साथ बाइक पर उसका दोस्त, 30 वर्षीय जग्गा निवासी ककराहिनखेड़ा, भी सवार था। दोनों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई थी और बाद में अस्पताल में मौत हो गई।

### चलती कार में लगी आग, लगा जाम

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी क्षेत्र अंतर्गत लखनऊझ्रकानपुर हाईवे पर गुरुवार रात लगभग आठ बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब कल्लूपुरवा के पास एक चलती कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। घटना पुलिस चौकी से करीब पांच सौ मीटर पहले हुई।अचानक उठी लपटों के बीच कार में सवार दोनों लोग तत्क्षण बाहर कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कार में शॉर्ट सर्किट या अधिक गर्मी (ओवरहीटिंग) के चलते आग लगी हो सकती है।आग लगते ही हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। कार लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही थी।

# बोर्ड परीक्षा में लापरवाही पाए जाने पर होगी कठोर कार्यवाही: डीएम



पायनियर संवाददाता। उन्नाव

डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 को नकल विहीन सकुशल शांति पूर्ण शुचिता पूर्ण कराये जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट के पन्ना लाल सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण नकल विहीन पारदर्शी व सुचिता पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिया उन्होंने कहा की परीक्षा में किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो गंभीरता से लिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगे हों और इसकी मॉनिटरिंग जिम्मेदार अधिकारी द्वारा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं फर्नीचर प्रकाश पेयजल की सुविधा होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर यह सुनिश्चित कराया जाए की बालक और बालिका का अलग अलग शौचालय हो। जिलाधिकारी ने कहा कि स्ट्रांग रूम जहां पर प्रश्न पत्र रखे जाने हैं सुरक्षा में किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो।सीसीटीवी कैमरे संचालित रहने चाहिए। बोला सीसीटीवी की मानीटरिंग ठीक ढंग से हो।जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण पेपरों पर सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष ध्यान रखा जाए उसे दिन कड़ी मॉनिटरिंग किया जाए। डीएम ने कहा की विद्यालय में अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था हो। डीवी आर में न्यूनतम 30 दिन की रिकॉर्डिंग अवश्य हो। परीक्षा केंद्र की इंटरनेट के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग करने हेतु वेब कास्टिंग के निमित्त राउटर हाई स्पीड नेट की व्यवस्था पहले से कर लिया जाए। कहा कि विद्यालय में शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था ठीक हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। विद्यालय में प्रश्न पत्रों उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा हेतु स्ट्रांग रूम एवं सुरक्षित अलमारी की व्यवस्था। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि जनपद में 122 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं जिसमें 10 राजकीय 50 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 62 वित विहीन विद्यालय हैं। हाई स्कूल में कुल 39508 इंटर में कुल 32166 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। बैठक के अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौर सिंह अरोड़ा जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधान के ऊपर गिरी पेड़ की डाल, मौत

**कुड़वार-सुलतानपुर।** घर के बाहर खड़े अधेड़ के ऊपर अचानक पेड़ की डाल गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।स्थानीय विकासखंड के अजियाउर देवी मजरे ऊंचगांव निवासी पूर्व प्रधान सिद्धनाथ (55) पुत्र राम पियारे गुरुवार शाम अपने दरवाजे के बाहर खड़े थे। तभी एक पेड़ की डाल अचानक ऊपर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन घायल को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक वर्ष 2010 से 2015 तक ग्राम पंचायत ऊंचगांव के प्रधान रह चुके हैं। जो बहुत सरल एवं सौम्य स्वभाव के थे।

## भूमि बेचने की धोखाधड़ी में 13 आरोपियों पर मुकदमा

**सुलतानपुर।** राजस्व परिषद के फैसले को छिपाते हुए गलत चौहद्दी दिखाकर दूसरे की जमीन बेचने की धोखाधड़ी में कोतवाली नगर पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया पूरे बिसेन निवासी असगर के अटॉर्नी अब्दुल वहीद ने तहरीर दी कि असगर के नाम दर्ज जमीन को फर्जी तरीके से मिलीभगत कर आरोपियों ने बेच दिया। मुकदमेबाजी की जानकारी के बावजूद कई लोगों ने भूमि को गलत चौहद्दी के सहारे मिलीभगत कर खरीदा। अब्दुल वहीद के वकील अब्बास अहमद खान ने बताया कि इससे पूर्व भी मुकदमे के कई आरोपियों पर सरकारी संपत्ति पर कब्जा कर अवैध रूप से बेचने के आरोप है।

# ग्राम पंचायत व विकास अधिकारियों का शांतिपूर्ण धरना, भेजा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। बीघापुर, उन्नाव



ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आवाहन पर विकासखंड परिसर में पंचायत सचिवों ने शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य सचिव, प्रदेश शासन को बीडीओ पंकज गौतम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

धरने में प्रमुख रूप से ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था का विरोध, अन्य विभागों के अतिरिक्त कार्यों पर रोक, तथा शैक्षिक योग्यता स्नातक स्तर करने सहित कई मांगों को शामिल किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते दायित्वों के मद्देनज़र व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाने चाहिए, ताकि कार्यक्षमता और पारदर्शिता बनी रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति के अध्यक्ष विशाल गौतम, महामंत्री डॉ. अमरेश वर्मा, जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष शशिकांत अवस्थी, जिला ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के मंत्री योगेश यादव, तथा पवन मौर्य, स्वप्निल सिंह, मृगांक गौतम, पल्लवी शुक्ला, विपिन कुमार, हिमांशु और साजिद रिजवी सहित अनेक पंचायत सचिव उपस्थित रहे। धरना शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# कोर्ट के आदेश पर गंगाघाट पुलिस ने मकान करा दिया कब्जा-मुक्त



पायनियर संवाददाता। उन्नाव


गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार को मरहला चौराहे के पास हनुमान बाग इलाके में एक मकान को किरायेदार से खाली कराया। यह कार्रवाई अदालत के आदेश पर की गई। संबंधित मकान का स्वामित्व रतन टंडन के पास है।मिली जानकारी के अनुसार, विवादित मकान हनुमान बाग ट्रस्ट की जमीन पर बना है, जहां विजय कुशवाहा लंबे समय से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। मकान खाली न करने को लेकर शुरू हुआ विवाद अदालत पहुंच गया था। लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला मकान मालिक रतन टंडन के पक्ष में सुनाया।गंगाघाट पुलिस द्वारा मकान कब्जा-मुक्त कराए जाने के बाद संपत्ति औपचारिक रूप से मालिक रतन टंडन को सौंप दी गई है। पुलिस ने बताया कि आगे भी ऐसे मामलों में कानूनन कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्री शंकराचार्य इंटर कॉलेज के संरक्षक का निधन, शोक

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में शुक्रवार शाम दुखद घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। श्री शंकराचार्य इंटर कॉलेज बल्दीराय के संरक्षक राम कुमार श्रीवास्तव का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही शिक्षा जगत सहित पूरे क्षेत्र में शोक की भावना फैल गई।दिवंगत राम कुमार श्रीवास्तव, सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक शिवम श्रीवास्तव के नाना तथा स्वर्गीय आलोक श्रीवास्तव के पिता थे। परिजनों के अनुसार, वह काफी समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें बचाया नहीं जा सका।परिवार ने जानकारी दी कि अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव नेवादा हैधना कला में किया जाएगा।

# दलित युवक की नृशंस हत्या, घर से 100 मीटर दूर फेंका शव

पायनियर संवाददाता। मोतिगरपुर- सुलतानपुर



शहर से महज कुछ किलोमीटर दूर रामगढ़ बाजार में गुरुवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब सब्जी लेने गए दलित युवक संजय (20) को एक सब्जी विक्रेता ने मामूली लेन-देन के विवाद में बर्बरता पूर्वक पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और फिर बाइक पर लादकर घर से मात्र 100 मीटर दूर सड़क किनारे फेंककर भाग निकला।

रात में संजय ने दम तोड़ दिया। परमानपट्टी गांव निवासी संजय गुरुवार शाम करीब 6 बजे पैदल ही रामगढ़ बाजार सब्जी लेने गया था। वह पहले उसी सब्जी विक्रेता किशन सिंह बहाउद्दीनपुर, थाना गोसाईंगंज की दुकान पर काम करता था। पुलिस के अनुसार पुराने लेन-देन को लेकर दोनों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट हो गई। किशन ने बांस के डंडे व लोहे की रॉड से संजय पर ताबड़तोड़ वार किए। पीठ, सिर और आंखों के पास गहरे जख्म के निशान मिले हैं। मारपीट के बाद किशन ने अपने साथियों के साथ संजय को बाइक पर लादा और रामगढ़-काछा मार्ग पर घर के पास फेंककर फरार हो गया। परिवार वालों ने उसे उठाकर घर ले आए, लेकिन न तो पुलिस को खबर की और न ही अस्पताल ले गए। रात में हालत बिगड़ने पर संजय की मौत हो गई। सुबह जैसे ही घटना की जानकारी हुई, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी, कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा व मोतिगरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के बड़े भाई रवि कुमार की तहरीर पर सब्जी विक्रेता किशन सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना बांस का डंडा भी बरामद किया है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव लाया गया, आक्रोशित परिजनों ने अंत्येष्टि करने से इनकार कर दिया और सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपित को फांसी, परिवार को 25 लाख मुआवजा, आवासीय व कृषि योग्य भूमि की मांग की। काफी समझाने-बुझाने के बाद एसडीएम प्रभात कुमार सिंह व सीओ के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

# सऊदी अरब में हार्ट अटैक से जिले के कफील अहमद का निधन

**सुलतानपुर।** थाना कुड़वार क्षेत्र के धाराएं निवासी कफील अहमद (45) की सऊदी अरब के जेद्दा में हार्ट अटैक से मौत हो गई। करीब 19 दिन बाद गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर वतन लौट आया, जिसे देखते ही गांव में कोहराम मच गया और माहौल गमगीन हो गया।

कफील अहमद पिछले 15 वर्षों से जेद्दा में टाइल्स मेशन का काम कर रहे थे। 16 नवंबर की सुबह अचानक हुए हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। परिजनों को सूचना मिलते ही धाराएं गांव में मातम फैल गया। कफील आखिरी बार 17 फरवरी 2025 को रोज़गार के लिए सऊदी गए थे। कफील अहमद अपने पीछे पत्नी राजिया बानो और 13, 8 व 5 वर्ष की तीन मासूम बेटियां छोड़ गए हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर आंख नम है।शव को भारत लाने के लिए परिवार ने लगातार कोशिशें कीं। बाद में उन्होंने कादीपुर निवासी समाजसेवी अब्दुल हक से संपर्क किया। अब्दुल हक, जिन्होंने पूर्व में भी कई भारतीयों के शव विदेशों से मँगवाने में सहायता की है, तुरंत जेद्दा स्थित भारतीय दूतावास से जुड़े और जरूरी दस्तावेज़ भेजे।कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्थिव शरीर गुरुवार तड़के 3 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही चीख-पुकार से माहौल गूंज उठा।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



# बोगस फर्म बनाकर 10.77 करोड़ की जीएसटी चोरी

## काठमांडू घूमकर आए 3 दोस्त शाहजहांपुर में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

पुलिस ने जीएसटी की बोगस फर्म बनाकर 10 करोड़ 77 लाख रुपए की कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव यादव और दीपक दिल्ली, सिद्धार्थ पांडेय प्रयागराज का रहने वाला है। आरोपी ने लग्जरी लाइफ जीने के 35 लाख रुपए कीमत की कार खरीदी और उससे अपने घूमकर अपने शौक पूरे करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 200 फर्जी रेंट एग्रीमेंट, 39 पैन कार्ड कापी, फर्जी नोटरी मोहर समेत कई दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दरअसल, जीएसटी विभाग की तरफ से शाहजहांपुर में जीएसटी कर चोरी की एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद शाहजहांपुर एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर जीएसटी कर चोरी करने वालों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने कर चोरी करने वाले गौरव यादव जो दिल्ली का रहने वाला है। उसको गिरफ्तार किया है।



### असल में नहीं करते कोई खरीदारी, लगाते हैं फर्जी बिल

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि असल में कोई भी सामान व्यापारियों को नही दिया जाता है। फर्जी बिल जीएसटी पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं। जिसमे जीएसटी पोर्टल पर व्यापारी की आईटीसी दिखाई देने लगती है। इसी तरह करोड़ों रुपए के फर्जी बिल के माध्यम से आईटीसी पास हो जाती है।कुछ व्यापारी असली माल खरीदे बिना फर्जी बिलो के आधार पर आईटीसी ले लेते हैं। जिसमे उनकी टैक्स लायबिलिटी कम हो जाती है। कुछ व्यापारी अटना टर्नओवर नकली बिलो से ज्यादा दिखाते हैं। जिससे बैंक लोन में ज्यादा फायदा मिलता है और सप्लायर की क्रेडिट सीमा ज्यादा हो जाती है। इसी तरह धोखाधड़ी कर लाभ प्राप्त करते हैं। व्यापारियों से अच्छा कमीशन मिल जाता है। आरोपियों के अनुसार, हम लोग बिना आईडी के सिम बेचने वालों से एक्टिवेट सिम अधिक रुपए देकर खरीद लेते हैं। उसे जीएसटी की फर्जी फर्म बनाने, बैंक खाता खुलवाने में इस्तेमाल करते हैं। आरोपियों के मुताबिक उनके इस कार्य में कुछ बैंक कर्मी भी मदद करते हैं। अब तक जो फर्जी जीएसटी आईडी बनाई गई है उसमे पढ़ने वाले बच्चों, नौकरी करने वाले और बस के चालक या परिचालक की हैं। पुलिस के अनुसार, जीएसटी कर चोरी करने के मामले में कई व्यापारी उनकी रडार पर हैं। जो इन आरोपियों की बोगस फर्म का इस्तेमाल कर कर चोरी में शामिल हैं। आरोपी इसी कार से कुछ दिन पहले नेपाल के काठमांडू घूमने गए थे। वहां पर इस कार से एक्सीडेंट हुआ था लेकिन वह वहां निकल आए थे। इसी तरह आरोपी जीएसटी कर चोरी कर अपनी लग्जरी लाइफ जीते थे।

#### तीनों आरोपी आपस में दोस्त

आरोपी गौरव बीए पास है और उसने लग्जरी लाइफ जीने के लिए पत्नी के नाम 35 लाख रुपए कीमत की कार खरीदी थी। दूसरा आरोपी सिद्धार्थ पांडेय प्रयागराज का रहने वाला है जो 12वीं पास और तीसरा आरोपी दीपक दिल्ली का रहने वाला है जो सातवीं पास है। तीनों दोस्त हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने का विज्ञापन देते है। जो लोग हमसे लोन प्राप्त करने के लिए संपर्क करते हैं। हम उनके वॉट्सऐप पर बात करते हैं। हम लोग उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली का बिल धोखाधड़ी कर हासिल कर लेते हैं। फिर उनसे फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर फर्जी रेंट एग्रीमेंट तैयार करके उनको असली के रूप में प्रयोग कर बोगस जीएसटी फर्म बनाते हैं। फिर उन फर्म के नाम पर बैंकों में करंट अकाउंट खुलवाते हैं। फर्जी जीएसटी बोगस फर्मों का हम लोग एक चैन बनाते हैं। ताकि हम लोग जीएसटी अधिकारियों के पकड़ में न आएं। और इन फर्जी फर्मों में जीएसटी 2ए में खरीद दिखाकर टैक्स बनाया जाता है। और आर-1 में फर्जी बिल बनाकर बिक्री दिखाकर उस टैक्स को असली व्यापारी को फायदा पहुंचाया जाता है।

# मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत एक दिन के लिए प्रिंसिपल के रूप में छात्रा का चयन

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर में मिशन शक्ति फेज-05 के तहत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय-योग्यता एवं प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से ''एक दिन की प्रिंसिपल'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष पहल के अंतर्गत कॉलेज की प्रतिभावान छात्रा आंचल मिश्रा बी.एड प्रथम वर्ष को एक दिन के लिए प्रिंसिपल का दायित्व प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान चयनित छात्रा ने सेमिनार हाल में संबोधन दिया तथा कॉलेज की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा संबंधित प्रकोष्ठों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कॉलेज की प्राचार्या प्रो.शुचिता पांडेय ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें



नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसी पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होती हैं। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति समिति के प्रभारी सुमित्रा पटेल एवं सदस्यों के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक, सभी प्रकोष्ठों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## किसानों को दिलाई गई मिट्टी संरक्षण की शपथ

**भीटी, अंबेडकरनगर।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कृषि विज्ञान केंद्र पाती, अंबेडकरनगर में विश्व मृदा दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. राम जीत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किसानों को मिट्टी की सेहत, संरक्षण और सतत उपयोग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी न केवल खाद्यान्न उत्पादन का आधार है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक संसाधन है। यही कारण है कि मिट्टी को जीवित संसाधन समझते हुए उसका संरक्षण प्रत्येक किसान का दायित्व बन जाता है।

## एसपी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली



पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित साप्ताहिक परेड में सलामी ली। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस बल को दौड़ कराई तथा टोलीवार परेड ड्रिल का जायजा लेते हुए आरक्षियों को ड्रिल संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। परेड के बाद उन्होंने यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण करते हुए हेडलाइट, हूटर, इंडिकेटर, फर्स्ट एड किट सहित सभी आवश्यक उपकरणों को मानक के अनुरूप रखने और उनकी देखरेख व सफाई सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश जारी किए। इसके उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्ड एवं शस्त्रागार का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षणरत आरक्षी रंगरूटों की तैयारी का भी जायजा लेते हुए उन्हें अनुशासन, दक्षता एवं प्रशिक्षण गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए आदेशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर अभियान के तहत तेजी से हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण कार्य



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विगत चार नवम्बर से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का पूरे भारतवर्ष मे अभियान चलाया जा रहा है जो कि आगामी ग्यारह दिसम्बर तक बृहद अभियान चलाकर किया जाना है। जिसके तहत लखीमपुर ब्लाक व तहसील क्षेत्र के गांव भल्लिया व रजौरा के भाग संख्या 46 उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भल्लिया में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमे कुल मतदाता 1050 है जबकि वहां बूथ लेवल अधिकारी रामदेवी, मंजुला शुक्ला,सुनीता पाण्डेय व माया देवी ने कडी मसक्तत के पश्चात लगभग 900 मतदाताओ के फार्मों का शुद्धिकरण कर डाटा फीड किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी ग्यारह दिसम्बर तक शेष बचे मतदाताओं का मतदाता पुनरीक्षण कर डाटा फीड किया जायेगा।

### ऑनलाइन उपस्थिति व अतिरिक्त कार्यों के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी बैठे धरने पर



**किछौछा/अम्बेडकरनगर।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर बसखारी विकास खंड परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने बुधवार को सांकेतिक धरना देकर अपनी तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह धरना ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की अनिवार्यता और गैर-विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ के विरोध में आयोजित किया गया। अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने धरना दिया और अपनी समस्याओं को प्रमुख सचिव तक पहुंचाने की मांग उठाई। धरनास्थल पर एडीओ आईएसबी धीरेंद्र सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें—ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था समाप्त करने, कृषि फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी सहित अन्य गैर-विभागीय कार्यों के दबाव को कम करने, अतिरिक्त कार्यों के लिए यात्रा भत्ता एवं मोबाइल सिम कार्ड उपलब्ध कराने—शामिल रहीं। अधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ते भार से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए शासन को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। धरने में सर्वेश मौर्य, दिनेश यादव, दिनेश कुमार, प्रवेश कुमार, अमरजीत वर्मा, इंद्रसेन, अनुज यादव, पूजा चौरसिया, देवेंद्र यादव, अभिषेक उपाध्याय, राजीव वर्मा, अशोक राजभर, शरद चंद, इरफान हैदर, जयंत यादव, शशांक वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शासन से मांगों पर सकारात्मक विचार करने की अपील की।

### कृषकों को मिल रही राहत, किछौछा व बसखारी केंद्रों पर धान खरीद में तेजी



**किछौछा/अम्बेडकरनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मूंग, उड़द, मूंगफली, अरहर, तिल समेत धान की समर्थन मूल्य पर व्यापक स्तर पर खरीद जारी है। इसका सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। जिले के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बसखारी केंद्र पर अब तक 40 किसानों से लगभग 1400 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं किछौछा धान क्रय केंद्र पर खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा 107 किसानों से 5424 कुंतल धान खरीदा गया है। किछौछा क्रय केंद्र पर दो कांटे संचालित होने से किसानों को तौल में काफी राहत मिल रही है और इंतजार की समस्या भी नहीं हो रही। एसएमआई प्रवीण सिंह ने बताया कि किसानों के धान की खरीद शासन की मंशा के अनुरूप सुगमता से की जा रही है। बसखारी केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किसानों को सलाह दी कि जिनका ऑनलाइन पंजीकरण एवं लेखपाल द्वारा सत्यापन पूर्ण हो चुका है, वे धान को अच्छी तरह सुखाकर ही केंद्र पर लाएं। 17% से अधिक नमी पाए जाने पर तौल रोक दी जाएगी और धान सुखाकर पुनः तौल कराया जाएगा। केंद्रों पर बढ़ती खरीद से किसानों में संतोष का माहौल है।

## 31 दिसंबर तक चलेगा टीकाकरण अभियान

# बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य : अधीक्षक

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने कहा कि टीकाकरण उत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण से आच्छादित करना है, ताकि गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित हो सके अभियान के दौरान टीकाकरण की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर देने की बात कही गई।

स्वास्थ्य टीम ने बताया कि उत्सव के दौरान लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच बनाकर टीकाकरण किया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने कहा कि टीकाकरण न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि यह प्रतिरोधक क्षमता को को भी बढ़ाता है और कुपोषण से




रोकथाम होती है। इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही जिन बच्चों का टीकाकरण तो हो चुका है, लेकिन यूविन पर पंजीकरण नहीं है। उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। टीकाकरण से एक दिन पहले आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को व्यक्तिगत तौर पर आमंत्रित करेंगी। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यूविन पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही बच्चे का टीकाकरण हो। ड्यू लिस्ट में जो भी बच्चे चिह्नित हैं, उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर माइक्रो प्लान के अनुसार किया जाए। टीका उत्सव अभियान सीएचसी क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 31 दिसम्बर माह आयोजित होगा।

### टीके पूरी तरह सुरक्षित :- डॉ अनिल यादव

जिला प्रोग्राम मनैजर डॉ अनिल यादव ने बताया कि 12 जानलेवा बीमारिया हैं। टीबी, पोलियो, काली खांसी, गलघोंटू, इन्फ्लूएंजा, टिटनेस, खसरा, डायरिया, निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, रूबेला और जापानी इंसिफेलाइटिस। गर्भवती को टिटनेस व व्यस्क डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाए जाते हैं। टीका पूरी तरह से सुरक्षित है।

### सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई घर-घर जाकर लोगों को किया जागरुक!

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र परिवारों और उनके सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना है।इस अभियान के तहत, स्वास्थ्य कर्मियों की टीम आयुष्मान सूची के आधार पर घरों का सत्यापन कर रही है। आशा कार्यकर्ताओं की मदद से पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और अन्य पात्र लोगों को भी कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक (जिनके परिवार में छह या उससे अधिक सदस्य हैं), अंत्योदय राशन कार्ड धारक और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड निरंतर बनाए जा रहे हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि सरकार आयुष्मान भारत योजना का लाभ हर गांव तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए बेहद फायदेमंद है जो इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं।इस अभियान के दौरान जनपद के योजना जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल यादव,अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई व स्वास्थ्य टीम क्षेत्र के बांस ताली गांव में पहुंचकर बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बनाया ।

### सीएचसी अधीक्षक ने किया अपील!

सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील किया कि वे टीकाकरण दिवस (बुधवार एवं शनिवार) पर अपने नजदीकी टीकाकरण सत्र पर 0-5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण जरूर कराएं, इससे उन्हें 12 तरह की गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और पॉक्सो एक्ट में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता। बरेली

थाना शीशगढ़ पुलिस ने नाबालिग लड़की को साथ ले जाने और उसकी मांग में सिंदूर भरने के मामले में पॉक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला दीपावली के समय मेहमानी पर आए रिश्तेदारों का है, जो लौटते समय 14 वर्षीय किशोरी को अपने साथ ले गए थे।पुलिस के अनुसार, वादिनी की नाबालिग बेटी ने 29 नवंबर को अपनी बड़ी बहन के मोबाइल पर अभियुक्त करन के साथ माला डाले हुए फोटो भेजा था। बड़ी



बेटी ने यह फोटो वादिनी को दिखाया तो वह स्तब्ध रह गई। वादिनी के अनुसार, किशोरी की मांग में सिंदूर तक भर दिया गया था। घटना की जानकारी होने के बाद वादिनी ने 3 दिसंबर को थाना शीशगढ़ में तहरीर दी। इसके आधार पर मुनिया पत्नी अशोक, अशोक पुत्र नामालूम और करन पुत्र अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।मुखबिर की सूचना पर व0 उप निरीक्षक सुनील कुमार व टीम ने झुमका तिराहा के पास घेराबंदी कर अभियुक्त करन (19) और अभियुक्ता मुनिया (42) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, उनि सुनील कुमार, कांस्टेबल रिंकू और महिला कांस्टेबल अल्का शामिल रहे।

## जमीन विवाद में व्यक्ति को मारी गोली, गम्भीर

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

वार्निंग देकर कुछ घंटे बाद मार दी गोली, हालत गंभीरः खेत को लेकर चल रहा था विवाद, बेटा बोला- शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नही लिया। शाहजहांपुर में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति को गोली मार दी गई।

घटना जलालाबाद थाना क्षेत्र के रूस्तमपुर मोहल्ले में देर रात करीब 9 बजे हुई। घायल की पहचान जलालाबाद निवासी जगदीप सिंह के रूप में हुई है, जिनके हाथ में गोली लगी है। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जगदीप सिंह देर रात अपने घर के बाहर थे, तभी चीख-



पुकार और गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने जगदीप को घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा पाया। इसी दौरान उनका एक रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचा, जिसने बताया कि वह तारों में उलझकर गिर गया और उसके पैर का अंगूठा टूट गया। दोनों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। घायल जगदीप सिंह के बेटे अरशदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी सिविल कोर्ट में जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा है। गुरुवार शाम को दूसरे पक्ष के लोग गांव आए थे और खेत खाली करने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर खेत खाली नहीं किया तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। जब पिता ने कानून का सहारा लेने की बात कही, तो आरोपियों ने परिवार को खत्म करने की चेतावनी दी थी। अरशदीप सिंह का यह भी आरोप है कि उन्होंने इस मामले की सूचना पुलिस और आलाधिकारियों को दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनके पिता ने दूसरे पक्ष से भी कोर्ट जाने और वहां के फैसले को मानने की बात कही थी।

## गेहूं के खेत में मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पायनियर संवाददाता। बरेली

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सैंथल में शुक्रवार की सुबह रहस्यमयी हालत में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव के ही 22 वर्षीय लालता प्रसाद उर्फ मुकेश का शव शुक्रवार सुबह गेहूं के खेत में पड़ा मिला।

परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम गांव सैंथल में चिराग अली की मजार पर मेला लगा था। मृतक लालता प्रसाद उर्फ मुकेश (22) पुत्र राम प्रसाद मेला देखने गया था। रात करीब 11 बजे परिजनों ने उसे फोन कर घर बुलाया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। रात 1 बजे दोबारा फोन



किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। परिजन पूरे रात परेशान रहे और सुबह होने पर तलाश शुरू की।सुबह गांव वालों ने गेहूं के खेत में युवक का शव पड़ा देखा और परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**टांडा, अम्बेडकर नगर।** टांडा कोतवाली पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ 22 वर्षीय युवती को बहाने से बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी 45 वर्षीय अलीसान पुत्र स्व. मोहम्मद एहसान, निवासी फूलपुर, तीन बच्चों का पिता है।

घटना 1 दिसंबर 2025 की है, जब आरोप है कि अलीसान ने युवती को बहाने से दस रुपये देकर एक निर्माणाधीन मकान में ले जाकर शारीरिक शोषण किया। मकान मालकिन द्वारा घटना देखने पर आरोपी ने धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़िता की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया और आरोपी की तलाश शुरू की।

## ग्राम सचिवों का शांतिपूर्ण सत्याग्रह रहा जारी

- अपनी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। बांकेगंज-खीरी

विकास खंड मुख्यालय पर तीसरे दिन भी ऑनलाइन उपस्थिति और पंचायत सचिवों से लिए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में ब्लॉक परिसर बांकेगंज में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा शांतिपूर्वक सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

गैर विभागीय कार्यों का विरोध करते हुए पंचायत सचिव ने सरकारी ग्रुपों से अपने आप को पृथक कर लिया सत्याग्रह आंदोलन में मौजूद ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पंचायत




सचिवों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश अव्यवहारिक तथा काम में बाधा पहुंचाने वाला है इसलिए इसका समाधान न होने तक हम सभी संगठन की मंशा के अनुसार इसका विरोध करेंगे। जिसको लेकर 5 दिसंबर को ब्लॉक परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर अशोक राणा, विजेंद्र अवस्थी, अमित गुप्ता,रुचि पांडे, योगेश वर्मा अभिषेक प्रताप सिंह हरि राना राकेश भार्गव विजेंद्र अवस्थी आलोक अवस्थी विकास श्रीवास्तव बृजेश सविता आदि ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लॉक मुख्यालय पर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में हुआ मंथन



पायनियर संवाददाता। बांकेगंज-खीरी

ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी एवं न्याय पंचायत की मासिक बैठक एवं संगठन सृजन अभियान और एसआई आर को लेकर जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई।

5 दिसंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर रामचंद्र मिश्रा के आश्रित पुत्र जिला महासचिव के के मिश्रा उर्फ अनु मिश्रा के बांकेगंज स्थित आवास पर कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक की गई जिसमें बैठक में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से चर्चा की और एसआईआर को लेकर सभी को जागरूक किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल,रामपाल राज जिला सचिव जिला महासचिव के के मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन राज पासी बदन सिंह यादव दिल्ली प्रसाद वर्मा रामाधार राज अनंत राम गौतम ओवैस खान संतोष कुमार राज सोनू सिंह शास्वात मिश्रा, गुलजारी लाल सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कई ब्लॉकों में एसआईआर कार्य लगभग पूरा

❖ आजमगढ़ में डीएम की मेहनत लाई रंग, अब तक 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद मे शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है तथा जनपद मे अब तक 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रो के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

विधानसभा क्षेत्र 343 अतरौलिया के 99.38 प्रतिशत, वि0स0 344 गोपालपुर के 100 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 345 सगड़ी के 100 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 346 मुबारकपुर के 99.37 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 347 आजमगढ़ के 99.92 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 348 निजामाबाद के 100 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 349 फूलपुर पवई के 99.64 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 350 दीदारगंज के अंतर्गत 99.52 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 351 लालगंज के 96.40 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र 352 मेंहनगर के 98.68 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। SIR को लेकर जिलाधिकारी स्वयं विधानसभा क्षेत्र-लालगंज, अतरौलिया, आजमगढ़ व अन्य कम प्रगति वाले बूथों का औचक निरीक्षण कर कार्य में रूचि न लने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर के विरूद्ध अनुशासनिक/ विभागीय कार्यवाही की गयी, जिसके कारण रक्फ़कार्य में तेजी आयी व ससमय अपेक्षित प्रगति प्राप्त हुई। जिलाधिकारी बूथ भ्रमण हेतु अपने आवास से प्रातः 7.00 बजे निकल दोपहर तक बूथों का भ्रमण करते थे व पुनः वापस आकर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई व विभागीय बैठक भी करते थे, जिनके अथक प्रयास व सुनियोजित योजनाबद्ध तरीके से कराये।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर फांसी पर झूला फैक्ट्री कर्मी, मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात कस्बे की इमिलिया थोक में एक फैक्ट्री मजदूर पत्नी से झगड़ने के बाद पत्नी को वीडियो कॉल करके फांसी पर झूल गया। पत्नी ने रात में ही मकान मालिक को फोन करके बताया तो मकान मालिक ने खिड़की से जाकर देखा तो वह फांसी पर लटक रहा था। मृतक जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव का निवासी था और पत्नी बच्चों संग किराए के मकान में रहकर फैक्ट्री में मजदूरी करता था। जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव निवासी सुनील कुमार (32) अपनी पत्नी संगीता के अलावा 6 वर्षीय पुत्र एवं 3 वर्षीय पुत्री के साथ किराए के मकान में रहकर कस्बे की रिमझिम इस्पात लिमिटेड में चूना प्लांट में कार्य करता था। वहीं पत्नी भी फैक्ट्री में मजदूरी करती थी।

# सचिवों ने सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन किया शुरू

❖ बीडीओ को सौंपा 11 सूत्रीय मांग पत्र

**पायनियर संवाददाता। जालौन (उरई)**



ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों से विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य कराये जा रहे। सचिव से अन्य कार्यों को कराये जाने से नाराज सचिवों ने विरोध जताते हुए क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन किया तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा।

क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पदस्थ क्षेत्रीय ग्राम सचिवों (ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी) से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये जाये जा रहे जबकि विभाग के ग्राम पंचायत स्तर 29 से अधिक विभागीय कार्य कराये जा रहे। शिक्षा, राजस्व कृषि पशुपालन आदि विभागों के कार्य लिये जा रहे। एक तरफ काम की अधिकता है तो दूसरी तरफ मोबाइल एप व इन्टरनेट पर वेबसाइट पर अपलोड करना पड़ रहा है। सचिवों पर इतना काम है कि वह ड्यूटी समय में पूरा नहीं कर सकता है फिर भी वह किसी तरह सभी काम करता है इसके बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जा रही है। सचिवों ने ग्रेड वेतन 2800 से बढ़ाकर 4200 रुपए किये जाने, पंचायतों में हो रहे शोषण को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों की ऑडिट के विकल्प के रुप में ऑडीटर के स्थान पर चार्टड एकाउन्टेट सोशल ऑडीटर से कराये जाये हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करायी जाने आदि मांगों को लेकर सचिव ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन किया।

# जंगल में महिला से दुष्कर्म आरोपी की तलाश में पुलिस

**पायनियर संवाददाता। महराजगंज**

❖ गांव के युवक पर लगा है आरोप

जनपद के नौतनवा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। अड्डा बाजार चौकी के पास स्थित एक गांव की महिला रोज की तरह जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान गांव का ही युवक दिन्ने भर वहां पहुंचा और महिला को अकेला पाकर जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को रोते हुए पूरी आपबीती सुनाई।

परिवारजन तत्काल थाने पहुंचे और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया। नौतनवा थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी दिन्ने भर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## करंट से झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत

**राठ (हमीरपुर)।** गुरुवार को उमनिया-.चिरवा गांव के बीच में विद्युत पोल पर चढ़कर हाईटेंशन लाइन को ठीक रहे प्राइवेट लाइनमैन करंट लगने झुलस गया था। चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया था। देर रात लाइनमैन ने इलाज के दौरान झांसी में दम तोड़ दिया। कोतवाली के गल्हिया गांव निवासी परमेश्वरी दयाल ने बताया कि उसका पुत्र जितेंद्र(25) प्राइवेट लाइनमैन था। गुरुवार को गांव के रामपाल के के साथ क्षेत्र के चिरवा गांव के पास विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए गया था। तभी हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया था।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान ने पकड़ी गति

**पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले भर में व्यापक ग्रह संपर्क अभियान की शुरूआत की हैं। वर्ष 1925 में परमपूजनीय स्व. डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार द्वारा स्थापित संगठन इस विशेष अवसर पर विजयादशमी उत्सव, घर घर संपर्क अभियान हिन्दू सम्मेलन, प्रबुद्धजन गोष्ठियां, युवा उत्सव कार्यक्रमों तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाओं के आयोजन जैसी गतिविधियां संचालित कर रहा है। प्रत्येक परिवार को भारत माता का चित्र, संघ की गतिविधियों से संबंधित पत्रक व पुस्तिका वितरण कर परिवारों से संवाद स्थापित किया। अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न धर्मों तक संगठन की मूल भावना व उद्देश्य पहुंचाना और राष्ट्रवादी चेतना को व्यापक स्तर पर अभिव्यक्त करना है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, बलवीर सोनी, रवींद्र सिंह, गौरव चतुर्वेदी, सुरजीत भदौरिया विश्व हिंदू परिषद के गौरव चतुर्वेदी इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। घर-घर संपर्क अभियान दिनों दिन गति पकड़ रहा है।

## गुरू के बगैर हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकतेः सुखनंदन

**जालौन (उरई)।** गुरू की महत्ता हमारे जीवन में अनुपम है क्योंकि गुरू के बिना हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकते हैं। लेकिन हमेशा इस बात का सदैव ही ध्यान रखना चाहिए कि गुरू के समक्ष चंचलता नहीं करनी चाहिए और सदा ही अल्पवासी होना चाहिए। जितनी आवश्यकता है उतना ही बोलें और जितना अधिक हो सके गुरू की वाणी का श्रवण करें। यह विचार मोहल्ला जोशियाना में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास सुखनंदन मयूर ने श्रोताओं के समक्ष कहे। जोशियाना में लल्ला तिवारी के आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास सुखनंदन मयूर ने कहा कि गुरू चरणों की सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य होता है, जो अनमोल है।

# अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन हुआ शुरू

**पायनियर संवाददाता। महोबा**



उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन की शुक्रवार को ₹खिचड़ी तुलाई ₹ की अहम रश्म के साथ शुरुआत हो गयी. देश भर से आये सात सौ से अधिक किन्नरों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की.किन्नर सम्मेलन यहां एक सप्ताह तक चलेगा। बुंदेलखंड का कश्मीर के नाम से विख्यात चरखारी कस्बा इन दिनों किन्नरों की चकाचौंध से सराबोर है। यहां आयोजित किन्नर सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से जुटे किन्नर लोगो के आकर्षण का केंद्र बने है। महाराष्ट्र से आई खूबसूरत रूपा की अदाएँ और पंजाब से आई पायल का अनूठा अंदाज जहाँ हर किसी को रिझा रहा है तो सोने के जेवरों से सजी-धजी बेबी पर बरबस ही हरेक नजर ठहर रही है। कस्बे के हर एक चौराहे और हर एक गली में बस किन्नर ही किन्नर नजर आ रहे है। सम्मेलन एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित है किन्तु इसकी अलग तरह की ख़ास गतिविधियों के चलते हर किसी की जुबान पर किन्नर सम्मेलन की चर्चा है। किन्नरों के आपसी रिश्तों को प्रगाड़ करने और उनके मुद्दों का आपसी संवाद से समाधान निकालने के लिए आयोजित किन्नर सम्मेलन की शुरुआत पारम्परिक खिचड़ी तुलाई से हुयी.संयोजक जीनत किन्नर ने बताया की भारत के सुखी व समृद्धि की कामना और लोक मंगल की भावना के साथ आरम्भ हुये सम्मेलन में खिचड़ी तुलाई के तहत किन्नर गुरुओं द्वारा मूंग की दाल और चावल को सोने की ताराजू से बराबर मात्रा में तौल कर मिला दिया जाता है।

## संदिग्धों की पहचान के लिये पुलिस ने चलाया अभियान

**कालपी (जालौन)।** बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा चेकिंग करके कार्रवाई करने की योजना बनाई है। क्षेत्रधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि काशीराम आवासीय कॉलोनी कालपी में रहने वाले लोगों को पुलिस के द्वारा सत्यापन किया जाएगा। सीओ ने कल पीस कमेटी की मीटिंग में नागरिकों से विचार साझा किए। कई लोगों ने बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन करने को लेकर चर्चा की थी। सीओ ने नागरिकों से अपील की है कि अगर आपके पास संदिग्ध टाइप का व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा कि काशीराम कॉलोनी में रहने वाले लोगों का सत्यापन इलाकाई पुलिस के द्वारा किया जाएगा।

# तीन दिवसीय खेल स्पर्धा में रेड हाऊस रहा विजेता

**पायनियर संवाददाता। सिसवा बाज़ार, महराजगंज**



स्थानीय आरपीआईसी स्कूल में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा के समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और प्रमाण पत्र दे कर पुरस्कृत किया गया।इस प्रतियोगिता में अपना नायाब प्रदर्शन करते हुये रेड हाऊस के खिलाड़ियों ने चौदह गोल्ड, 6 सिल्वर तथा तीन ब्रॉन्ज के साथ पहले स्थान पर रहे।इसके अलावा येलो हाउस दूसरे स्थान व ब्लू हाऊस ने तीसरे स्थान पर जीत दर्ज की,स्पोर्ट्स बॉय के रूप में येलो हाऊस के मुकेश यादव व श्वेता कुशवाहा, और नजराना, साक्षी विश्वकर्मा को संयुक्त रुप से स्पोर्ट्स गर्ल्स चयन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ पंकज तिवारी ने विजेता रेड हाउस को बधाई देते हुए अन्य हाऊस के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में बहुत छोटी छोटी गलती से भी पहला स्थान ना पाकर हार का समाना करना पड़ता है।

# गांव में बहने लगी चुनाव की बयार, शिकायतों का अंबार

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

❖ हाकिमों के दरबार में पहुंचने लगी शिकायते, गांव में चुनावी माहौल का बढ़ने लगा तापमान

गांव पंचायतों में गांव की सरकार बनाने के लिए जोर आजमाइश शुरू हो गई है। विकास को लेकर आरोप और प्रत्यारोप की गति जोर पकड़ने लगी है। जनपद में पंचायत चुनाव की आहट तेज हो रही है।

वैसे-वैसे चुनावी माहौल परवान चढ़ने लगी है। त्योहारों पर प्रत्याशी अभी से चुनावी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। आलम यह कि जिला पंचायत राज विभाग में शिकायतों का अंबार लगने लगी है। जिलाधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय में भी हर रोज भारी संख्या में शिकायत पहुंचने लगी है। इससे लगने लगा है कि गांव में पंचायत चुनाव को लेकर मामला गरम हो गया है। जबकि जिला प्रशासन मतदाता सूची को सही करने में दिन-रात जुटा हुआ है। वहीं ग्रामीण जनता अपने-अपने गांवों की समस्याओं और अनियमितताओं का पुलिंदा लेकर कलेक्ट्रेट और विकास भवन का रुख कर रही है।

यहां बता दें कि अभी तक पंचायत चुनाव का मुकर्रर तारीख तय नहीं हुई है। फिर भी जनपद के 882 गांवों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है।

## भाभी से हुए विवाद में देवर ने फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा, हमीरपुर।** चार चांदी के सिक्कों के बटवारे को लेकर भाभी से हुए विवाद के बाद देवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरायच में बीती शाम देर शाम एक ट्रक चालक ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरायच निवासी सूरज अनुरागी(25) ने गुरुवार की देर शाम घर में हुए विवाद के बाद शराब के नशे में अपने घर के कमरे में लगे पंखे पर रस्सी बांध फांसी लगात्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मामले की मृतक ट्रक चलाकर अपने परिवार के भरण पोषण में मदद करता था।

# नेत्र शिविर हुआ आयोजित



**पायनियर संवाददाता। हमीरपुर**

नगर पंचायत कुरारा की चेयरमैन श्रीमती आशारानी कबीर के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन से क्षेत्र की जनता को आँखों की रोशनी वापस दिलाने के लिए कुरारा कस्वे में एक विशेष निःशुल्क नेत्र शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस नेत्र शिविर में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और नेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जाँच कराई। कई लोगों को मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों का पता चला जिन्हें निःशुल्क दवाइयाँ चश्मे एवं आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

इस शिविर में आसपास के कई गावो के लोगो ने भाग लिया। लोगो का कहना है कि इससे वृद्ध लोगो को आंखों का इलाज सुचारुरुप से हो सकेगा।

## एएसपी के भतीजे को ट्रक ने रौदा, मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे जनपद को झकझोर दिया। मौरंग से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक बारात में शामिल होने आए 21 वर्षीय युवक को रौंदकर फरार हो गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम और इलाके में सनसनी फैल गई। महोबा जनपद के सिजहरी गांव निवासी सुयज्ञ त्रिपाठी जो कि महोबा के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ विचित्र मोहन त्रिपाठी का इकलौता पुत्र था गुरुवार की शाम सुमेरपुर स्थित हरिओम गेस्ट हाउस में आई एक बारात में शामिल होने आया था। शादी समारोह संपन्न होने के बाद देर रात वह गेस्ट हाउस से बाहर निकला और जैसे नेशनल हाईवे पर पहुंचा पत्यौरा की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उसे सीधी टक्कर मार दी।

# किसानों को नहीं मिल रहा अनुदानित बीज

❖ कागजी खानापूर्ति का झमेला किसानों के लिये बना मुसीबत का सबब

**पायनियर संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)**



कृषि इकाई केंद्र माधौगढ़ पर किसानों को अनुदानित बीज वितरण नही कराया गया जिससे केंद्र पर भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण दूर-दराज से आए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान घंटों इंतजार के बाद भी बीज नहीं ले पा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वितरण प्रक्रिया में मनमानी की जा रही है और व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं।

कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण से पहले किसानों की जमीन के अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद किसानों तक पहुंच सके। हालांकि, इस प्रक्रिया में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। स्थानीय क्षेत्रीय गांव के बुजुर्ग श्यामवीर, हरेन्द्र, गोपाल, श्यामसुंदर, सुनीता ने बताया कि वह सुबह से गोदाम पर आए थे, लेकिन दोपहर में जब अंगूठा लगवाने का नंबर आया तो कर्मचारियों ने जमीन के अभिलेख न आने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया। ग्रामीण ने शिकायत की है कि वह सुबह से बैठे हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर नहीं आया है और कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि कर्मचारी मनमानी तौर पर बीज वितरण करते है। तो कहीं सर्वर की समस्या बताकर टाल दिया जाता है। किसानों ने यह भी बताया कि कृषि इकाई केंद्र पर उनके लिए कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें पानी पीने के लिए भी दूर जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। इस संबंध में जब गोदाम प्रभारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। राजकीय बीज गोदाम पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने जानकारी दी कि कागजी कार्यवाही पूर्णतया सत्यापित होनी चाहिए एवं एक एकड़ से अधिक भूमि होने पर ही लाभार्थी को लाभ दिया जायेगा।

# तीन अभियुक्तों पर आरोप पत्र, दो पर पार्ट विवेचना जारी

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

गोरखपुर जनपद के कैण्ट थाना क्षेत्र में दर्ज एक चर्चित मुकदमे की विवेचना में पुलिस ने तीन अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया है, जबकि दो अभियुक्तों के विरुद्ध पार्ट विवेचना अभी जारी है। मामला वादी अरुण कुमार सिंह पुत्र श्रीराम नगीना सिंह निवासी गोरक्षनगर सिघड़िया थाना कैण्ट की लिखित सूचना पर दिनांक 21 अगस्त 2025 को पंजीकृत हुआ था।

वादी की तहरीर पर मुकदमा रघुवंश सिंह, उषा सिंह, सुमित सिंह और शिवेन्द्र सिंह के विरुद्ध दर्ज हुआ। विवेचना वरि०उ०नि० को आवंटित की गई, जिन्होंने घटनास्थल निरीक्षण वादी व गवाहों के बयान तथा दस्तावेजों का अवलोकन कर कार्यवाही प्रारम्भ की। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण रघुवंश सिंह, उषा सिंह, सुमित सिंह, शिवेन्द्र सिंह तथा धर्मेन्द्र सिंह का नाम-पता तस्दीक हुआ।

अब तक की विवेचना में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त उषा सिंह पत्नी रघुवंश सिंह, सुमित सिंह पुत्र रघुवंश सिंह तथा शिवेन्द्र सिंह पुत्र रघुवंश सिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा के अंतर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया। इन तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र संख्या 499/2025 दिनांक 27 नवम्बर 2025 के जरिए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुत्र से परेशान पिता ने डीएम से की शिकायत

**पायनियर, हमीरपुर।** स्थानीय कालपी चौराहा मोहाल निवासी शफीक खां ने जिलाधिकारी को बताया कि उसका बडा पुत्र मुफीश खान छह माह से अलग रह रहा है, स्वयं उसने शादी कर ली है मगर वह उसे रोजाना परेशान करता है। पिता ने बताया कि उसने अपने पुत्र को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। जिलाधिकारी को बताया कि यदि उसके द्वारा मेरे नाम का उपयोग किया जाता है तो उससे कोई लेना देना नही है। उसने इस मामले की जानकारी पुलिस को भी दे दी है। इसके अलावा शफीक खां ने जिलाधिकारी से अन्य शिकायते की है। एसडीएम सदर का कहना है कि यदि इस मामले की शिकायत उसके सामने आयेगी तो कार्यवाही करेगे।

## लॉक तोड़कर शिक्षक की बाइक हुई चोरी

**पायनियर, जगम्मनपुर (जालौन)।** कस्बा जगम्मनपुर में हुसेपुरा रोड स्थित ध्रुव के मकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर चोर वाइक चुरा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार आशीष पटेल पुत्र प्रेम नारायण पटेल निवासी पचोखरा थाना एट जगम्मनपुर में किराए के मकान में रहकर हिम्मतपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। बीती रात्रि अपनी डीलक्स मोटर साइकिल रोज की भांति घर के सामने खाली पड़े हुए प्लांट में खड़ी करके लॉक लगाकर रोज की भांति अंदर सो गए मौके को भांप कर चोरों ने ताला तोड़कर वाइक चोरी कर ले जाने में सफल रहे। चोरी गयी मोटर साइकिल नंबर यूपी 92 एएफ 1468 काले रंग की बताई जा रही। इसके बाद भी चोरों का मन नहीं भरा उन्होंने पड़ोस में बने कलू लक्षकार की मोटर साइकिल का ताला तोड़ने का प्रयास किया तभी लोगों के जागने की आहत पाकर चोर भाग जाने में सफल रहे। शिक्षक ने बाइक चोरी की लिखित तहरीर रामपुरा थाने में दी है।

## जुमे की नमाज के दौरान पुलिस महकता रहा चौकन्ना

**पायनियर, कालपी (जालौन)।** स्थानीय नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के द्वारा सतर्कता बरती गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी की अगुवाई में जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस जवान तैनात रहे। दरअसल 6 दिसंबर को अयोध्या की बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसीं को लेकर प्रशासन चौकसी बरते हुए हैं। वहीं जुम्मे की सामूहिक नवाज को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शाही जामा मस्जिद, खानकाह शरीफ मस्जिद, मुड़िया गुंबद मस्जिद, बड़ी मस्जिद जुलेहटी में कोतवाल के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजनंदन सिंह, पुतूलाल, सिपाही विमलेंद्र कुमार, आशीष सिंह मौजूद रहे। वही चौकी इंचार्जों सुरेश चंद्र, जितेंद्र सिंह चंदेल, विशाल भड़ाना, आदि धर्मस्थलों के आसपास भ्रमणशील रहे। दर्जन भर मस्जिदों में जुमे की नमाज संपन्न हुई।

## महिलाओं-छात्राओं को किया गया जागरूक

**पायनियर, कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी के निर्देश पर महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में कालपी नगर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया। इस दौरान विधालयों के आसपास तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में घूम-घूम कर महिलाओं, छात्राओं को जागरूक करके शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। शुक्रवार की सुबह से ही वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, महिला सिपाहियों संध्या यादव, प्रीति, नेहा, आदि ने भीड़ भाड़ वाले मुन्ना फुल पावर बाईपास चौराहे मे मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी।

## शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी बरामद


**पायनियर, जालौन (उरई)।** भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने तथा अन्य चोरियों में लिप्त चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये चोर के पास से पुलिस ने 42 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गये चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने के घटना ने पुलिस की किरकिरी करा दी थी। अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रही पुलिस को उस समय सफलता हाथ लग गयी जब 4 दिसंबर 25 की रात लगभग 12 बजे औरइया मार्ग कोतवाली प्रभारी आनन्द कुमार सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रही थी।

## कुयें में गिरने से किसान की मृत्यु

**पायनियर, राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव में खेत पर बने कुएं में किसान की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गांव निवासी मनीष ने बताया कि उसके पिता 55 वर्षीय रविंद्र पुत्र नारायण दास गुरुवार को अपने खेत में सिंचाई के लिए गए थे। तभी रात्रि में पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गए। सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिता को कुएं से बाहर निकलवाया। तब तक पिता की मौत हो चुकी थी। पति की मौत पर पत्नी नीलम का रो रोकर बुरा हाल है। मझगवां थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तालाब से हटाया गया कब्जा, दस को नोटिस

**पायनियर, राठ (हमीरपुर)।** शुक्रवार को रामलीला मैदान चरखारी रोड स्थित छोटा चौपरा तालाब पर राजस्व और नगर पालिका की टीम ने जेसीबी मशीन से सफाई कराकर 10 कब्जा धारियों को नोटिस दिए। वहीं अतरौलिया में स्थित दीपा तालाब से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। शासन के आदेश पर राजस्व विभाग के कानूनगो सुरेश यादव और नगर पालिका की टीम ने रामलीला मैदान स्थित छोटा चौपरा की साफ सफाई कराई गई और कब्जाधारियों को नोटिस देकर कब्जा हटाए जाने की चेतावनी दी। कानूनगो सुरेश यादव ने बताया कि तालाब में बरसों से कब्जा है। टीम ने वहां की साफ सफाई कराई और नगर पालिका की टीम ने 10 लोगों को तीन.चार दिन में कब्जा हटाने के नोटिस थमाये हैं। बताया कि दीपा तालाब में 100 मीटर तक के अतिक्रमण को हटाया गया है। यहां पर नाप.जोख हो रही है। स्थाई कब्जे को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और कस्बे के तालाबों में जमे अतिक्रमण को हटाया जाएगा।



# पंचायत सेक्रेटरी संघ ने जिलेभर में मांगों को लेकर दिया धरना

पायनियर संवाददाता। बाराबंकी

यूपी ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर विकास खंड फतेहपुर में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों ने शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय परिसर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। सचिव ऑनलाइन उपस्थिति प्रणालीए बढ़ते गैर विभागीय कार्यभार तथा संसाधनों की कमी से परेशान हैं। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपा।

धरने पर मौजूद ग्राम पंचायत सचिवों ने बताया कि शासन के आदेश संख्या 33.1.2025 दिनांक 03 नवम्बर 2025 के अनुसार विभिन्न जनपदों में सचिवों से ऑनलाइन उपस्थिति अंकित कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। सचिवों का कहना है कि उनका कार्यक्षेत्र पूर्णतः फील्ड आधारित है तथा एक.एक सचिव के पास 4 से 9 ग्राम पंचायतों का प्रभार रहता है। ऐसे में किसी एक निश्चित स्थान व निश्चित समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यवहारिक रूप से संभव ही नहीं है।

सचिवों ने इसे अन्य विभागों में लागू न होने वाली ‘असमान व्यवस्था’ बताते हुए सभी विभागीय क्षेत्रीय कर्मचारियों हेतु समान उपस्थिति प्रणाली लागू करने की मांग की।सचिवों ने यह भी कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति हेतु थर्ड पार्टी एप के लिए अपने निजी मोबाइल फोन का डाटा एक्सेस देना निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। मोबाइल फोन व सिम व्यक्तिगत संपत्ति हैं और इनमें बैंकए आधार तथा निजी डेटा की सुरक्षा जुड़ी होती है। सचिवों ने साइबर क्राइम व डेटा चोरी की संभावनाओं पर भी गंभीर चिंता प्रकट की। सचिवों ने बताया कि उन पर मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त 29 से अधिक गैर विभागीय कार्यों का दबाव हैकृजैसे फैमिली आईडीए किसान पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड, परीक्षाओं में स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी, गौशाला प्रबंधनए पराली प्रबंधनए जलस्रोतों की गणना, आवारा पशु पकड़ने तकक् जिससे वे अपने वास्तविक पंचायत कार्य समय से पूरा नहीं कर पा रहे हैं। कई सचिव लगातार मानसिक दबाव में कार्य कर रहे हैं और दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ रहा है। संगठन ने सचिवों को वाहन भत्ता, मोबाइल भत्ता, सीयूजी सिम प्रदान करने उनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर स्नातक करनेए वेतन मैट्रिक्स संशोधन और सहायक विकास अधिकारी पदों पर समान वेतनमान लागू करने जैसी प्रमुख मांगें रखीं।अंत में सचिवों ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गयाए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री सचिव संवर्ग की वास्तविक कठिनाइयों को समझते हुए सकारात्मक निर्णय लेंगे।



## निन्दूरा में ग्राम सचिवों का धरना, समस्याओं के समाधान की उठी मांग

**निन्दूरा बाराबंकी।** सरकारी ग्रुपों से बाहर होकर काली पट्टी बांधकर ब्लॉक मुख्यालय पर धरने पर बैठे सचिव उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संगठन के आवाहन पर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिव ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना की कोई संसाधन उपलब्ध कराए अन्य विभागों के कार्य लिए जा रहे हैं। एवं ऑनलाइन उपस्थित प्राणी लागू किए जाने सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभावी निर्णय ले जाने संबंध में ब्लॉक मुख्यालय निन्दूरा पर ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजकिशोर कुशवाहा की अगवाई में सचिव धरने पर बैठ गए हैं ब्लॉक के सचिवों ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को दस बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रभावी निर्णय हेतु ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा सचिवों का कहना है कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 10 दिसंबर से अपने निजी वाहन से सरकारी कार्य नहीं करेंगे और 15 दिसंबर से सचिव अपने डोंगल खण्ड विकास अधिकारी को समर्पित कर देंगे। इस मौके पर रेनू पांडेएसुधाकर,विजय सिंह,अमित राना,राजेश कुमार निगम,सौरभ यादव,बजरंगी,अवनीश कुमार, राजेंद्र कुमार विकल,प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सिरौली गौसपुर में ग्राम पंचायत सचिवों ने किया प्रदर्शन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ऑनलाइन हाजिरी तथा कम वाहन भत्ता के विरोध में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से डीएम को भेजा। विकास खण्ड सिरौली गौसपुर के ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने विकास खण्ड मुख्यालय पर संगठन के निर्देश पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार करते हुए धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन विकास खण्ड अधिकारी के माध्यम से डीएम को भेजा। ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि पंचायत सचिवों की ऑनलाइन हाजिरी कलस्टर वार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लगाने तथा वाहन भत्ता कम होने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर पंचायत सचिव राजेश रावत कुलदीप वर्मा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा राजेश कुमार रवि कुमार तेजभान सिंह अरविंद कुमार आशीष कुमार यादव ज्योति चौहान वीरेंद्र कुमार तिवारी सुरेश चंद यादव देवेंद्र प्रताप वर्मा विवेक कुमार मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## हरख ब्लॉक : खंड विकास अधिकारी को 10 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा

**जैदपुर बाराबंकी** । हरख ब्लॉक परिसर में ग्राम सचिवों का धरना प्रदर्शन, खंड विकास अधिकारी को 10 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं उ०प्र० ग्राम विकास अधिकारी संघ ;एसोसिएशनद्ध के आवाहन पर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों ;ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारीद्ध से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये अन्य विभागों के कार्य लिये जानेए अव्यवहारिक आनलाइन उपस्थित प्रणाली लागू किये जाने सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभावी निर्णय लिए जाने के संदर्भ में आज शुक्रवार करीब 2 बजे उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी हरखअध्यक्ष बृजेश कुमार तथा उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोशिएशन शाखा हरख के अध्यक्ष नवीन राम तथा महामंत्री आकाश पटेल के द्वारा हरख के परिसर में धरना आहूत किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को 10 बिन्द्वओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रभावी निर्णय हेतु ज्ञापन पत्र खण्ड विकास अधिकारी हरखध्जिलाधिकारी को सौपा गया। तत्पश्चात संगठन के द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में शासकिय वाट्सअप ग्रुपों से बाहर भी हो गये है। दिनांक 10 दिसम्बर 2025 से सभी सचिव अपने निजी वाहनों से सरकारी कार्य नही करेंगे तथा दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को समस्त सचिव अपने डोंगल को विकास खण्ड पर समर्पित कर देंगे। उपयुक्त समस्यात्मक बिंदुओं पर अगर शासन.प्रशासन द्वारा समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास नही किया गया। तो प्रदेश के सम्पूर्ण सचिव भविष्य में सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार एवम् अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो सकते हैं। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नवीन राय ए बृजेश कुमारए के के सिंहए अमित कुमारए शैलजाए प्रद्युम्नए आकाश पटेल सहित अन्य सचिव मौजूद रहें।



# पुलिस लाइन में साइबर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती

भिनगा -बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को भिनगा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित लवकुश सभागार में साइबर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेयए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओंए आशा बहुओंए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गोरखपुर जोन के एडीजी अशोक मुथा जैन ने भी वर्चुअल माध्यम से सभी को साइबर फ्राड से बचने की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात विशेषज्ञ डॉण रक्षित टंडन ऑनलाइन माध्यम से जुड़े उन्होंने सभागार में उपस्थित लोगों को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर ठगी तेजी से बढ़ रही है ऐसे में हर नागरिक को सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने फर्जी लिंकए ओटीपी धोखाधड़ीए बैंकिंग फ्रॉडए सोशल मीडिया हैकिंगए पासवर्ड सुरक्षाए ऑनलाइन पेमेंट करते समय सावधानियां तथा साइबर अपराध के नए.नए तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने यू0पी0 कॉप ऐप और संचार साथी ऐप के उपयोग की भी जानकारी दी साथ ही और उन्होंने कहा कि ये ऐप साइबर अपराध की रोकथाम और शिकायत दर्ज कराने में अत्यंत उपयोगी हैं। आगे उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन पर अगर गाड़ी चालानए या अन्य किसी काम के लिए एपीके फाइल डाउनलोड करने का ह्वाट्सएप पर एसएमएस आता है तो उसे डाउनलोड न करें डाउलोड करने से आपके मोबाइल का डाटा और एकाउंट से रुपये गायब हो सकते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी मोबाइल और सोशल मीडिया से जुड़े हुए है उन्होने उपस्थित सभी लोगो से अपील की। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग करें लेकिन सतर्कता के साथ। एसपी ने उपस्थित छात्र.छात्राओं और कार्यकत्रियों से अपील की कि वे समाज में साइबर सुरक्षा का संदेश प्रसारित करें और दूसरों को भी सावधान करें।

# जिलास्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता शुरू

पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती



भिनगा . जूनियर हाईस्कूल भिनगा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 24वीं जनपद स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने ध्वजारोहण किया तथा गुब्बारे व कबूतर भी उड़ाये। कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों में भी कान्वेन्ट स्कूलों के तर्ज पर शिक्षा दी जा रही है जिससे बच्चो के शैक्षिक स्तर मे भी बहुत सुधार हुआ है सरकार द्वारा स्कूलों मे विशेष सुविधाए दी गयी है स्कूलो मे निःशुल्क पाठ्य पुस्तकेंए यूनीफार्म एवं मध्यान्ह भोजन भी दिए जा रहे है उन्होने कहा कि पढाई के साथ साथ खेल का भी बहुत बडा योगदान है इससे बच्चे स्वस्थ एवं निरोग रहते है। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया।

## तालाब में मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

**निंदूरा बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले बारात से लापता हुए सीतापुर जनपद निवासी एक वृद्ध का शव शुक्रवार को पंचायत भवन के निकट तालाब में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और संदिग्ध मौत के मामले की जांच में जुटी है। सीतापुर जनपद के थाना सकरन अंतर्गत तारपारा गांव निवासी आर्गन पुत्र विशोशर 60 वर्ष 30 नवंबर को अपने साले के लड़के की बारात में शामिल होकर घुंघ्रटेर आए थे। रात्रि में बारात पंचायत भवन में ठहरी थी। रात में आर्गन अचानक लापता हो गए तो परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं लग सका था। मृतक के भतीजे ने अजय घुंघटेर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार दोपहर पंचायत भवन के निकट स्थित तालाब में वृद्ध का शव पानी में उतराता मिला।

## दो दिनी नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**कानपुर देहात।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के द्वारा कैरियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कानपुर देहात में जिला विद्यालय निरीक्षक बृजभूषण चैधरी के निर्देशन पर राजकीय इंटर कॉलेज रनिया कानपुर देहात में जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के नोडल शिक्षकों के 02 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला समन्वयक सत्यनारायण कटियार, किरन वर्मा, प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व नोडल शिक्षकों ने उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# श्रीमद् भागवतकथा का हुआ शुभारंभ


पायनियर संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



कस्बा के कृषि मंडी समिति के संजय नगर में श्री मद भागवत कथा के प्रथम दिन भगवताचार्य राघव दास ने शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भागवतकथा सप्ताह का शुभारंभ कराया। जिसमें हवन पूजन के बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकली। कथावाचक ने भागवत कथा का महत्व का प्रसंग पर प्रवचन दिया। संजय नगर में शुक्रवार को श्रीमदभागवत कथा के प्रथम दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक डॉ0 राघवदास महाराज ने वैदिक मंत्रो उच्चारण के बाद कलश स्थापित कराए। इस दौरान मंडी के चकचालपुर रोड, दुर्गदासपुर रोड होते कलश यात्रा दुर्गदासपुर गांव पहुंची। वहां कई मंदिरों के दर्शन करने और जल भरने के बाद कथा मंडल पर कलश स्थापित कराये गए। बाद में कथावाचक ने श्रीमद भागवत कथा महत्व सुनाते हुए कहा कि भागवत कथा वेदों और शास्त्रों का सार है। जो परम सत्य का ज्ञान प्रदान करती है। पूरे मन से भगवतकथा का रसपान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रद्धाभाव से भागवत कथा सुनने से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्रेरणा मिलती है। कलश यात्रा में मुलायम सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, महेश कुमार, वीरेंद्र फौजी, संग्राम सिंह, शिवम् यादव, आकाश यादव, रवि यादव, ब्रजभान यादव आदि भक्तगण मौजूद रहे। बलवीर सिंह और मालती देवी ने परीक्षित की भूमिका निभाई।

# आज व कल नगरीय क्षेत्रों में लगेगा विशेष मतदाता कैंप

पायनियर संवाददातां कानपुर देहात



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार एवं अन्य नियुक्त मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुँचाते हुए पुनरीक्षण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराना था। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि 2025 की मतदाता सूची में सम्मिलित प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा इससे पूर्व तीन बैठकों में भी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रत्येक गतिविधि, प्रक्रिया तथा दिशा-निदेर्शों का विस्तृत विवरण प्रदान किया जा चुका है। बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में अब तक 90ः से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, किंतु 2003 की वोटर लिस्ट से मैपिंग का शेष कार्य बीएलओ स्तर पर अपेक्षित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों से अब तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं उनमें प्रथम दृष्टया संभावना है कि संबंधित मतदाता किसी अन्य स्थान पर पंजीकृत हैं, या बीएलए/बीएलओ द्वारा घर-घर वितरण के उपरांत भी मतदाता द्वारा गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने में रुचि नहीं ली गई है, अथवा मतदाता एएसडी(अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) श्रेणी में आ चुके हैं। एएसडी(अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) श्रेणी के मतदाताओं की सूची संबंधित बीएलओ द्वारा बीएलए को सतत उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह लोकतंत्र एवं राजनीतिक दलों के हित में है कि सभी दल 11 दिसंबर 2025 से पूर्व बीएलओ के माध्यम से एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) श्रेणी की सूची का भौतिक सत्यापन अवश्य पूर्ण कर लें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता निर्धारित तिथि तक अपना गणना प्रपत्र भरने से वंचित न रह जाए।

इस पर सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर में बीएलएद्दबीएलओ के मध्य ससमय संपर्क एवं सभी लंबित गणना प्रपत्रों के त्वरित संकलन हेतु सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलए तत्काल अपने-अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित कर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन कार्य गति से सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अब बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का अंतिम चरण में एकत्रीकरण प्रारम्भ किया जा रहा है। नौकरीपेशा तथा उद्यमी वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार एवं रविवार को नगरीय क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे तथा इन कैंपों के लिए पृथक से अधिकारियों की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने अपील की कि यदि किसी भी नौकरीपेशा या उद्यमी मतदाता ने अब तक अपना गणना प्रपत्र बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराया है, तो वह तत्काल गणना प्रपत्र भरकर हस्तांतरित कर दें, जिससे एसआईआरद्द2025 की प्रक्रिया पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित रूप से सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने एक बार पुनः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक मतदाता केवल एक ही गणना प्रपत्र भरेगा तथा एक से अधिक प्रपत्र भरना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

## हत्या के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**कानपुर देहात** । अभियुक्त करन सिंह निवासी ग्राम मनेथू थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात द्वारा वादी की दुकान से पाँच रुपये का पान मसाला लेना व दस रुपये देने पर वादी के पुत्र उम्र 10 वर्ष द्वारा रुपये छुट्टा न होने के कारण बाद में लेने की कहने पर वादी के पुत्र उम्र 10 वर्ष को गाली गलौज कर जूतो से मारने व लोहे के पटरे पर सर पटक देने से अन्दरुनी चोटे आने पर दौराने इलाज 30 नवंबर 2020 को मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था । जिसमें माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद कानपुर देहात द्वारा अभियुक्त करन सिंह पुत्र रज्जन सिंह उपरोक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### अपनी माटी अपने शहर के विकास के लिए आगे आएं उद्यमी : डीएम

**घाटमपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार देर शाम आयोजित सीएसआर समिति की बैठक में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद के उद्योग प्रतिष्ठानों और उद्यमियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी माटीए अपने शहर की भावना के साथ आगे आएँ और सीएसआर फंड को स्थानीय विकास से जोड़ें। उन्होंने कहा कि उद्योगों का सहयोग जनपद के लिए केवल वित्तीय समर्थन भर नहीं हैए बल्कि सामाजिक सरोकारों को मजबूत बनाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने.अपने विभागों में कराए जाने योग्य जनहित कार्यों की एक विस्तृत सूची तैयार करें। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसार वे कंपनियाँ सीएसआर पर व्यय करने के लिए बाध्य हैं जिनका नेटवर्थ 500 करोड़ रुपये या उससे अधिकए टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये या उससे अधिकए अथवा शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये से अधिक हो। इन कंपनियों को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम दो प्रतिशत सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कंपनियों से कहा कि जनपद की प्राथमिक जरूरतोंए विशेषकर स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करनेए सरकारी विद्यालयों के उन्नयनए कौशल विकास केंद्रों की स्थापनाए स्वच्छता बुनियादी ढाँचेए जल संरक्षण तथा हरित क्षेत्र विस्तार जैसे क्षेत्रों में सीएसआर फंड का उपयोग किए जाने की व्यापक संभावनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि सही दिशा में किया गया निवेश न केवल जनपद के विकास को गति देगाए बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की एक मिसाल भी बनेगा।

### कोटेदारों ने मुख्यमंत्री के नाम घाटमपुर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के कोटेदारो (सरकारी राशन विक्रेताओं) ने विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अविचल प्रताप को ज्ञापन सौफा। जिसमें अवगत कराते हुए कुछ बिंदुओं पर सन 2002 से 2014 तक का बकाया भाड़ा दिया जाए, व 6 सौ ग्राम खाली बोरी का वजन व दो सौ रूपए प्रति कुंतल कमीशन और तीस हजार रुपए प्रतिमाहे मानदेय दिया जाए, व जनवरी,फरवरी, और मार्च 2025 का ज्वार, मक्का और बाजरा का कमीशन दिया जाए। इस मौके पर सुभाष चंद्र द्विवेदी , मुन्ना लाल अवस्थी, सुधा देवी, अजीज अहमद, इंद्रपाल सिंह, सुशील कुमार, मनोज कुमार, राम प्रकाश, सत्य प्रकाश, रामचंद्र गुप्ता, शांति देवी, सहित तहसील क्षेत्र के कोटेदार मौजूद रहे।

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड़ में सम्मिलित होकर परेड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, समयबद्धता, शिक्षण विधि, फिजिकल ट्रेनिंग एवं व्यवहारिक ज्ञान को लेकर उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को अपेक्षित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। तत्पश्चात महोदया द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में स्वाटध्सर्विलांस व थाना जैदपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बाइपास तिराहे के पास से जैदपुर धर्म कांटा के सामने चोरी की योजना बनाते पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोरों अभियुक्त सुभाष चौहान पुत्र गंगाराम निवासी तिलपूरा मुजरा नहामऊ थाना मसौली बाराबंकीण भानु पुत्र रामशरण निवासी रसूलपुर गदिया कोतवाली बाराबंकी ण्रंजीत गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम तेज गुप्ता निवासी ग्राम पलटन पूर्व कैसरगंज बहराइच वर्तमान पता सेमरा थाना चिनहट लखनऊण रौनक वर्मा उर्फ सार्थक पुत्र अनुराग वर्मा निवासी ग्राम रसूलपुर गढ़िया थाना कोतवाली बाराबंकी ण्विशाल उर्फ छोटू पुत्र अमरेश कुमार वर्मा ग्राम पायनियर चौराहा लाखेड़ा कोतवाली बाराबंकी को गिरफ्तार कर चोरी की 9 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया ।अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के जेवरात नगदी मोबाइल घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल एक अदद तमंचा व अन्य उपकरण बरामद किए गए ।जैदपुर थाना पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त गणों का एक गैंग है । जो अपने अन्य साथी वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी पांडेय पुरवा थाना शिव रतनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी सहित आसपास के सभी जनपदों में चोरी करते थे।

### पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई,चार नामजद

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के चिलूला गांव के रहने वाले मनोज कुमार सिंह के बेटे अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की शाम वह अपने पिता मनोज कुमार सिंह को जैकेट देने पोखरा नहर के पुल पर आया था। वहां पहले से मौजूद रायपुर निवासी विपक्षी प्रदीप वर्मा सदाशिव वर्मा संतोष वर्मा सुरेंद्र वर्मा देखते ही भद्दी भद्दी गालियां देनी शुरू कर दी विरोध करने पर लात घूंसो से पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी।एस एच ओ अभिमन्यु मल्ल ने बताया केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ट्रेनिंग से लौटे फौजी का एयरपोर्ट पर स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र के मुहम्मदपुर गांव निवासी नागेंद्र यादव के पुत्र अजय कुमार यादव का चयन सेना मे अग्निवीर सिपाही के पद पर बीते अप्रैल माह मे हुआ था।जिनकी ट्रेनिंग हैदराबाद मे हो रही थी।शुक्रवार की सुबह ट्रेनिंग से लौटे फौजी का स्वागत गांव वासी जीत यादवए अनुज कुमार यादव ने लखनऊ एयरपोर्ट पर फूल माला पहनाकर किया।अजय की इस उपलब्धि से माता पिता सहित क्षेत्र वासियों मे खुशी की लहर है। पूर्व प्रधान अनिल कुमार सिंह दीपूए निशांत यादवए राज करन यादवए अमित यादव ने बधाई दी।

### ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा

**बाराबंकी।**बहराइच हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक भूसी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना मसौली थाना क्षेत्र के बिरौली मोड़ के पास हुई। ट्रक बहराइच से बाराबंकी की ओर जा रहा था और ओवरटेक के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए ट्रक के पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर जमा हो गए। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक पलटने से ठीक पहले कूदकर अपनी जान बचा ली। इससे एक बड़े हादसे की आशंका टल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। ट्रक सड़क किनारे पलटने के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से जल्द ही रास्ता साफ कर यातायात को सुचारु किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बिरौली मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग के कारण हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर चेतावनी बोर्ड लगानेए गति नियंत्रण व्यवस्था सुधारने और नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने पलटे हुए ट्रक को क्रेन की मदद से हटवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### तीन किशोरियां लापता, जांच में जुटी पुलिस

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बथुआ बीनने निकली तीन नाबालिक किशोरियों के अचानक गायब हो जाने से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। जानकारी होते ही सी ओए एच एस ओ भारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर सघन जांच पड़ताल शुरू की । पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर के पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम बिछलखा निवासी रमेश गांव के ही विपिन मौर्य के खेत को बटाई पर ले रखा था। बृहस्पतिवार को शाम करीब 4 बजे 16 वर्षीय संतोषी पुत्री रमेशए 13 वर्षीय क्रांति पुत्री राकेश तथा 12 वर्षीय काजल पुत्री शिवकुमार बटाई के खेत में बथुआ लेने के लिए गईए आसपास के लोगों ने उन्हें खेत में जाते देखा । लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पता नहीं चलने पर 112 नंबर डायल कर सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर लापता बालिकाओं की खोजबीन शुरू कर दी।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



रोहित-कोहली से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद,निर्णायक मैच में जायसवाल और गेंदबाजों पर होगी निगाह

# आज जो जीतेगा वही होगा सिकंदर





**विशाखापत्तनम।** भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा। इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था। लेकिन यशस्वी जायसवाल को अभी भी इस श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन करना बाकी है। यह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए उत्सुक होगा।

**30 बार बाएं हाथ के गेंदबाज के शिकार बन चुके यशस्वी**

जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझना पड़ रहा है फिर चाहे वह वेस्टइंडीज के जेडन सील्स हों या इस श्रृंखला में मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर। वह अपने करियर में 30 बार बाएं हाथ के गेंदबाजों का शिकार बने हैं। जायसवाल और टीम प्रबंधन इससे अनजान नहीं रह सकते और इसमें सुधार करने का काम शायद पहले ही शुरू हो चुका है। लेकिन अगर वह सुधार नहीं कर पाए तो टीम को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। टीम के पास गायकवाड़ के रूप में एक अदद सलामी बल्लेबाज मौजूद है। एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है।

भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा।भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

**दोनों टीमें**

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**मैच का प्रसारण दोपहर 1.30 बजे से**

## वाशिंगटन को गेंदबाज ऑलराउंडर मानेः अश्विन



**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को वाशिंगटन सुंदर की टीम में भूमिका को स्पष्ट करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो यह ऑलराउंडर इसी गफलत में रहेगा कि आखिर उसकी भूमिका क्या है। अश्विन ने कहा कि वाशिंगटन को गेंदबाज़ी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए और उन्हें पूरे ओवर दिए जाने चाहिए जिससे बल्लेबाजी में भी उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में केवल सात ओवर फेंके और अभी तक उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है।अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एक बार जब आपने वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में रखने का फैसला कर लिया, तो आपको उनकी भूमिका एक गेंदबाज के रूप में देखनी होगी जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। आपको उन्हें उनके कोटे के सारे ओवर करवाने होंगे। उन्होंने कहा,लगातार गेंदबाजी करने पर ही वाशिंगटन मानसिकता एक ऐसे गेंदबाज की होगी जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। अगर वह सिर्फ बल्लेबाजी और कुछ ओवर गेंदबाजी करेगा तो वह यही सोचता रहेगा कि आखिर टीम में उसकी भूमिका क्या है। उसे इस स्थिति में नहीं छोड़ना चाहिए और टीम को उसकी उचित भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए।भारत दूसरे वनडे में 358 रन का बचाव करने में नाकाम रहा और दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट से जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला बराबर कर ली। अश्विन ने कहा,भारत ने पहले दोनों वनडे में भी बल्लेबाजी से अच्छा फिनिश नहीं किया। हमारे पास हार्दिक पंड्या जैसा फिनिशर नहीं है, तो नीतीश कुमार रेड्डी जैसा बल्लेबाज़ क्यों नहीं खेला। उन्होंने वाशिंगटन की जगह नीतीश को अंतिम एकादश में शामिल करने का सुझाव दिया।उन्होंने कहा, मुझे लगता नहीं है कि वे ऋषभ पंत को फिनिशर के तौर पर देख रहे हैं या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेलावन और अनाहत बने चैंपियन

**चेन्नई ।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को यहां स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता।महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अहलावत ने जीता जयपुर ओपन

**जयपुर।** वीर अहलावत ने शुक्रवार को यहां जयपुर ओपन के चौथे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर इस टूर्नामेंट के अपने न्यूनतम स्कोर की बराबरी करते हुए खिताब अपने नाम किया। अहलावत तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से पांच शॉट पीछे चौथे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन कर पासा पलट दिया। गुरुग्राम के इस गोल्फर ने दूसरे दौर में भी 62 का कार्ड खेला था। अहलावत (67-62-70-62) ने कोर्स रिकॉर्ड 19 अंडर 261 के स्कोर के साथ अपना पांचवां खिताब जीता।

### सेंट जोसेफ सीतापुर रोड़ बना चैंपियन

**लखनऊ,पायनियर।** प्रगतिशील भारत फाउंडेशन द्वारा आयोजित लक्ष्मणपुरी क्रीड़ोत्सव (लखनऊ स्कूल गेम्स) के चौथे दिन सेंट जोसेफ सीतापुर रोड शाखा ने दबदबे वाला प्रदर्शन करते हुए अंडर-14, 17 और 19 के बालक व बालिका वर्ग में चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। कबड्डी के अंडर-19 वर्ग में सेंट जोसेफ ने लखनऊ पब्लिक कॉलेज राजाजीपुरम को हराया, जबकि अंडर-17 में एलपीएस गोमती नगर चैंपियन बना। बास्केटबॉल के अधिकतर मुकाबलों में सेंट जोसेफ ने एकतरफा जीत दर्ज की। वॉलीबॉल में अंडर-19 बालिका वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर ने बाजी मारी, जबकि बालक वर्ग का खिताब आरपीएस पब्लिक स्कूल ने जीता। एथलेटिक्स में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जेवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप और शॉटपुट में कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

### हैंडबॉल चैंपियनशिप आज से

**लखनऊ,पायनियर।** नवाबों के शहर लखनऊ में शनिवार से शुरू होने वाली 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 6 से 10 दिसंबर तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में होगी। चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की पुरुष और महिला टीमों का चयन शुक्रवार को किया गया। टीमों को किट प्रदान करते हुए उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय भी मौजूद रहे। टीमों की घोषणा कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने की। महिला टीम में उषा, सुमन यादव, समृद्धि सिंह, रेशमा, नैना यादव, शताक्षी, प्रीति यादव (वाराणसी), शिवानी, सौम्या (लखनऊ) सहित कुल 18 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पुरुष टीम में ज्ञान गौरव प्रकाश, यशवंत (गोरखपुर), शैलेश गौड़, अनुभव (प्रयागराज), निशांत (मेरठ), विक्रांत, प्रदीप कुमार, शाहरुख (यूपी पुलिस) समेत 18 खिलाड़ियों को जगह मिली है। पहले दिन कुल 12 मैच खेले जाएंगे। पुरुष व महिला दोनों वर्गों की टीमें लीग कम नॉकआउट आधार पर मुकाबले खेलेंगी। मैचों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाएगा पुरुष वर्ग में पूल ए में यूपी के साथ गुजरात, दिल्ली, बिहार व सीआरपीएफ हैं, जबकि पूल बी में जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, बीएसएफ व सीआईएसएफ की टीमें शामिल हैं। महिला वर्ग में पूल ए में राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व बीएसएफ और पूल बी में यूपी, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु व बिहार को रखा गया है।

## फॉरेंसिस क्लब, चौहान व पार्थ अकादमी जीते

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

**सी डिवीजन क्रिकेट लीग**

21वीं बाबू बनारसी दास सी डिवीजन क्रिकेट लीग मुकाबलों में शुक्रवार को फारेंसिस क्लब, चौहान स्पोटिंग और पार्थ क्रिकेट अकादमी सहित अन्य टीमों ने अलग-अलग मैदानों पर अपने-अपने मुकाबले जीत लिये। डॉ अखिलेश दास स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ क्रिकेट अकादमी की टीम 38 ओवर में 145 रन पर सिमट गयी। सैयद लबीब रजा नकवी ने सर्वाधिक 45 रन की सर्वश्रेष्ठ्द पारी खेली। अभिनव कुशवाहा ने 27 रन औररजनीश यादव ने 21 रन की पारी खेली। फॉरेंसिस की ओर से विकास प्रधान ने 11 रन पर चार विकेट और हिमांशु पाल ने दो विकेट चटकाये। जवाबी पारी में फारेंसिस क्लब ने 20.3 ओवर में मात्र एक विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाकर नौ विकेट से शानदार जीत हासिल कर ली। इनकी ओर से सलामी बल्लेबाज मैन ऑफद मैच दिव्यांश जोशी ने 75 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली। अंश रावत ने 31 रन का योगदान किया। लखनऊ क्रिकेट अकादमी की ओर से बृजेश को मात्र एक विकेट मिला।

**सत्यम के शतक से चौहान स्पोर्टिंग की जीत**

केएसीएफ ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चौहान स्पोटिंग ने सीमित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 292 रन बनाये। मैन ऑफद मैच सत्यम विश्वकर्मा ने 10 चौके और दो छक्के लगाकर 108 रन की शतकीय पारी के अलावा तीन विकेट चटकाये।जवाबी पारी में इरम क्रिकेट क्लब की टीम 24.4 ओवर में 176 रन पर सिमट गयी। इनकी ओर से आर्यवीर वर्मा ने 67 रन बनाये।

**एहसान के छह विकेट से जीता पार्थ**

पार्थ ग्रांउड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पार्थ अकादमी ने सीमित 40 ओवर में छह विकेट पर 223 रन बनाये। शाश्वत चौधरी ने 60 रन का अर्धशतक लगाया। इल्हम शमशाद को तीन विकेट मिले। जवाब में लक्ष्मण क्लब 32.5 ओवर में 138 रन पर सिमट गयी। अर्जुन रायजादा ने सर्वश्रेष्ठ्द 47 रन बनाये। एहसन जौहरी और शाश्वत दुबे को तीन-तीन विकेट के अलावा विपिन को दो विकेट मिले। अन्य मैचों में इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, शैला देवी, एसआरके, टॉस, एनईआर, अन्नपूर्णा, दक्रिएटर्स भी जीते।

## इंग्लैंड ने पांच कैच छोड़े, ऑस्ट्रेलिया को 44 रन की बढ़त

**एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट**

**एजेंसी। ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)**



61 रन बनाए कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों को मिली अच्छी शुरुआत से शुक्रवार को यहां एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक इंग्लैंड के खिलाफ छह विकेट पर 378 रन बनाकर पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड को खराब गेंदबाजी और कम से कम पांच कैच छूटने से काफी नुकसान हुआ जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फायदा उठाने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी की तेज शुरुआत कराते हुए 72 गेंद में 78 रन बनाए जबकि मार्नस लाबुशेन (65) ने लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाए। गाबा की पिच में कुछ असमान उछाल के बावजूद दिन में बल्लेबाजों का दबदबा रहा।

एलेक्स कैरी का दो बार कैच छूटा। एक बार जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था और फिर 25 रन पर उनका कैच छूटा जिससे वह स्टंप तक 45 गेंद में 46 रन बनाकर खेल रहे हैं। माइकल नेसर को भी एक जीवनदान मिला जिससे वह सातवें विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी में 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पर्थ में श्रृंखला का पहला मैच दूसरे ही दिन खत्म हो गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की थी। लेकिन ब्रिस्बेन में यह दिन-रात्रि टेस्ट लंबा चलता दिख रहा है। इंग्लैंड ने दूसरे दिन सुबह नौ विकेट पर 325 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन 11वें नंबर के खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर (38 रन) के आउट होने से पहले स्कोर में 14 गेंद में नौ रन और जोड़े। टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग के बल्लेबाज रूट ने 135 रन से खेलना शुरू किया लेकिन जब आखिरी विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी खत्म हुई तो वह 138 रन बनाकर नाबाद रहे जो ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला एशेज शतक है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे ट्रैविस हेड ने नौवें ओवर में विकेटकीपर जेमी स्मिथ द्वारा आर्चर की गेंद पर तीन रन पर कैच छूटने के बाद 30 रन और जोड़े। लेकिन ब्रायडन कार्स की गेंद पर जल्दबाजी में शॉट खेलने के कारण हेड (33 रन) गस एटकिंसन के हाथों लपके गए जिससे पहले विकेट के लिए 77 रन की भागीदारी समाप्त हुई। वेदरल्ड ने आसानी से रन जुटाते हुए 45 गेंद में 50 रन बना दिए और 72 रन पर आर्चर की फुल लेंथ गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।वेदरल्ड अंपायर की तरफ बिना देखे पवेलियन लौट गए जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 146 रन हो गया। स्मिथ के क्रीज पर आने पर 'बार्मी आर्मी' ने उनकी हूटिंग की। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए लाबुशेन के साथ 50 रन की साझेदारी कर ली थी और दोनों बिना किसी परेशानी के खेल रहे थे। स्टोक्स ने लाबुशेन का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दी। ऑस्ट्रेलिया ने आराम से खेलते हुए तीन विकेट पर 291 रन बना लिए थे।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ओवरऑल चैम्पियनशिप बरकरार रखी, श्रीहरि सबसे सफल एथलीट

**जयपुर।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) में अपना ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब बरकरार रखते हुए 67 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया जिसमें 42 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य शामिल थे। ओलंपियन और भारत के शीर्ष तैराक श्रीहरि नटराज केआईयूजी 2025 के सबसे सफल एथलीट रहे। उन्होंने नौ स्वर्ण और दो रजत पदक जीते जिसकी बदौलत बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी ने कुल 27 स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक हासिल किए।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कैनोइंग और कयाकिंग में कुल 30 में से 23 स्वर्ण जीतकर दबदबा बनाया जिसे पहली बार केआईयूजी में शामिल किया गया था। इसके अलावा उसने तैराकी में छह,



एथलेटिक्स में पांच, कुश्ती में दो और भारोत्तोलन, निशानेबाजी, साइकिलिंग, तीरंदाजी, टेबल टेनिस और कबड्डी में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) 78 पदकों के साथ उपविजेता बनी, उसने चैंपियन से 11 अधिक पदक हासिल किए लेकिन स्वर्ण पदकों की संख्या कम रहने के कारण कुल तालिका में दूसरे स्थान पर रही। एलपीयू ने 32 स्वर्ण, 25 रजत और 22 कांस्य जीते।गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जीएनडीयू) ने भी 32 स्वर्ण पदक जीते लेकिन उनके 22 रजत और 18 कांस्य पदकों की संख्या उन्हें तीसरे स्थान पर ले गई।केआईयूजी का पांचवां सत्र राजस्थान के सात शहरों में आयोजित किया गया जिसमें 222 विश्वविद्यालयों के 4448 खिलाड़ियों ने 23 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। यह खेल भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और राजस्थान राज्य खेल परिषद के सहयोग से आयोजित किए गए और मेजबानी पूर्णिमा विश्वविद्यालय द्वारा की गई।केआईयूजी के इस चरण में एथलेटिक्स में 12 नए मीट रिकॉर्ड बने जिनमें दो अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रिकॉर्ड भी शामिल हैं।

## टेस्ट :न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 532 रन का लक्ष्य

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित करके वेस्टइंडीज के सामने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को यहां 531 रन का लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज ने चौथे दिन लंच तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 20 रन बनाए थे और इस तरह वह अभी न्यूजीलैंड से 510 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूज़ीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा और आखिर में तब आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। न्यूज़ीलैंड चौथे दिन के शुरू में 481 रन से आगे था। उसने सुबह 14 ओवर खेले और इस दौरान चार विकेट गंवाए। विल यंग ने 23 रन, माइकल ब्रेसवेल ने 24 रन, मैट हेनरी ने आठ रन, जैकब डफी ने 10 रन और जैक फाउलकेस ने नाबाद 11 रन बनाए। केमार रोच ने ब्रेसवेल, हेनरी और डफी को आउट करके 78 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। वह 37 साल की उम्र में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज़ हैं और अब उनके नाम पर कुल 291 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

**❖ केमार रोच ने 12वीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए**

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

फ्रांस को शूटआउट में हराकर जर्मनी व स्पेन ने भी न्यूजीलैंड को 4-3 से हराकर अंतिम चार में

# बेल्जियम को 4-3 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**एजेंसी। चेन्नई**



एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान गेंद के लिए प्रतिस्पर्धा करते भारत (नीला) और बेल्जियम के खिलाड़ी।

निर्धारित समय में आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद भारतीय टीम ने बेल्जियम को शुक्रवार को यहां शूटआउट में गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के शानदार प्रदर्शन के दम पर 4-3 से हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत का सामना अब सात दिसंबर को जर्मनी से होगा जबकि स्पेन की भिड़ंत अर्जेंटीना से होगी।

निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। भारतीय टीम को आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले कोताही बरतने का खामियाजा भुगतना पड़ा और रोजे नाथन के गोल की मदद से बेल्जियम ने मैच को शूटआउट तक खींच दिया । शूटआउट में भारत के लिये शारदानंद तिवारी ने तीन (पेनल्टी स्ट्रोक पर) और अंकित पाल ने एक गोल किया जबकि बेल्जहयम के लिये हुजो लाबुशेरे, जी हाआक्स और चार्ल्स एल ने गोल दागे। इससे पहले मैच में 45वें मिनट तक बेल्जियम ने अपनी सटीक पासिंग और गेंद पर नियंत्रण से भारत को दबाव में रखा लेकिन तीसरे क्वार्टर में कप्तान रोहित ने आखिरी मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर जैसे ही बराबरी का गोल दागा , मैच की तस्वीर बदल गई । खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में मानो उत्साह का संचार हो गया । इससे दो मिनट पहले मिले पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित का प्रयास नाकाम रहने से मिली निराशा भी दूर हुई । बेल्जियम को आखिरी मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस ने इस बार कोई चूक नहीं की। भारत को जवाबी हमले में 48वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और शारदानंद तिवारी ने जैसे ही भारत को बढत दिलाई , पूरा स्टेडियम 'इंडिया इंडिया' के शोर से गूंज उठा ।

### अविला के आखिरी सेकंड में गोल से स्पेन की रोमांचक जीत



इससे पहले बेहद रोमांचक मुकाबले में आखिरी सेकंडों में पेनल्टी कॉर्नर पर ब्रूनो अविला के गोल के दम पर स्पेन ने न्यूजीलैंड को 4-3 से हराया जबकि दूसरी ओर, सात बार की चैम्पियन जर्मनी ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जबकि स्पेन ने भी न्यूजीलैंड को हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। दो साल पहले खेले गए फाइनल की यादें ताजा करते हुए जर्मनी ने एक बार फिर जोश से भरी फ्रांस टीम पर अपना दबदबा कायम रखा। स्पेन ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल करके मैच का रूख एकतरफा करने की कोशिश की लेकिन न्यूजीलैंड ने अगले तीन क्वार्टर में एक एक गोल करके वापसी की और लग रहा था कि मैच शूटआउट तक जायेगा लेकिन स्पेन को आखिरी पलों में निर्णायक पेनल्टी कॉर्नर मिला।

# आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस के ट्रेंडी डिजाइंस

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी को स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक सुंदर नजर आता है। आप भी अगर हैवी की जगह कुछ अलग तरह की ज्वेलरी को स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं, तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल डिजाइन वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसके डिजाइन ऑप्शन आपको कई सारे मिल जाएंगे। जिसे आप ट्राई कर सकती हैं।





● **रेड एंड व्हाइट पर्ल डिजाइन चोकर नेकलेस सेट:** सुंदर दिखने के लिए आप तस्वीर में नजर आने वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही इससे लुक रॉयल काफी क्लासी नजर आता है। इस तरह के चोकर नेकलेस से आपको अलग-अलग डिजाइन में मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। जिसे आप साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।



● **हैवी वर्क वाला चोकर नेकलेस सेट:** आप लुक को रॉयल टच देने के लिए हैवी वर्क वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको भगवान की आकृति वाले डिजाइन मिल जाएंगे। इयररिंग्स भी आपको इस तरह के डिजाइन वाले मिलेंगे। इससे नेकलेस सेट काफी अच्छा नजर आएगा। मार्केट से आप इसे आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदकर साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

● **बीड्स डिजाइन वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी में खूबसूरत दिखने के लिए आप बीड्स डिजाइन वाले आर्टिफिशियल डिजाइन वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको जाली वर्क और गोल्डन पर्ल मिलेगा। इससे नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। मार्केट से आप इसे 300 से 500 रुपये में लाकर स्टाइल कर सकती हैं।

● **मल्टी कलर वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी के साथ वियर करने के लिए आप तस्वीर में नजर आने वाले आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको हर एक स्टोन में अलग-अलग कलर मिलेगा। साथ में गोल्डन टच मिलेगा। इससे नेकलेस काफी अच्छा लगेगा। इसे आप जरूर ट्राई कर सकती हैं।

● **मोर डिजाइन वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी में रॉयल लुक क्रिएट करने के लिए मोर डिजाइन वाले आर्टफिशियल चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल करसकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आसानी से आपको मार्केट में भी मिल जाएंगे। इसलिए आप इसे ट्राई करके लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

# राशा थडानी का वाइब्रेंट शरारा लुक देसी आउटफिट में ग्लैमर का तड़का

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी और उभरती फैशन स्टार राशा थडानी इन दिनों अपने ट्रेडिशनल और मॉडर्न फ्यूजन लुक्स को लेकर लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई उनकी एथनिक तस्वीरों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्लासिक इंडियन वियर को कैसे रिफाइंड, ग्लैमरस और कैमरा-रेडी बनाया जा सकता है। नेचर-फ्रेंडली बैकड्रॉप के बीच राशा का यह शरारा लुक ना सिर्फ एलिगेंस दिखाता है, बल्कि उनके स्टाइल सेंस की परिपक्वता को भी उजागर करता है। हॉट पिंक शरारा, ग्रीन दुपट्टा, मिनिमल मेकअप और सहज हेयरस्टाइल के साथ उनका पूरा अवतार ऐसा प्रतीत होता है जैसे पारंपरिक सौंदर्य को आधुनिक अंदाज में दोबारा परिभाषित किया गया हो।



### शरारा सेट का कलर पैलेट

उन्होंने हॉट पिंक शरारा सेट चुना है जो ब्राइटनेस और रॉयल्टी का परफेक्ट मेल बनाता है। पिंक कलर उनकी स्किनटोन पर बेहद खिल रहा है और आउटफिट में एक युवापन का टच जोड़ता है।

### आउटफिट डिटेल्स

टॉप एक स्लीवलेस लॉन्ग कुर्ता स्टाइल में है जो सिंपल होते हुए भी सिल्हूट को एलिगेंट लुक देता है। शरारा पैंट पर गोल्डन लीफ पैटर्न की एम्ब्रॉयडरी आउटफिट को फेस्टिव और रिच फील देती है।



### दुपट्टा स्टाइलिंग

ग्रीन बंधेज पैटर्न वाले दुपट्टे पर गोल्ड जरी बॉर्डर पूरे लुक को खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट कर रहा है। पिंक और ग्रीन का कॉम्बिनेशन एक क्लासिक ट्रेडिशनल कलर पैलेट बनाता है जो कैमरे में बेहद आकर्षक लगता है।

### ज्वेलरी - मेकअप

राशा ने ज्वेलरी मिनिमल रखी- स्लिम बैंगल्स और एक स्टेटमेंट रिंग। उनका मेकअप भी सॉफ्ट ग्लैम में है- न्यूड टोन बेस, हल्का आई मेकअप, रोजी लिप्स और उनके माथे की छोटी लाल बिंदी लुक में इंडियन एथनिक ग्रेस जोड़ती है।

### हेयरस्टाइल

हेयर को नेचुरल सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया है। फ्रंट सेक्शन में हल्की ट्विस्टेड ब्रेडिंग एक फ्रेश, यंग और एथनिक टच देती है।

### लुक वाइब

प्रकृति के बीच खड़े होकर, पत्थरों की सीढ़ियां और मंदिर का बैकड्रॉप- इन सभी तत्वों ने राशा के इस पारंपरिक लुक को और अधिक दिव्य और फोटोफ्रेंडली बना दिया। यह लुक फेस्टिव, वेडिंग फंक्शन, पूजा या डे-टाइम ट्रेडिशनल फोटोशूट के लिए एक परफेक्ट इंस्पिरेशन है।

# ग्लिसरीन से ऐसे बनाएं होममेड क्लींजर

सर्दियों में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इस मौसम में अधिकतर महिलाएं फटी एड़ी की वजह से काफी परेशान रहती हैं। अगर आपकी भी सर्दियों में एड़ी या पैर की स्किन रूखी, बेजान और फट जाती हैं, तो अब इसे ठीक करने के लिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं और ना ही बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से एक ऐसे खास क्लींजर के बारे में बताएंगे, जिसे आप घर पर तैयार कर सकती हैं साथ ही इसका इस्तेमाल कर सर्दियों में स्वस्थ स्किन पा सकती हैं।

**क्लींजर बनाने के लिए सामग्री:** ग्लिसरीन, गुलाब जल, विटामिन ई कैप्सूल, लैवेंडर ऑइल।

**चेहरे के लिए घर पर बनाएं क्लींजर:** नोएडा की रहने वाली ब्यूटी एक्सपर्ट सोनिया, जिन्होनें लक्मे एकेडमी से कोर्स किया है और उन्हें इस फील्ड में 15 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने बताया कि अगर आप भी सर्दियों में अपनी फटी एड़ी को मुलायम, सॉफ्ट और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से घर पर रहकर एक खास होममेड क्लींजर तैयार कर सकती हैं। इस क्लींजर को आप रोजाना भी इस्तेमाल कर स्किन को क्लियर और सॉफ्ट बना सकती हैं। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है।

**क्लींजर बनाने का तरीका:** घर पर रहकर आप आसानी से क्लींजर तैयार कर सकती हैं। ग्लिसरीन से क्लींजर बनाने के लिए आप एक बर्तन में ग्लिसरीन लें। अब इसमें बराबर मात्रा में गुलाब जल मिला दें।

दोनों को मिक्स करने के बाद आप इसमें विटामिन ई कैप्सूल और लैवेंडर ऑइल को मिक्स कर दें। अब आप इस मिश्रण को किसी एयर टाइट डिब्बे में भर कर रख दें। आप इस क्लीन्जर को रोजाना रात में सोने से पहले इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे चेहरे पर लगाने के लिए आप रुई, कॉटन बॉल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

यह क्लींजर सर्दियों में आपकी स्किन को हाइड्रेट और मुलायम रखने में मदद करेगा। आप इस क्लीन्जर को रात भर लगाकर भी रख सकती हैं।



# आसान टिप्स से बनाएं पलकों को घना और खूबसूरत

चेहरे की खूबसूरती में आंखें अपना अहम रोल रखती हैं। बड़ी आंखें, आईब्रो और पलकें किसे पसंद नहीं होती। ज्यादातर लड़कियों की ख्वाहिश होती है कि उनकी आंखें खूबसूरत और अट्रैक्टिव हो लेकिन पलकों की कम ग्रोथ और फिकी आईब्रो इसमें बाधा डालने का काम करती है। पलकों और डार्क आईब्रो से ही आंखें ज्यादा खूबसूरत लगती है।

**लगाएं ऑलिव ऑयल:** रात को सोने से पहले उंगलियों की मदद से पलकों ऑलिव या कैस्टर ऑयल अप्लाई करें। वैसे तो रातभर रखें लेकिन अनकम्फर्टेबल लग रहा हो तो कुछ घंटे रखने के बाद फेस वॉश कर लें। जल्द असर के लिए कुछ हफ्तों तक इसे रोजाना इस्तेमाल करें।

**दूध है फायदेमंद:** कॉटन को दूध में भिगोकर आईब्रोज की मसाज करें। 15 मिनट रखने के बाद पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए रोजाना लगाएं। दूध में मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स और न्यूट्रिएंस बालों को बढ़ाने के लिए बहुत ही कारगर होते हैं।

**ट्राय करें मेथी दाना:** मेथी दाने को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह अच्छे से पीसकर इसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को आईब्रोज पर लगाएं और 30-45 मिनट रखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। जल्द असर के लिए इसे हफ्ते में दो से तीन बार इस्तेमाल करें।

**बेस्ट है करी पत्ता:** करी पत्ते को सूखाकर इसे क्रश कर लें और कुछ देर के लिए गर्म पानी में डालकर छोड़ दें। अब पानी छानकर अलग कर लें। बचे हुए मिश्रण को रातभर आईब्रोज पर लगाकर रखें।

**काम के हैं नींबू के छिलके:** नींबू के छिलके को एक हफ्ते के लिए ऑलिव या कैस्टर ऑयल में रखें और फिर इसे पलकों पर अप्लाई करें।

**यूज करें पेट्रोलियम जेली:** नए मस्कारा वैंड के लिए पलकों पर पेट्रोलियम जैली अप्लाई करें और इसे रात भर लगा रहने दें।

**ट्रिमिंग:** आईलैशेज को ट्रिम करने से भी उनकी ग्रोथ बढ़ती है।

# ब्लाउज के बाजू पर बनवायें डिजाइन्स, दिखेंगी गॉर्जियस

**वेडिंग सीजन में हर ब्राइड या गेस्ट चाहती है कि उसका लुक सबसे अलग और स्टाइलिश लगे। ब्लाउज के डिजाइन सिर्फ कपड़े की सजावट नहीं, बल्कि आपके पूरे आउटफिट की शोभा बढ़ाते हैं। अगर आप ब्लाउज के बाजू पर खास तरीके से डिजाइन्स बनवाएं, तो यह लुक को ग्लैमरस और आकर्षक बना देता है।**

चाहे वी-शेप कट हो, बोटनेकलाइन या पारंपरिक एम्ब्रॉइडरी, सही डिजाइन आपके सिल्हूट को सुंदर तरीके से हाइलाइट करता है। इस सीजन में अपने दर्जी को ये फोटोज दिखाएं और अपने आउटफिट को बिल्कुल परफेक्ट बनवाएं, ताकि हर नजरें आप पर ही टिक जाएँ।

शादी में सिल्क या साउथ इंडियन साड़ियां हमेशा ट्रेंड में रहती हैं। अगर आप इन्हें और भी स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो इन्हें खास डिजाइन वाले ब्लाउज के साथ पेयर कर सकती हैं। सही कट और डिटेल वाला ब्लाउज आपके आउटफिट को मॉर्डन और एलिगेंट दोनों बना देगा। ऐसे ब्लाउज न केवल साड़ी को बेहतर ढंग से हाइलाइट करेंगे, बल्कि आपके लुक को गॉर्जियस और आकर्षक भी बनाएंगे। अगर आप बनारसी साड़ी के साथ स्टाइलिश ब्लाउज पहनना चाहती हैं, तो इस तरह की डिजाइन ट्राई करें। डायमंड कट और गोल्डन मटियांस लगी ये ब्लाउज बेहद शाही और ग्लैमरस लगेगी। अगर आप दो कलर के कपड़े से ब्लाउज बनवाना चाहती हैं तो बाजू पर कॉन्ट्रास्ट फ्रील और डिटेलिंग वाला डिजाइन चुनें। यह डिजाइन बहुत ही एलिगेंट और मॉडर्न लगेगा। बाजू की कटिंग और स्टिचिंग पर थोड़ी मेहनत करें तो ब्लाउज की खूबसूरती और बढ़ जाएगी।







# घर पर स्क्रब करने का सही तरीका

**फेस स्क्रब और बॉडी स्क्रब के अपने फायदे हैं। ये हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मददगार हैं। बदलते मौसम में यह दिक्कत नहीं ज्यादा होती है। खासतौर पर सर्दियों में ड्राइनेस के कारण स्किन जल्दी रूखी और बेजान नजर आने लगती है। इससे आपके चेहरे की रंगत फीकी पड़ जाती है। इस तरह की समस्या से बचने के लिए आप विंटर सीजन में हर दूसरे दिन घर पर ही स्क्रब करें। यहां जानें स्क्रब करने का आसान और सही तरीका...**

स्क्रबिंग द्वारा डेड सेल्स को हटाने से अंदर की हेल्दी स्किन बाहर आती है। साथ ही इस स्किन की सफाई हो जाने से यह खुलकर सांस ले पाती है, जिससे हमारी त्वचा अधिक ग्लोइंग लगती है।

स्क्रबिंग एक ऐसी प्रकिया है, जो त्वचा को स्वस्थ और सुंदर बनती है। इस प्रक्रिया में त्वचा की बाहरी सतह पर जमा डेड सेल्स हटाने का काम किया जाता है। यह प्रॉसेस पार्लर में मौजूद मशीनों से या घर पर भी आसानी से की जा सकती है।



## स्क्रब करने का सही तरीका

● नियमित रूप से स्किन को स्क्रब करने पर हमारी त्वचा के दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। स्क्रब का यूज करते समय पहले चेहरे को फेशवॉश से साफ करें और कॉटन के कपड़े से पौंछ लें।

● गुलाबजल में कॉटन भिगोकर चेहरे पल लगाएं और फिर उंगलियों पर स्क्रब लेकर सर्कुलर मोशन में घुमाएं। फॉरहेड और नेक को भी स्क्रब करें।

● 5 से 6 मिनट तक पूरे चेहरे, गर्दन और गले पर स्क्रब करने के बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोकर साफ करें और कॉटन के कपड़े से पौछ लें। अब अपनी पसंद का क्रीम लगाकर हल्की मसाज करें।

● जिन लोगों की स्किन ऑइली है या जिन्हें पिंपल्स की समस्या अक्सर हो जाती है, उनके लिए भी यह प्रक्रिया प्रभावकारी है। क्योंकि इससे त्वचा का अतिरिक्त तेल साफ हो जाता है। लेकिन जिस समय पिंपल्स चेहरे पर हों, उस समय इसे नहीं करना चाहिए।

● स्किन को स्क्रब करने पर त्वचा नरम व मुलायम भी रहती है। रफनेस कम होती है और सुंदरता बढ़ती है।

● ना केवल ऑइली स्किन वालों को बल्कि ड्राई स्किन वालों को भी इससे लाभ होता है। सफाई के बाद स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाने से यह त्वचा में अंदर तक समा जाता है और लंबे समय तक स्किन को सॉफ्ट बनाए रखता है।

● स्क्रबिंग से त्वचा पर उम्र का असल जल्दी नहीं झलकता है। चेहरे की फाइनलाइन्स और उम्र के साथ खोनेवाली चमक पर यह कंट्रोल करता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। **प्रधान सम्पादक: डॉ. देवेन्द्र सिंह।**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।